शनिवार, 23 अगस्त 2025

**मौसम**

तापमान 25 – 31
आर्द्रता 78%
सूर्योदय: 5:16 सूर्यास्त: 18:03

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, भाद्रपद कृष्णपक्ष अमावस्या, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



देश में 40 फीसदी मुख्यमंत्रियों पर आपराधिक मामले दर्ज : एडीआर

पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : दूसरों की खुशी देखकर आनंदित होना भी स्वस्थ मन की पहचान है।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# बंगाल में टीएमसी जाएगी, भाजपा आएगी : मोदी

## भ्रष्टाचार विरोधी विधेयक का विरोध करने को लेकर पीएम ने विपक्ष पर बोला जोरदार हमला

### कुछ लोग इतना नीचे गिर गए हैं कि जेल से भी सरकार चलाने की कोशिश कर रहे : पीएम

### टीएमसी को बताया विकास का दुश्मन, कहा- घुसपैठियों को देश छोड़ना ही होगा



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा में पेश भ्रष्टाचार विरोधी विधेयक का विरोध करने को लेकर शुक्रवार को टीएमसी सहित अन्य विपक्षी दलों पर जोरदार प्रहार करते हुए कहा कि आजकल ये लोग इतना नीचे गिर गए हैं कि जेल से भी सरकार चलाने की कोशिश कर रहे हैं। कोलकाता से सटे दमदम में भाजपा की परिवर्तन संकल्प रैली को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि टीएमसी विकास की दुश्मन है। अपराध व भ्रष्टाचार टीएमसी सरकार की पहचान बन गई है। बंगाल को नई रोशनी व सच्चे परिवर्तन की जरूरत है। जब तक बंगाल में टीएमसी की सरकार रहेगी, विकास बाधित रहेगा। परिवर्तन की हुंकार भरते हुए पीएम ने बांग्ला में कहा कि राज्य में अगले साल चुनाव के बाद टीएमसी जाएगी, भाजपा आएगी। उन्होंने नारा दिया कि यहां बांचते चाही तो भाजपा चाही। रैली से पहले पीएम ने कोलकाता में तीन महत्वपूर्ण मेट्रो मार्गों का शुभारंभ समेत 5,200 करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। भ्रष्टाचार पर ममता सरकार को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि बंगाल ने ये देखा है कि शिक्षक भर्ती घोटाले में टीएमसी का एक मंत्री अभी भी जेल में है, उनके ठिकानों से नोटों का पहाड़ मिला था, लेकिन तब भी वे मंत्री की कुर्सी छोड़ने को तैयार नहीं थे। उनका इशारा पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी की तरफ था।

पीएम ने राशन घोटाले में गिरफ्तार तत्कालीन वन मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक का भी नाम लिए बिना कहा कि वे भी जेल जाने के बावजूद पद छोड़ने को तैयार नहीं थे। पीएम ने लोकसभा में विधेयक की कापी फाड़ने को लेकर टीएमसी सांसदों की निंदा करते हुए कहा कि उसकी राजनीति की भ्रष्टाचार के पहाड़ पर टिकी हुई है। इसलिए टीएमसी सहित विपक्ष के लोग इस विधेयक से डरे हुए हैं। उन्हें जनता या संविधान की भावना की कोई परवाह नहीं है। पीएम ने स्पष्ट कहा कि ये सब नहीं चलेगा। जो भ्रष्ट हैं उन्हें कुर्सी छोड़नी ही होगी।

### आमंत्रण के बावजूद मेट्रो परियोजनाओं के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल नहीं हुईं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

#### 'अब घुसपैठियों को ज्यादा नहीं झेल सकता देश'

पीएम ने घुसपैठ को लेकर भी चिंता जताते हुए विपक्षी दलों को घेरा। कहा कि इस बार लाल किले से मैंने घुसपैठ के बढ़ते खतरे के खिलाफ विशेष कार्यक्रम की घोषणा की। घुसपैठ आज राष्ट्रीय चुनौती बन गया है। उन्होंने टीएमसी सहित विपक्षी आएनडीआइए गठबंधन पर तुष्टीकरण के आगे घुटने टेकने का आरोप लगाया। पीएम ने कहा कि जिन देशों को विकसित कहा जाता वहां घुसपैठियों के खिलाफ मुहिम चल रही है, ये देश अब घुसपैठियों को ज्यादा नहीं झेल सकता। जो घुसपैठिए हमारे नौजवानों व लोगों के हक छीन रहे हैं, उन्हे हम भारत में नहीं रहने देंगे। घुसपैठियों को देश छोड़ना ही होगा।

#### तीन नए मेट्रो रूट सहित 5200 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ

पीएम ने जेसोर रोड मेट्रो स्टेशन से तीन नए मेट्रो रूटों सहित 5200 करोड़ की कई बुनियादी परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। मोदी ने लोकार्पण के बाद कोलकाता एयरपोर्ट से जेसोर रोड तक मेट्रो में यात्रा भी की और मेट्रो परियोजनाओं में शामिल स्कूली छात्रों और निर्माण श्रमिकों से बातचीत की। कोलकाता मेट्रो का दावा है कि इन महत्वपूर्ण मेट्रो परियोजनाओं के चालू होने से महानगर व आसपास के उपनगरीय क्षेत्र के प्रतिदिन 9.15 लाख से अधिक यात्री लाभांवित होंगे। कोलकाता एयरपोर्ट भी मेट्रो सेवा से जुड़ गया है। साथ ही देश के दो महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन हावड़ा व सियालदह भी मेट्रो से जुड़ गया है।

# पीएम मोदी ने कोलकाता में तीन नए मेट्रो मार्गों का किया लोकार्पण

### एस्प्लेनेड- सियालदह, नोआपाड़ा- कोलकाता एयरपोर्ट और रूबी- बेलियाघाटा खंड पर मेट्रो सेवा को दिखाई हरी झंडी

- कुल 5200 करोड़ की बुनियादी परियोजनाओं का पीएम ने किया शुभारंभ
- मोदी ने कहा... 'भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क'



**कोलकाता,समाज्ञा :** बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कोलकाता में तीन नए मेट्रो रेल मार्गों का लोकार्पण सहित 5,200 करोड़ रुपये से अधिक की कई बुनियादी परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। दमदम से सटे जेसोर रोड स्टेशन से जिन मेट्रो सेवाओं को पीएम ने हरी झंडी दिखाई, उनमें येलो लाइन के नोआपाड़ा से जय हिंद विमानबंदर (कोलकाता एयरपोर्ट) खंड, ग्रीन लाइन के सियालदह से एस्प्लेनेड खंड और आरेंज लाइन के हेमंत मुखोपाध्याय (रूबी चौराहा) से बेलेघाटा मार्ग शामिल हैं। तीनों नए रूटों पर रिकार्ड करीब 14 किलोमीटर लंबे नवनिर्मित मेट्रो नटवर्क पर सेवा शुरू होने से कोलकाता हवाई अड्डे के साथ-साथ आइटी हब क्षेत्रों के लिए कनेक्टिविटी बढ़ जाएगी। 5,200 करोड़ में 4,000 करोड़ रुपये इन मेट्रो परियोजनाओं के विस्तार पर खर्च हुई है। पीएम ने उद्घाटन के बाद कोलकाता एयरपोर्ट से जसोर रोड मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो में यात्रा भी की। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने मेट्रो परियोजनाओं में शामिल श्रमिकों और स्कूली छात्रों से बातचीत की। इसके बाद, पीएम ने दमदम सेंट्रल जेल मैदान में आयोजित प्रशासनिक कार्यक्रम से हावड़ा जिले में 1,200 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 7.2 किलोमीटर लंबे छह लेन वाले एलिवेटेड कोना एक्सप्रेसवे की आधारशिला भी रखी, जो कोलकाता को जोड़ता है। साथ ही, हावड़ा स्टेशन पर नवनिर्मित एक सबवे का भी उद्घाटन किया।

### कोलकाता एयरपोर्ट अब महानगर की मेट्रो सेवा से जुड़ा – सफर हुआ और भी आसान

#### बहुप्रतीक्षित ईस्ट वेस्ट मेट्रो परियोजना पूरी तरह हुई चालू

इन मेट्रो परियोजनाओं के चालू होने से कोलकाता एयरपोर्ट भी मेट्रो सेवा से जुड़ गया है। साथ ही कोलकाता के हृदय कहे जाने वाले एस्प्लेनेड से सियालदह के बीच मेट्रो सेवा चालू होने से देश के दो महत्वपूर्ण व व्यस्त रेलवे स्टेशन- हावड़ा व सियालदह मेट्रो सेवा से जुड़ गए हैं। इसी के साथ गंगा नदी के नीचे से दौडने वाली भारत की पहली अंडरवाटर मेट्रो से जुड़ी हावड़ा मैदान से साल्टलेक सेक्टर 5 को जोडने वाली बहुप्रतीक्षित 16.6 किमी लंबी ईस्ट वेस्ट मेट्रो परियोजना पूरी तरह चालू हो गई है। इससे लोगों को काफी सुविधा होगी। शहर के महत्वपूर्ण इलाकों हावड़ा, सियालदह, साल्टलेक सेक्टर-5 (आइटी हब) और कोलकाता हवाई अड्डे के बीच सुगम कनेक्टिविटी मिलेगी। हावड़ा मैदान से एस्प्लेनेड के बीच पहली अंडरवाटर मेट्रो सेवा का भी पिछले साल मार्च में पीएम मोदी ने ही उद्घाटन किया था।

#### भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क

इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि यह गर्व की बात है कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क है। वर्ष 2014 से पहले देश में केवल 250 किलोमीटर लंबा मेट्रो मार्ग था। लेकिन आज यह आंकड़ा 1,000 किलोमीटर से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि कोलकाता में तीन नए रूटों पर सात नए स्टेशनों के जुड़ने से मेट्रो नेटवर्क का उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। ये विकास कार्य महानगर के निवासियों के लिए जीवनयापन और आवागमन को अत्यंत सुगम बना देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, ह्यह्ययह बेहतर शहरी गतिशीलता और निर्बाध कनेक्टिविटी की दिशा में एक बड़ा कदम है। कोलकाता जैसे शहर भारत के इतिहास और हमारे भविष्य, दोनों की एक समृद्ध पहचान हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार बंगाल के विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और इस पूर्वी राज्य ने 100 प्रतिशत रेलवे विद्युतीकरण का लक्ष्य हासिल कर लिया है।

## नए आयकर अधिनियम को राष्ट्रपति ने मंजूरी दी, अगले वित्त वर्ष से लागू होगा

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पुराने आयकर कानून की जगह लेने वाले आयकर अधिनियम, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी है। नया आयकर अधिनियम अगले वित्त वर्ष की शुरुआत से लागू होगा। नया अधिनियम कर कानूनों को सरल बनाने के साथ कानून में शब्दों की संख्या भी कम करेगा, जिससे इसे समझना आसान हो जाएगा। आयकर विभाग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आयकर अधिनियम, 2025 को 21 अगस्त, 2025 को माननीय राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है। यह 1961 के अधिनियम की जगह लेने वाला एक ऐतिहासिक सुधार है जो एक सरल, पारदर्शी और अनुपालन-अनुकूल प्रत्यक्ष कर व्यवस्था की शुरुआत करता है।'' आयकर विधेयक, 2025 को संसद के दोनों सदनों से हाल ही में पारित किया गया था। नए कानून में किसी नई आयकर दर का प्रावधान नहीं है। यह सिर्फ आयकर कानूनों की भाषा को सरल बनाता है, जो जटिल आयकर कानूनों को समझने के लिए जरूरी था। नया कानून अनावश्यक प्रावधानों और पुरानी भाषा को हटाता है और 1961 के आयकर अधिनियम की धाराओं की संख्या 819 से घटाकर 536 और अध्यायों की संख्या 47 से घटाकर 23 कर देता है। नए आयकर अधिनियम में शब्दों की संख्या 5.12 लाख से घटाकर 2.6 लाख कर दी गई है।

## नसबंदी के बाद कुत्तों को छोड़ दें, आक्रामक कुत्तों को शेल्टर होम में ही रखा जाए : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर के डॉग शेल्टर्स से आवारा कुत्तों को छोड़ने पर रोक लगाने वाले अपने 11 अगस्त के निर्देश में संशोधन कर दिया। कोर्ट ने कहा कि पकड़े गए कुत्तों को नसबंदी और टीकाकरण के बाद उसी जगह पर छोड़ दिया जाए, जहां से उन्हें उठाया गया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ ने साफ किया कि कुत्तों को छोड़े जाने वाला आदेश रेबीज से संक्रमित या रेबीज से संक्रमित होने की आशंका वाले या फिर आक्रामक व्यवहार वाले कुत्तों पर लागू नहीं होगा।

#### सड़कों पर आवारा कुत्तों को खाना खिलाने की अनुमति नहीं होगी

न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन वी अंजारैया की पीठ



ने कहा कि डॉग शेल्टर्स से आवारा कुत्तों को छोड़ने पर रोक लगाने वाले 11 अगस्त के निर्देश को फिलहाल स्थगित रखा जाएगा। पीठ ने नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे ऐसे विशेष भोजन क्षेत्र बनाएं, जहां लोग आवारा कुत्तों को खाना खिला सकें। पीठ ने कहा कि नगर निकायों की ओर से विशेष नगरपालिका वार्ड में आवारा कुत्तों की आबादी और सघनता को ध्यान में रखते हुए भोजन क्षेत्र बनाए जाएंगे। पीठ ने साफ किया कि सड़कों पर आवारा कुत्तों को खाना खिलाने की अनुमति नहीं होगी।

## पश्चिम बंगाल में जेईई परीक्षा के परिणाम घोषित

**कोलकाता, समाज्ञा :** लंबे इंतजार के बाद पश्चिम बंगाल संयुक्त प्रवेश परीक्षा- 2025 का परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया गया। यह परीक्षा इस वर्ष 27 अप्रैल को आयोजित हुई थी, लेकिन ओबीसी आरक्षण से जुड़ी कानूनी जटिलताओं के कारण परिणाम की घोषणा लगातार टलती रही। अंततः, 117 दिन बाद, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश आने के कुछ ही घंटों में परीक्षा का परिणाम प्रकाशित किया गया। घोषित मेरिट लिस्ट में पहले 10 रैंक में से चार स्थान कोलकाता के विद्यार्थियों ने हासिल किए हैं।

### 117 दिन बाद जारी हुआ परिणाम, मेरिट लिस्ट में कोलकाता के छात्र आगे

#### मुख्यमंत्री ममता ने विद्यार्थियों को दी बधाई

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए असफल छात्रों के प्रति संवेदना प्रकट की। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि कानूनी जटिलताओं के चलते इस बार परिणाम जारी होने में देरी हुई। लेकिन मुझे विश्वास है कि सभी विद्यार्थी प्रतिकूलताओं को पार कर आने वाले दिनों में और बड़ी सफलता अर्जित करेंगे और बंगाल का नाम रोशन करेंगे।

#### शीर्ष 10 में कोलकाता के चार विद्यार्थी

- **प्रथम स्थान :** अनिरुद्ध चक्रवर्ती (डॉनबॉस्को स्कूल, पार्क सर्कस, कोलकाता)
- **द्वितीय स्थान :** साम्यज्योति विश्वास (सेंट्रल मॉडल स्कूल, कल्याणी)
- **तृतीय स्थान :** दिषांत बसु (दिल्ली पब्लिक स्कूल, रूबी पार्क, कोलकाता)
- **चतुर्थ स्थान :** अरित्र राय (दिल्ली पब्लिक स्कूल, रूबी पार्क, कोलकाता)
- **पंचम स्थान :** त्रिशानजीत दोलुई (पूर्व इंटरनेशनल स्कूल, दुर्गापुर)
- **छठा स्थान :** साम्रिक पात्रा (मेदनीपुर कॉलेजिएट स्कूल)
- **सातवां स्थान :** संबित मुखर्जी (बर्दवान मॉडल स्कूल)
- **आठवां स्थान:** अर्चिश्मन नंदी (डीएवी मॉडल स्कूल, खड़गपुर)
- **नौवां स्थान :** प्रतीक धानुका (दिल्ली पब्लिक स्कूल, राजारहाट)
- दसवां: आर्क बनर्जी (बर्दवान म्यूनिसिपल हाई स्कूल)

## पाकिस्तान कश्मीर व सभी लंबित मुद्दों पर भारत के साथ बातचीत के लिए तैयार: डार

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने शुक्रवार को कहा कि उनका देश कश्मीर और अन्य सभी लंबित मुद्दों पर भारत के साथ व्यापक बातचीत के लिए तैयार है। डार ने इस्लामाबाद में संसद के बाहर पत्रकारों से कहा, ''बातचीत, जब भी होगी, सिर्फ कश्मीर पर ही नहीं, बल्कि सभी मुद्दों पर होगी।'' भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की वापसी और आतंकवाद के मुद्दे पर ही पाकिस्तान के साथ बातचीत करेगा। डार उप-प्रधानमंत्री भी हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने शुरू से ही स्पष्ट कर दिया था कि भारत के साथ बातचीत किसी एक-सूत्री एजेंडा पर नहीं होगी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने किसी मध्यस्थता का अनुरोध नहीं किया था, बल्कि एक तटस्थ स्थान पर बैठक की पेशकश की गई थी। उन्होंने दावा किया, ''हमें किसी तटस्थ स्थान पर साथ बैठने के लिए कहा गया था और मैंने कहा कि अगर ऐसा है, तो हम मिलने को तैयार हैं।'' डार ने कहा कि उन्हें भारत के साथ संघर्षविराम के लिए अमेरिका से एक फोन आया था।

## बिहार में मतदाता सूची से बाहर हुए लोगों को आधार या 11 दस्तावेजों के साथ दावे दर्ज कराने की अनुमति



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान बाहर हुए व्यक्तियों को ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों तरीकों से अपने दावे दर्ज कराने की अनुमति देने का शुक्रवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने आधार कार्ड संख्या और एसआईआर में स्वीकार्य 11 दस्तावेजों में से किसी एक के साथ दावा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अनुमति दी। शीर्ष अदालत ने 65 लाख व्यक्तियों के मतदाता सूची से बाहर होने से संबंधित मामले में आपत्तियां दर्ज कराने के लिए राजनीतिक दलों के आगे नहीं आने पर आश्चर्य व्यक्त किया। न्यायालय ने बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिया कि वह अदालती कार्यवाही में राजनीतिक दलों को भी पक्षकार बनाएं। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए आठ सितंबर की तारीख तय करते हुए कहा, सभी राजनीतिक दल अगली सुनवाई तक उस दावा प्रपत्र के बारे में स्थिति रिपोर्ट दाखिल करेंगे, जिसे दाखिल करने में उन्होंने मतदाता सूची से बाहर हुए व्यक्तियों की मदद की थी। पीठ ने चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे मतदाता सूची से बाहर हुए व्यक्तियों के दावा प्रपत्र भौतिक रूप से जमा कराने वाले राजनीतिक दलों के बूथ स्तर के एजेंटों को पावती रसीद उपलब्ध कराएं। चुनाव आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने न्यायालय से आग्रह किया कि वह चुनाव आयोग को यह दिखाने के लिए 15 दिन का समय दे कि कोई भी नाम सूची से बाहर नहीं किया गया है।

### निर्वाचन आयोग ने एसआईआर विवाद पर न्यायालय से कहा: हम पर भरोसा रखें, एक भी मतदाता नहीं छूटेगा

निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया कि वह चुनावी राज्य बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए उस पर भरोसा रखे और आश्वासन दिया कि ''एक भी मतदाता नहीं छूटेगा।'' न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मसौदा मतदाता सूची से बाहर किये गए मतदाताओं को अपने दावे ऑनलाइन या भौतिक रूप से प्रस्तुत करने की अनुमति दी तथा इस बात पर जोर दिया कि पूरी प्रक्रिया मतदाता अनुकूल होनी चाहिए। पीठ एसआईआर की कवायद करने संबंधी निर्वाचन आयोग के 24 जून के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। न्यायालय ने मतदाता सूची से बाहर किये गए मतदाताओं को आधार कार्ड नंबर या एसआईआर में निर्धारित 11 दस्तावेज में से किसी एक के साथ दावा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अनुमति दी। आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि एक अगस्त को प्रकाशित मसौदा सूची से 65 लाख मतदाताओं को बाहर करने के संबंध में अब तक किसी भी राजनीतिक दल ने कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई है। परिणामस्वरूप, उन्होंने अदालत से निर्वाचन आयोग को यह साबित करने के लिए 15 दिन का समय देने का आग्रह किया कि कोई भी मतदाता छूटा नहीं है और कहा, ''हमें कुछ समय दीजिए, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि एक भी मतदाता नहीं छूटे।''



## सख्त नियमन व भारी कर भी विकल्प

यह एक हकीकत है कि ऑन लाइन मनी गेमिंग यदि लत बन जाए तो यह संपन्न व्यक्ति को भी बदहाल कर सकती है। एक आंकड़े के अनुसार देश में हर साल 45 करोड़ लोग बीस हजार करोड़ गवां देते हैं। सब कुछ गंवा कर आत्महत्या करने के मामले भी प्रकाश में आते हैं। सवाल इन लालच जगाने वाली मनी गेमिंग की पारदर्शिता को लेकर भी उठते रहे हैं। इन्हीं चिंताओं के बाद सरकार ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक 2025 लेकर आई है। जिसे अब गंभीर चर्चा के बिना संसद ने पारित भी कर दिया है। यह विधेयक पैसे से खेले जाने वाले किसी भी ऑनलाइन गेम को गैरकानूनी घोषित करता है। दरअसल, सरकार का मानना है कि ऑनलाइन मनी गेमिंग एक सामाजिक और जन स्वास्थ्य के लिये घातक समस्या है। सरकार के मुताबिक, वह ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेमिंग को बढ़ावा देने के लिये उत्सुक है, जिसमें कोई वित्तीय जोखिम न हो। निर्विवाद रूप से हाल के वर्षों में ऑनलाइन स्किल गेमिंग उद्योग ने तेजी से विस्तार किया है। जिसमें पूर्व और वर्तमान क्रिकेटरों और फिल्मी सितारों के प्रचार की भी भूमिका रही है। यहां उल्लेखनीय है कि ऑनलाइन गेमिंग का वार्षिक राजस्व 31,000 करोड़ रुपये से अधिक है। इसके साथ ही यह हर साल प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के रूप में बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक का योगदान देता है। लेकिन इसके साथ चिंता का विषय यह भी है कि सुनहरे सब्जबाग दिखाने वाले कई ऑनलाइन गेमिंग एप लत, खेलने वाले आम लोगों के आर्थिक नुकसान और मनी लॉन्ड्रिंग को भी बढ़ावा देते हैं। यही वजह है कि ऑनलाइन गेमिंग में अपनी जमा पूंजी लुटाने वाले बदकिस्मत उपयोगकर्ता नाकामी के बाद आत्महत्या तक करने को मजबूर हो जाते हैं। निस्संदेह सरकार ने ऑनलाइन मनी गेमिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाकर एक बड़ा जोखिम भी उठाया है। इसमें सरकार को राजस्व की भारी हानि भी हो सकती है।

वहीं तसवीर का दूसरा पक्ष यह भी है कि कई उद्यमी तेजी से उभरते इस गेमिंग व्यवसाय के पराभव की चिंता जता रहे हैं। बताया जाता है कि देश में जो ग्यारह सौ से अधिक गेमिंग कंपनियां तथा करीब चार सौ स्टार्टअप ऑनलाइन गेमिंग उद्योग से जुड़े हैं, जिनके नियमन के बारे में सोचा जा सकता था। उनकी चिंता है कि इससे बड़ी संख्या में नौकरियां जा सकती हैं। लेकिन सरकार का कहना है कि उसने जनकल्याण को ध्यान में रखकर यह फैसला लिया है। लेकिन दूसरी ओर चिंता जतायी जा रही है कि ऑनलाइन मनी गेमिंग के वैध प्लेटफॉर्म बंद होने से खेलने वाले लोग अनियमित विदेशी ऑपरेटरों के शिकार बन सकते हैं। इंटरनेट का विस्तृत दायरा और विदेशी ऑनलाइन ऑपरेटर विधेयक के प्रमुख उद्देश्यों को विफल करने की कोशिश कर सकते हैं। निस्संदेह, वित्तीय प्रणालियों की अखंडता के साथ-साथ राष्ट्र की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा होनी चाहिए। माना जा रहा है कि इस नये कानून को बनाने की जरूरत संभवत: छह हजार करोड़ रुपये वाले महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी घोटाले के बाद महसूस की गई। जिसकी जांच सीबीआई और ईडी कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के कुछ शीर्ष राजनेताओं और नौकरशाहों पर सट्टेबाजी एप के यूएई स्थित प्रमोटरों के साथ संबंध होने के आरोप लगे हैं। जो कथित तौर पर हवाला कारोबार और विदेशों में धन-शोधन के कार्यों में लिप्त बताये जाते हैं। निस्संदेह, यह मामला सभी हितधारकों के लिये एक चेतावनी है, लेकिन इस बाबत कोई भी जल्दबाजी वाली प्रतिक्रिया नहीं दी जानी चाहिए। इसके बजाय, ऑनलाइन मनी गेमिंग के सख्त नियमन और इसे भारी कराधान के अधीन लाना एक व्यावहारिक समाधान हो सकता था। साथ ही पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर देकर उपभोक्ताओं के लिये सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाने की जरूरत थी। इस अभियान में गैर-कानूनी गतिविधियों में लिप्त प्लेटफॉर्मों पर जुर्माना भी लगाया जा सकता था। वहीं दूसरी ओर बड़े-बड़े दावे करने वाली मशहूर हस्तियों पर कार्रवाई भी की जा सकती थी। ऐसे में तेजी से उभरते इस आर्थिक क्षेत्र को डूबने से भी बचाया जा सकता था। कभी-कभी कड़े प्रतिबंध जैसे कठोर कदम उल्टा असर भी डाल सकते हैं।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 23 अगस्त, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, भाद्रपद कृष्णपक्ष अमावस्या, 11:39 तक, नक्षत्र : मघा, 24:53 तक, योग : परिघा, 13:15 तक, सूर्योदय: 5:16, सूर्यास्त: 18:03, चन्द्रोदय : 05:05, चन्द्रास्त: 18:12, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : सिंह, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 08:29 से 10:04

## राशिफल

**मेष :** दिन मिश्रित परिणाम प्रदान करने वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके पक्ष में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी करने वालों का दिन भी अच्छा रहने वाला है।

**वृष :** समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और व्यापार के मामले में कोई शुभ समाचार सुनने को भी मिल सकता है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। आपको सुकून महसूस होगा।

**मिथुन :** व्यापार और नौकरी के मामले में दिन शुभ रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारी के सहयोग और समर्थन से आपकी उत्तम संपत्ति प्राप्त करने की इच्छा पूर्ण हो सकती है।

**कर्क :** आर्थिक मामलों में लाभ मिलने के योग हैं। आपको कहीं से अचानक बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति हो सकती है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा और आर्थिक स्थिति में भी लगातार बढ़ोतरी होती जाएगी।

**सिंह :** राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों का दिन अच्छा रहने वाला है। आपको बड़ी सफलता प्राप्त हो सकती है। व्यापार के मामले में कार्यक्षेत्र में रुके हुए कार्य अब पूरे हो सकते हैं।

**कन्या :** कार्यक्षेत्र में सक्रिय रहने, मेहनत और लगन के साथ काम करने से आपको सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे। रचनात्मक कार्यों में भी आपकी रुचि बढ़ सकती है।

**तुला :** विद्यार्थियों को अपनी शिक्षा या किसी प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि प्राप्त हो सकती है। इसी के चलते मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में जीवनसाथी का पूरा सहयोग प्राप्त होगा।

**वृश्चिक :** आर्थिक मामलों में दिन उत्तम रहेगा और आपके मान-सम्मान में भी वृद्धि होगी। धन लाभ के शुभ संयोग बनते जाएंगे, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होने लगेगी।

**धनु :** सांसारिक सुख के साधनों में वृद्धि होगी और घर के जरूरत के सामान खरीदने पर भी आप कुछ पैसे खर्च कर सकते हैं। जल्दबाजी में फैसले लेने से पैसा फंसने की संभावना है।

**मकर :** व्यवसाय के क्षेत्र में समय अनुकूल रहेगा और लाभ कमाने के कई अवसर प्राप्त हो सकते हैं, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। आर्थिक मामलों में भी दिन अच्छा रहने वाला है।

**कुम्भ :** आपका दिन सामान्य से कम अच्छा रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य से जुड़ी कोई समस्या होने के संकेत हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में भी सुधार आएगा।

**मीन :** बिजनेस के मामले में दिन अच्छा रहने वाला है। कामधंधे उन्नति प्राप्त होने से आप पूरा दिन खुश रहेंगे और उत्साह से भरपूर होंगे। स्टूडेंट्स के लिए भी समय अनुकूल रहेगा।

# सिंधु की पुकार : संप्रभुता की वापसी और गौरव की बहाली



**अर्जुन राम मेघवाल**
केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संसदीय कार्य राज्यमंत्री, भारत सरकार

मानसून शब्द पूरे भारत में खुशी और गर्व का संचार करता है। यह नवाचार, नवीनीकरण और राष्ट्र के आर्थिक इंजन को तत्काल गति प्रदान करने का प्रतीक है। भारत की भौगोलिक स्थिति, प्रचुर वर्षा के साथ मिलकर, इसकी नदियों को पुनर्जीवित करती है और देशभर में जल संसाधनों का विस्तार करती है। यह प्रगति के मौसम का प्रतीक है और स्वतंत्रता दिवस समारोहों के साथ मिला दिए जाने पर देशभक्ति की एक अनूठी भावना का संचार करता है। लाल किले की प्राचीर से, प्रधानमंत्री के संबोधन ने एक बार फिर आकांक्षी नागरिकों के लिए एक ऐसा खाका पेश किया जो एक विकसित भारत के निर्माण के व्यापक लक्ष्य को साकार करने का मार्ग प्रशस्त करता है।

संसद के इस विशेष मानसून सत्र की शुरुआत में, प्रधानमंत्री ने इसे भारत का गौरवशाली सत्र बताया था। भारतीय सैनिकों का शौर्य, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता, पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के कारखानों पर निर्णायक प्रहार और सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) का स्थगन-ये सब भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति के सबूत हैं और राष्ट्रीय मानस पर एक अमिट छाप छोड़ते हैं। फिर भी, सभी मुद्दों पर खुलकर चर्चा के लिए सरकार के राजी होने के बावजूद, विपक्ष ने बाधा डालने का रास्ता चुना और व्यापक जनहित की कीमत पर विचार-विमर्श को राजनीतिक नौटंकी में सीमित कर दिया।

देश अरसे से स्वार्थ को राष्ट्रीय हित से ऊपर रखने की कांग्रेस की पुरानी आदत का बोझ ढोता चला आ रहा है। विभाजन की दुखद विभीषिका से लेकर नेहरूवादी कूटनीति की महंगी पड़ने वाली विफलताओं तक, इतिहास गवाह है कि कैसे इन फैसलों ने भारत की मूल अवधारणा को ही कमजोर कर दिया। सिंधु जल संधि (1960) पर बारीकी से गौर करने पर, जनता और देश के विकास की कीमत पर तुष्टिकरण व अति-उदारता की एक ऐसी कहानी सामने आती है, जिसने राष्ट्रीय विकास की संभावनाओं को निरंतर बाधित किया। यह घोर विडंबनापूर्ण है कि भारत के विकास से जुड़े हितों का त्याग एक ऐसे राजनीतिक आकलन से प्रेरित थे जिसने अपने नागरिकों के कल्याण से ऊपर पाकिस्तान के हितों को तरजीह दी।

मूल रूप से, विश्व बैंक की मध्यस्थता से हुई सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी), सिंधु नदी प्रणाली के जल का आवंटन पाकिस्तान के पक्ष में (80:20) करती है। सिंधु नदी प्रणाली का उद्गम मुख्य रूप से भारत में है। इस संधि के तहत भारत को पश्चिमी में बहने वाली सिंधु, चिनाब और झेलम जैसी महत्वपूर्ण नदियों पर नियंत्रण छोड़ने के लिए बाध्य होना पड़ा, जिससे वैसे व्यापक जल संसाधन छिन गए जो पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात के विशाल शुष्क एवं सूखाग्रस्त इलाकों का कायाकल्प कर सकते थे। यदि राष्ट्रीय हितों की रक्षा की जाती, तो सुव्यवस्थित जल अवसंरचना इस इलाके के संपूर्ण विकास की तस्वीर को बेहतर बना सकती थी।

हालांकि, इस महत्वपूर्ण त्याग से व्यापक कूटनीतिक लाभ मिलने की उम्मीदें भ्रामक साबित हुईं। इस संधि के प्रक्रियात्मक संचालन ने चिंताओं को और बढ़ा दिया। इस संधि पर 19 सितंबर 1960 को हस्ताक्षर किए गए थे। लेकिन इसे दो महीने बाद, नवंबर में, संसद के समक्ष रखा गया और वह भी मात्र दो घंटे की औपचारिक चर्चा के लिए। जैसे ही इस संधि से जुड़े तथ्य सामने आए, इसके विभिन्न पहलुओं की पड़ताल के बाद प्रमुख समाचार पत्रों में छपी प्रतिकूल टिप्पणियां सुर्खियों में छायी रहीं। इतने महत्वपूर्ण समझौते के प्रति संसदीय स्तर पर बरते गए इस जल्दबाजी भरे व्यवहार ने लोकतांत्रिक निगरानी, पारदर्शिता और तत्कालीन नेतृत्व की दुर्भावनापूर्ण मंशा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए।

इस सीमित संसदीय पड़ताल के बावजूद, सिंधु जल संधि को भारतीय संसद में भारी विरोध का सामना करना पड़ा। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी, जो उस समय एक युवा सांसद थे, ने चेताते हुए कहा था कि प्रधानमंत्री नेहरू का यह तर्क बुनियादी रूप से त्रुटिपूर्ण है कि पाकिस्तान की अनुचित मांगों के आगे झुकने से मित्रता और सद्भावना स्थापित होगी।

संसद में 30 नवंबर 1960 को हुई बहस से पता चलता है कि सभी दलों ने इस संधि की आलोचना की थी। अधिकांश सदस्यों ने सरकार की आलोचना की थी और उस पर पाकिस्तान के सामने झुकने तथा भारतीय हितों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया था। राजस्थान से कांग्रेस सांसद श्री हरीश चंद्र माथुर, अशोक मेहता, ए.सी. गुहा, कम्युनिस्ट पार्टी के सांसद केटीके तंगमणि, सरदार इकबाल सिंह, बृजराज सिंह ने इस जल कूटनीति को लेकर स्पष्ट रूप से चिंताएं जाहिर की थी और इसके विफल होने से जुड़े नतीजों के बारे में अंदेशा जताया था। कुल मिलाकर, इस संधि को एकतरफा, न कि लेन-देन पर आधारित कहा जा सकता है।

इस संदर्भ में, यह विडंबना ही थी कि लोकसभा में अपने उत्तर के दौरान प्रधानमंत्री नेहरू ने माननीय सांसदों की बुद्धिमत्ता पर सवाल उठाए और उन्हें कमतर भी आंका। उन्होंने अपने जवाब में कहा कि संसदों द्वारा की गई आलोचना तथ्य और निहित विचारों से अनजान रहने पर आधारित है। उन्होंने (नेहरू) आगे कहा, मुझे इस बात का दुख है कि इतने महत्वपूर्ण मामले को... एक ऐसा मामला जो न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य से भी जुड़ा है... इतने हल्के में और इतनी लापरवाही एवं संकीर्ण सोच के साथ लिया जा रहा है।

इस संधि ने भारत के हितों को कुंद कर दिया और यह पाकिस्तान के लिए एक निर्णायक उपलब्धि साबित हुआ। अयूब खान ने एक सार्वजनिक प्रसारण में स्वीकार किया था कि इस संधि की वैधता और गुण-दोष पाकिस्तान के विरुद्ध थे, लेकिन इस मामले में नेहरू की कूटनीतिक विफलता ने पाकिस्तान को बढ़त दिला दी। 4 सितंबर 1960 को रावलपिंडी में अपने प्रसारण में, अयूब खान ने कहा था, अब जो समाधान हमें मिला है, वह आदर्श नहीं है... लेकिन यह सबसे अच्छा समाधान है जो हमें इन परिस्थितियों में मिल सकता था,

नमें से कई बिंदु, चाहे उनके गुण-दोष और वैधता कुछ भी हों, हमारे खिलाफ हैं। ये खुलासे आज भी राष्ट्रीय हित को गौण रखने के पीछे के मकसद पर सवाल खड़े करते हैं।


जैसा कि निरंजन डी. गुलाटी ने अपनी किताब इंडस वाटर ट्रीटी: एन एक्सरसाइज इन इंटरनेशनल मीडिएशन में लिखा है, 28 फरवरी 1961 को खुद प्रधानमंत्री नेहरू ने इस निराशा को स्वीकार करते हुए कहा था: मुझे उम्मीद थी कि यह समझौता अन्य समस्याओं के समाधान का रास्ता खोलेगा, लेकिन हम वहीं खड़े हैं जहां पहले थे। इस संधि के बाद के घटनाक्रम में आया तीखा अंतर इस समझौते की असमानता को और भी गहराई से रेखांकित करता है। नेहरू की ढिलाई और राष्ट्रीय हित को दरकिनार करने की प्रवृत्ति समय के साथ भारी पड़ती गई। फरवरी 1962 में, 'वाशिंगटन पोस्ट' को दिए एक साक्षात्कार में, प्रधानमंत्री नेहरू ने सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर को आगे की दिशा में एक बड़ा कदम और वास्तव में यह समझौता (कश्मीर के) क्षेत्रीय मुद्दों से कहीं अधिक महत्वपूर्ण... बताया।

स्पष्ट चेतावनियों के बावजूद, शांति और अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति की चाहत में कांग्रेस नेतृत्व ने भारत की दीर्घकालिक जल सुरक्षा एवं समृद्धि के बजाय कूटनीतिक सुविधावाद को चुना। तुष्टिकरण की यह नीति कई मोर्चों पर राष्ट्रीय प्रगति के लिए हानिकारक साबित हुई। इस संधि से अपेक्षित मनोवैज्ञानिक व भावनात्मक लाभ कभी भी साकार नहीं हुए। इसके उलट, यह युद्धों और निरंतर सीमा-पार तनावों के रूप में दुर्भाग्य लेकर आई। जल-बंटवारे की इस सख्त व्यवस्था ने सूखे से लड़ने, सिंचाई व्यवस्था का विस्तार करने और संवेदनशील इलाकों में कृषि को मजबूत करने हेतु अपने प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करने की भारत की क्षमता को सीमित कर दिया। सत्ता-लोलुप शासकों ने आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के प्रति कोई जिम्मेदारी महसूस नहीं की, जिससे भारत कमजोर हो गया। वास्तव में, यह संधि भारत के लिए जल कूटनीति की विफलता और पाकिस्तान के लिए एक राजनीतिक विजय थी।

अब, मोदी सरकार इस ऐतिहासिक भूल को सुधारने की दिशा में एक और निर्णायक एवं साहसिक कदम उठा रही है। भारत ने अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने संप्रभु अधिकारों का प्रयोग करते हुए, सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को तब तक के लिए स्थगित कर दिया है जब तक कि पाकिस्तान विश्वसनीय और अंतिम रूप से सीमा पार आतंकवाद को अपना समर्थन देना छोड़ नहीं देता। प्रधानमंत्री मोदी जी का स्पष्ट आह्वान राष्ट्रीय हितों को कमजोर करने वालों के लिए एक कड़ी चेतावनी है: आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते; पानी और खून साथ-साथ नहीं बह सकते। यह कदम पिछली नीतियों से अलग हटकर एक साहसिक और ऐतिहासिक बदलाव का प्रतीक है। यह केवल एक कूटनीतिक पुनर्संतुलन भर नहीं है, बल्कि अपने संसाधनों और किसानों के हितों एवं संबंधित हितधारकों की आजीविका के अवसरों की रक्षा करने के भारत के संप्रभु अधिकार का एक दृढ़ रणनीतिक दावा है - जो पाकिस्तान की ओर से आने वाले लगातार सीमा पार खतरों के सामने राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत को सर्वोपरि रखता है।

सिंधु जल संधि का स्थगन कूटनीति से कहीं आगे जाता है-यह विकासशील भारत2047 के लक्ष्य को साकार करने के भारत के संकल्प को दर्शाता है। अपने जल संसाधनों पर नियंत्रण फिर से हासिल करके, भारत जलवायु के अनुकूल बुनियादी ढांचे का निर्माण कर सकता है, सिंचाई व्यवस्था को मजबूत कर सकता है और औद्योगिक विकास को बढ़ावा दे सकता है-जोकि एक विकसित राष्ट्र बनने की कुंजी है। यह निर्णय पुराने समझौतों द्वारा थोपी गई सहमतियों का अंत करता है और जल संप्रभुता को प्रगति की बुनियाद के रूप में स्थापित करता है। यह एक ऐसा साहसिक कदम है, जो आत्मनिर्भरता, स्थिरता और समावेशी विकास के मिशन के साथ गहराई से जुड़ा है।

# बुद्धिमत्ता की एक किरण रवींद्रनाथ का सार्वभौमिक मनुष्यत्व



**डॉ.राम आह्लाद चौधरी**
प्रोफेसर, कलकत्ता विश्वविद्यालय

सार्वभौमिक मानवतावादी रवीन्द्रनाथ ठाकुर का साहित्यअमर है। उन्होंने मनुष्यत्व यानी मानवतावाद को अपने साहित्य का आधार बनाया है। रवींद्रनाथ ठाकुर प्रथम एशियाई नोबेल पुरस्कार विजेता हैं और वैश्विक साहित्य व चिंतन के एक महान व्यक्तित्व हैं। उनकी लेखनी सार्वभौमिक मानवतावाद की दृष्टि से पीढ़ी-दर-पीढ़ी को प्रेरित करतीआ रही है। उनकी विरासत केवल उनके कलात्मक प्रतिभा तक सीमित नहीं है, बल्कि मानवता, स्वतंत्रता और वैश्विक चेतना जैसे विचारों में उनकी गहन संलग्नता तक विस्तृत है। रवींद्रनाथ ठाकुर का सार्वभौमिक मानवतावाद उनके सांस्कृतिक मूल्यों में गहराई से निहित था, लेकिन यह राष्ट्रीय और क्षेत्रीय सीमाओं से परे था, जिससे वे एक सच्चे वैश्विक चिंतक बने। यह सर्वविदित है कि रवींद्रनाथ ठाकुर के मानवतावादी दर्शन की जड़ें, उनके कार्यों में इसकी अभिव्यक्तियाँ और आज की दुनिया में इसकी प्रासंगिकता अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

रवींद्रनाथ ठाकुर की मानवतावादी दृष्टि पूर्व और पश्चिम की बौद्धिक परंपराओं के संगम से आकार पाई। 1861 में बंगाल के एक प्रगतिशील और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध परिवार में जन्मे रवींद्रनाथ ठाकुर ने प्रारंभिक अवस्था में ही विविध दार्शनिक धाराओं का अनुभव किया। उनके पिता देवेंद्रनाथ ठाकुर द्वारा संचालित ब्रह्म समाज आंदोलन, एकेश्वरवाद, सामाजिक सुधार और तर्कवाद का पक्षधर था, जिसने रवींद्रनाथ ठाकुर के विचारों को गहराई से प्रभावित किया। साथ ही, वे भारतीय दार्शनिक परंपरा, विशेष रूप से उपनिषदों की ओर आकर्षित हुए, जो समस्त अस्तित्व की एकता और प्रत्येक मानव में अंतर्निहित दिव्यता पर बल देते हैं।

इंग्लैंड यात्रा के दौरान पश्चिमी दर्शन और साहित्य के साथ उनके संपर्क और समकालीन यूरोपीय बुद्धिजीवियों के साथ संवाद ने उनकी दृष्टि को और विस्तृत किया। उन्होंने गोएथे, टॉलस्टॉय और वर्ड्सवर्थ जैसे लेखकों के कार्यों में गहरी रुचि ली और एक विश्व-मानव दृष्टिकोण विकसित किया जो उनके सार्वभौमिक विचारधारा का आधार बना।

रवींद्रनाथ ठाकुर की विशाल साहित्यिक कृति-कविता, कथा, नाटक और निबं - मानवतावादी मूल्यों की समृद्ध धरोहर है। गीतांजलि, काव्य संग्रह जिसके लिए उन्हें 1913 में नोबेल पुरस्कार मिला, इस संग्रह में रवींद्रनाथ ठाकुर ने ब्रह्मांड के साथ गहरे आध्यात्मिक संबंध को व्यक्त किया है। उनकी कविताएं आत्मा की गरिमा और आंतरिक स्वतंत्रता के महत्त्व को रेखांकित करती हैं।

उनकी कहानियों और उपन्यासों में मानव संबंधों की जटिलताएं, सामाजिक अन्याय और नैतिक दुविधाओं की गहन पड़ताल की गई है। गोरा, चोखेर बाली, और घरे बाहिरे जैसी पुस्तकों में कार्य संकीर्ण राष्ट्रवाद, धार्मिक कट्टरता और लैंगिक असमानता की आलोचना की गई है। इन रचनाओं के पात्र सत्य, प्रेम और न्याय की खोज में संघर्षरत रहते हैं, अक्सर कठोर सामाजिक मानदंडों के विरुद्ध इन पात्रों का संकल्प अविस्मरणीय है।

रवींद्रनाथ ठाकुर के नाटक जैसे डाकघर और रक्त करबी ने भी प्रभावशाली मानव-तावादी संदेश प्रस्तुत किए हैं। इन नाटकों में मुक्ति की आकांक्षा, जीवन के उत्सव और अमानवीय व्यवस्थाओं की आलोचना की गई है। उनके पात्र केवल पीड़ित नहीं हैं, बल्कि अर्थ और स्वतंत्रता के सक्रिय खोजकर्ता हैं।

रवींद्रनाथ के मानवतावाद का सबसे ठोस रूपांतरण शांति निकेतन में उनके शैक्षिक प्रयोग में देखा जा सकता है। औपनिवेशिक शिक्षा की रटंत प्रणाली और कठोर अनुशासन से असंतुष्ट होकर रवींद्रनाथ ठाकुर ने एक ऐसे शिक्षण वातावरण की कल्पना की जो रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और प्रकृति से संबंध को बढ़ावा दे। 1921 में स्थापित विश्व-भारती विश्वविद्यालय में उन्होंने ऐसा स्थान निर्मित किया जहाँ सारा विश्व एक नीड़ में निवास करे।

उनकी शिक्षण पद्धति में विद्यार्थी की व्यक्तिगत पसंद का सम्मान, अंतर-सांस्कृतिक संवाद और कलाओं का समावेश था। उन्होंने विश्वभर से विद्वानों को आमंत्रित किया और विभिन्न संस्कृतियों और भाषाओं के अध्ययन को प्रोत्साहित किया, जिससे वैश्विक शिक्षा की नींव रखी गई। यह मॉडल औपनिवेशिक और राष्ट्रवादी ढाँचों के विरुद्ध एक सृजनात्मक चुनौती था।

रवींद्रनाथ ठाकुर के मानवतावाद का एक सबसे विवादास्पद और दूरदर्शी पहलू राष्ट्रवाद की उनकी आलोचना थी। नेशनलिज्म इन इंडिया जैसे निबंधों में ठाकुर ने आक्रामक राष्ट्रवाद के खतरों की चेतावनी दी, जिसे उन्होंने मानवता की भावना के विरुद्ध माना। वे मानते थे कि सच्चा देशभक्त वही है जो सार्वभौमिक नैतिक मूल्यों को नहीं त्यागता।

रवींद्रनाथ ठाकुर का राष्ट्रवाद-विरोध देश प्रेम का विरोध नहीं था, बल्कि संकीर्ण पहचान से ऊपर उठकर व्यापक मानव एकता की ओर एक आह्वान था। उनके विचार कई बार महात्मा गांधी जैसे समकालीन नेताओं से मतभेद का कारण बने, हालांकि दोनों के बीच गहरा सम्मान बना रहा।

रवींद्रनाथ ठाकुर सच्चे अर्थों में वैश्विक नागरिक थे। उन्होंने एशिया, यूरोप और अमेरिका का व्यापक दौरा किया और बुद्धिजीवियों, कलाकारों व राजनेताओं से संवाद स्थापित किया। उन्होंने व्याख्यान दिए, सांस्कृतिक आदान-प्रदान में भाग लिया और अंतर-सांस्कृतिक समझ की आवश्यकता पर लेखन किया।

जापान, चीन और अमेरिका जैसे देशों की यात्राएं उनके द्वारा की गईं, जहाँ उन्होंने पश्चिम की तकनीकी प्रगति की सराहना की, परंतु भौतिकवाद और आध्यात्मिक मूल्यों के क्षरण पर चेतावनी भी दी। पूर्व में, उन्होंने सांस्कृतिक आत्मविश्वास के पुनरुद्धार की बात की जो वैश्विक विचारों के लिए खुला हो।

रवींद्रनाथ ठाकुर का वैश्विक समुदाय का दृष्टिकोण राजनीतिक गठबंधनों या आर्थिक एकीकरण पर आधारित नहीं था, बल्कि सत्य, सौंदर्य और करुणा के साझा संकल्प पर आधारित था। वे मानते थे कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आपसी सम्मान ही शांति और न्यायपूर्ण विश्व व्यवस्था की कुंजी हैं।

आज के समय में जब अंध राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक ध्रुवीकरण और पारिस्थितिक संकट बढ़ रहे हैं, रवींद्रनाथ ठाकुर का सार्वभौमिक मानवतावाद एक आकर्षक विकल्प प्रस्तुत करता है। उनका आंतरिक स्वतंत्रता, अंतर-सांस्कृतिक सम्मान और प्रकृति के साथ सामंजस्य पर जोर वर्तमान चुनौतियों से सीधे जुड़ा है।

वैश्विक शिक्षा आंदोलन में उनके समावेशी और समग्र शिक्षा दृष्टिकोण की गूंज सुनाई देती है। औद्योगीकरण और अंध राष्ट्रवाद के अमानवीय प्रभावों पर उनकी चेतावनी आज और भी प्रासंगिक है। जब समाज पहचान, अस्तित्व और सह-अस्तित्व जैसे प्रश्नों से जूझ रहा है, रवींद्रनाथठाकुर का चिंतन नैतिक दिशा प्रदान करता है।

हालाँकि, उनके विचारों की आलोचनात्मक समीक्षा भी आवश्यक है। कुछ आलोचक मानते हैं कि उनका मानवतावाद आदर्शवादी था और सामाजिक असमानताओं की भौतिक व संरचनात्मक स्थितियों पर पर्याप्त ध्यान नहीं देता था। अन्य आलोचक उनके लैंगिक दृष्टिकोण की सीमाओं को रेखांकित करते हैं, जो यद्यपि अपने समय से आगे थे, फिर भी पितृसत्तात्मक ढांचे के भीतर ही थे। इसलिए रवींद्रनाथ ठाकुर की विरासत का एक संतुलित और आलोचनात्मक मूल्यांकन आवश्यक है।

रवीन्द्रनाथ ठाकुर का सार्वभौमिक मानवतावाद एक बंटे हुए संसार में आशा और बुद्धिमत्ता की एक किरण है। यह विचारधारा एक गहन आध्यात्मिक और दार्शनिक परंपरा में निहित है, फिर भी इसका दृष्टिकोण वैश्विक है। यह हमें अपने और दूसरों के साथ संबंधों की पुनर्कल्पना करने की चुनौती देता है। मानव आत्मा की विविधता और जटिलता का उत्सव मनाते हुए रवींद्रनाथ ठाकुर हमें एक अधिक न्यायपूर्ण, करुणाशील और सामंजस्यपूर्ण विश्व बनाने के लिए प्रेरित करते हैं। उनकी विरासत अतीत की कोई पुरानी स्मृति नहीं, बल्कि मानवता के भविष्य के लिए एक जीवंत स्रोत है।

## वर्ग पहेली नं. 3185

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | | 3 | ■ | 4 | | | 5 |
| 6 | | | ■ | 7 | | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | 8 | | | ■ | 9 | | 10 | ■ |
| 11 | 12 | | ■ | | ■ | | ■ | 13 | |
| 14 | | ■ | 15 | | 16 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | | ■ | | ■ | 17 | | ■ |
| ■ | 18 | | | 19 | ■ | 20 | | | 21 |
| 22 | | ■ | 23 | | | | ■ | ■ | |
| 24 | | | ■ | | ■ | 25 | | | |

*ऊपर से नीचे:-* 1) एक धातु, 2) अधिकतर, 3) जललहर, 4) सुंदर बनावट का, 5) एक मेवा, 10) उसके समान, 11) बद-दुआ, 12) अस्तव्यस्त, 15) ऐंठना, 16) प्रचलित, 17) कामकाजी; व्यवसायी *(उदा. थानेदार, दुकानदार)*, 19) मापना, 20) मानसिक चोट, 21) मुठभेड़, 22) चुप्पी.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 2) पूर्वज; ज्येष्ठ, 4) खलबली, 6) दिली; तहे दिल से, 7) धारी; पंक्ति, 8) समेत, 9) जीवन, 11) काइयाँ; परम धूर्त, 13) अकड़; अहंकार, 14) प्रतिष्ठा, 15) घमंडी, 17) पव्वा; बोतल; शराब, 18) ख़राब होना, 20) तत्काल; समतल, 22) मृत्यु, 23) अप्रिय, 24) मखनिया; रेशमी; कोमल, 25) धनाढ्य; पैसेवाला.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | ■ | मं | ड | प | ■ | कृ | ■ | ज | त्थ |
| प | तं | ग | ■ | द | र | मि | या | न | ■ |
| का | ■ | ल | क्ष्य | ■ | क़ | ■ | नी | र | स |
| र | ■ | वा | ■ | द | म | क | ■ | ल | ट |
| ■ | औ | र | ■ | ना | ■ | ■ | रा | ■ | प |
| ■ | ष | ■ | क़ | द | र | दा | नी | ■ | टा |
| सी | धा | ■ | या | न | ■ | य | ■ | त | ना |
| ■ | ल | गा | म | ■ | प | र | वा | ना | ■ |
| त | य | ■ | त | म | न्ना | ■ | चा | व | ल |

**Mob. No. 08329510310**

## सुडोकू-पहेली-3142

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | | | 7 | | |
| | | | 3 | 7 | | | 1 | |
| 6 | | 4 | | | 1 | 9 | | |
| 1 | | | | | | | | |
| | | 7 | | | 8 | 1 | 3 | |
| | | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | |
| 5 | | | | 6 | | 2 | | |
| 3 | | | | 2 | | | | 5 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3141 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 2 | 4 | 3 | 7 | 8 | 9 | 1 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 2 | 9 | 7 | 5 | 4 |
| 9 | 7 | 4 | 1 | 8 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 8 | 1 | 7 | 3 | 9 | 6 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 5 | 8 | 1 | 6 | 7 |
| 7 | 9 | 3 | 8 | 6 | 2 | 4 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 8 | 9 | 7 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 2 | 4 | 6 | 5 | 1 | 3 | 9 | 7 | 8 |

# पीएम मोदी के स्वागत में कोलकाता की सड़कों पर उमड़े लोग



❑ **सड़कों के किनारे खड़े होकर मोदी के स्वागत में लोगों ने लगाए नारे**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के दमदम इलाके में शुक्रवार को हजारों लोग सड़कों के किनारे खड़े होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वागत में नारे लगाते हुए नजर आए। पीएम का काफिला दमदम इलाके से जैसे ही गुजरा तो लोगों का उत्साह देखते ही बनता था। जेसोर रोड मेट्रो स्टेशन से लेकर उनके कार्यक्रम और जनसभा स्थल दमदम स्थित सेंट्रल जेल मैदान तक, पूरे रास्ते का जीवंत दृश्य रोड शो का संकेत दे रहा था। हालांकि, रोड शो प्रधानमंत्री के आधिकारिक कार्यक्रम का हिस्सा नहीं था। वाहन के अंदर बैठे मोदी भीड़ का अभिवादन करते देखे गए। भगवा साड़ी पहनीं महिलाएं ढोल की थाप पर नृत्य कर रही थीं, जबकि स्थानीय लोग इस पल को अपने फोन में कैद करने में मशगूल दिखे। प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए लोग सड़कों पर उमड़ पड़े। इस दौरान, प्रधानमंत्री मोदी पूरे रास्ते अपने वाहन से हाथ जोड़कर उनका अभिवादन करते और हाथ हिलाते दिखे। पार्टी नेताओं ने कहा कि लोगों की भीड़ उम्मीद से अधिक रही और यह जमीनी स्तर पर दिखाई देने वाले समर्थन को दर्शाती है।

## पीएम मोदी ने स्कूली बच्चों के साथ मेट्रो की सवारी की



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कोलकाता में तीन मेट्रो रेल मार्गों का उद्घाटन करने के बाद जेस्सोर रोड स्टेशन पर ट्रेन में सवार होकर छह किलोमीटर लंबे जय हिंद बिमान बंदर–नोआपारा मार्ग पर मेट्रो की सवारी की। मोदी ने सफर के दौरान स्कूली बच्चों से बातचीत की और उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं। इसके बाद वे जय हिंद विमान बंदर (शहर हवाई अड्डा) स्टेशन गए, जहां उन्हें सुविधाओं का अवलोकन कराया गया और फिर वे जेस्सोर रोड स्टेशन लौट आये।

## मेट्रो यात्रियों के लिए जरूरी! जानिए नए सेक्शनों की सेवाओं का समय

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो अब यात्रियों के लिए तीन नए सेक्शनों पर नियमित समय–सारिणी के साथ उपलब्ध हैं। नोआपाड़ा से जय हिंद विमानबंदर तक येलो लाइन, हावड़ा मैदान से सॉल्टलेक सेक्टर पांच तक ग्रीन लाइन और कवि सुभाष से बेलेघाटा तक ऑरेंज लाइन पर सुबह से रात तक निर्धारित अंतराल पर मेट्रो ट्रेनें चलेंगी।

ग्रीन लाइन पर हावड़ा मैदान से सॉल्टलेक सेक्टर पांच तक शुक्रवार से सेवाएं शुरू हो चुकी है। इस रूट पर सोमवार से शनिवार तक 186 सेवाएं उपलब्ध होंगी, हावड़ा मैदान से 93 और सॉल्टलेक सेक्टर पांच से 93। मेट्रो प्रत्येक दिशा में 8 मिनट के अंतराल पर चलेंगी। हावड़ा मैदान से सॉल्टलेक सेक्टर पांच तक ग्रीन लाइन पर मेट्रो की पहली सेवा सुबह 06:30 बजे हावड़ा मैदान से और 06:32 बजे सॉल्टलेक सेक्टर पांच से शुरू होगी। अंतिम सेवा रात 21:45 बजे हावड़ा मैदान से और 21:47 बजे सॉल्टलेक सेक्टर पांच से चलेगी।

वहीं, रविवार को इस सेक्शन पर कुल 104 सेवाएं उपलब्ध रहेंगी, जिसमें हावड़ा मैदान और सॉल्टलेक सेक्टर पांच से 52–52 सेवाएं होंगी और सेवाएं दोनों दिशाओं में 15 मिनट अंतराल पर चलेंगी। रविवार को पहली सेवा हावड़ा मैदान से सुबह 09:00 बजे और सॉल्टलेक सेक्टर पांच से सुबह 09:02 बजे शुरू होगी जबकि अंतिम सेवा सॉल्टलेक सेक्टर पांच से



रात 21:45 बजे और हावड़ा मैदान से 21:47 बजे चलेगी।

ऑरेंज लाइन पर कवि सुभाष से बेलेघाटा तक 25 अगस्त 2025 से सोमवार से शुक्रवार कुल 60 दैनिक सेवाएं उपलब्ध रहेंगी, जिनमें 30 कवि सुभाष से बेलेघाटा और 30 बेलेघाटा से कवि सुभाष के लिए चलेंगी। सेवाएं 25 मिनट अंतराल पर चलेंगी। इस सेक्शन की पहली सेवा सुबह 08:00 बजे और अंतिम सेवा 20:05 बजे दोनों दिशाओं में होगी। शनिवार और रविवार को इस लाइन पर सेवाएं नहीं उपलब्ध रहेंगी।

येलो लाइन पर नोआपाड़ा से जय हिंद विमानबंदर तक भी 25 अगस्त 2025 से सोमवार से शुक्रवार कुल 120 सेवाएं उपलब्ध रहेंगी, जिसमें 60 नोआपाड़ा से और 60 जय हिंद विमानबंदर से चलेंगी। इन सेवाओं का अंतराल 10–15 मिनट रहेगा। पहली सेवा सुबह 07:58 बजे और अंतिम सेवा 20:00 बजे दोनों दिशाओं में होगी। शनिवार और रविवार को येलो लाइन पर सेवाएं उपलब्ध नहीं रहेंगी।

# रेल मंत्री रहते मेट्रो परियोजनाओं को मैंने मंजूरी दी और मुफ्त जमीन की व्यवस्था की : ममता

### मेट्रो परियोजनाओं में राज्य की ओर से सभी बाधाओं को दूर करने का किया दावा



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुक्रवार को कोलकाता में तीन नए मार्गों पर मेट्रो सेवाओं के उद्घाटन से पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया कि इन मेट्रो परियोजनाओं के लिए मैंने मुफ्त जमीन की व्यवस्था करवाने से लेकर सड़कें बनवाईं, विस्थापित लोगों के पुनर्वास की व्यवस्था की और सभी बाधाओं को दूर किया। ममता ने कहा कि रेल मंत्री के रूप में मैंने ही इन मेट्रो परियोजनाओं की योजना बनाई थी और इसे मंजूरी दी थी। ममता ने दोपहर में एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि आज मुझे थोड़ी पुरानी यादें ताजा करने की इजाजत दीजिए। भारत के रेल मंत्री के रूप में मुझे महानगर कोलकाता में मेट्रो रेलवे कॉरिडोर की श्रृंखला की योजना बनाने और उन्हें मंज़ूरी देने का सौभाग्य मिला। मैंने ब्लूप्रिंट तैयार किए, धन की व्यवस्था की, कार्य शुरू किए और यह सुनिश्चित किया कि शहर के विभिन्न छोर (जोका, गरिया, हवाई अड्डा, सेक्टर 5, आदि) एक अंतर्नगरीय मेट्रो ग्रिड से जुड़े। उन्होंने आगे लिखा कि बाद में, बंगाल की मुख्यमंत्री के रूप में मुझे परियोजनाओं के क्रियान्वयन में भाग लेने का अतिरिक्त सौभाग्य प्राप्त हुआ। राज्य की ओर से, मैंने मुफ्त जमीन की व्यवस्था की, सड़कें बनवाईं, विस्थापित लोगों के पुनर्वास की व्यवस्था की, बाधाओं को दूर किया और परियोजनाओं के क्रियान्वयन में हरसंभव मदद सुनिश्चित की। हमारे मुख्य सचिवों ने क्रियान्वयन एजेंसियों के एकीकरण को सुनिश्चित करने के लिए लगातार समन्वय बैठकें कीं। रेल मंत्री के रूप में मेरी योजना क्रियान्वयन में मेरी भागीदारी से पूरी हुई। ममता ने अंत में लिखा कि मेट्रो के बुनियादी ढांचे का विस्तार मेरे लिए एक लंबी यात्रा रही है।

### ममता के बयान पर शुभेंदु अधिकारी का पलटवार, कहा...

## ‘मेट्रो परियोजनाओं में आपका योगदान शून्य’



**कोलकाता, समाज्ञा :** नेता प्रतिपक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर मेट्रो परियोजनाओं को लेकर करारा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी का योगदान ‘एक बड़ा शून्य’ है और बंगाल को झूठे दावों से नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी की दृष्टि और कार्यशैली से वास्तविक विकास मिल रहा है। भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री अब उन योजनाओं का श्रेय लेने की कोशिश कर रही हैं, जिन्हें उनके कार्यकाल में ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। रेल मंत्री रहते ममता बनर्जी ने कुछ परियोजनाओं के ब्लूप्रिंट जरूर तैयार कराए थे, लेकिन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) शासन के भ्रष्टाचार और देरी के कारण वे वर्षों तक रुकी रहीं। आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री बनने के बाद भी राज्य सरकार की ओर से लगातार गैर–सहयोग और भूमि अधिग्रहण में विफलता ने इन परियोजनाओं को और अधिक लटका दिया। नेता प्रतिपक्ष ने विशेष तौर पर सियालदह–एस्प्लानेड खंड और न्यू गड़िया–एयरपोर्ट मेट्रो कॉरिडोर (ऑरेंज लाइन) का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य सरकार की वजह से बार–बार रुकावट आई। आरोप लगाया कि चिंगरिघाटा जंक्शन पर वायाडक्ट निर्माण के लिए सभी इंतजाम होने के बावजूद पश्चिम बंगाल सरकार से एनओसी महीनों से लंबित है, जबकि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के व्यक्तिगत पत्र के बावजूद मंजूरी नहीं मिली। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मेट्रो परियोजनाओं को गति मिली है। उनके अनुसार, यूपीए काल में पश्चिम बंगाल को औसतन 4,380 करोड़ की रेलवे फंडिंग मिलती थी, जो अब बढ़कर 13,955 करोड़ हो गई है। वर्तमान में, राज्य में 83,765 करोड़ की परियोजनाओं पर काम चल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी कोलकाता को विश्व स्तरीय मेट्रो कनेक्टिविटी दे रहे हैं, जबकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी केवल बहानेबाजी और उद्घाटन कार्यक्रमों के बहिष्कार तक सीमित रह गई हैं।

# ‘बंगाल में केंद्र का पैसा टीएमसी कैडर पर खर्च होता है’

### तृणमूल कांग्रेस पर पीएम मोदी का करारा हमला



**कोलकाता :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता का दौरा किया। यहां पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले 11 सालों में केंद्र की भाजपा सरकार ने पश्चिम बंगाल के विकास के लिए लगातार हर तरह की मदद दी है। बंगाल में नेशनल हाईवे के निर्माण के लिए जितना पैसा कांग्रेस की यूपीए गठबंधन की सरकार ने अपने 10 साल में दिया था, उससे 3 गुना से ज्यादा पैसा हमारी भारत सरकार ने बंगाल को दिया है। पीएम मोदी ने कहा, रेलवे के लिए भी बंगाल का बजट पहले की तुलना में तीन गुना बढ़ाया गया है। लेकिन, बंगाल में विकास कार्यों के सामने एक बहुत बड़ी चुनौती है। चुनौती ये है कि बंगाल के लिए जो पैसा हम राज्य सरकार को सीधे भेजते हैं, उसका ज्यादातर हिस्सा यहां लूट लिया जाता है। वो पैसा टीएमसी काडर पर खर्च होता है। इसलिए गरीब कल्याण की अनेक योजनाओं में बंगाल देश के दूसरे राज्यों से पिछड़ा हुआ है।

### बंगाल के आलू किसान सबसे अधिक क़ीमत पा रहे हैं : मंत्री बेचाराम मन्ना

**हुगली/कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के कृषि विपणन मंत्री बेचाराम मन्ना ने राज्य के आलू उत्पादन को आत्मनिर्भर बताते हुए कहा कि अन्य राज्यों की तुलना में बंगाल के किसान आलू के लिए सबसे अधिक मूल्य प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब के थोक बाजार में प्रति क्विंटल आलू 800 रुपये में बिक रहा है, जबकि बंगाली पश्चिम बंगाल के किसान को 1080 से 1340 रुपये प्रति क्विंटल की दर मिल रही है। मंत्री मन्ना ने बताया कि उत्तर प्रदेश और बिहार में तो आलू की थोक दर क्रमशः 850 और 1300 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच रही है। बंगाल में किसानों का दाम बढ़िया होने का श्रेय व्यवस्था और कुशल विपणन प्रणाली को बताया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि अब तक राज्य में भंडारण से 41% आलू बाज़ार में निकला है, और विश्वकर्मा पूजा से पहले यह आंकड़ा 55% तक पहुंचे की उम्मीद है।

## बउबाजार के निवासियों ने पूर्व–पश्चिम मेट्रो सुरंग से घरों को हुए नुकसान को लेकर दिया धरना

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर कोलकाता के बउबाजार के 200 से अधिक निवासियों ने शुक्रवार को अधिकारियों पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए धरना दिया। बता दें कि वर्ष 2019 से पूर्व–पश्चिम मेट्रो सुरंग निर्माण के दौरान बार–बार जमीन धंसने की घटनाओं के कारण इन निवासियों के घरों को नुकसान पहुंचा है। तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय पार्षद बिस्वरूप दे ने कहा कि एस्प्लेनेड–सियालदह खंड में दुर्गा पितुरी लेन के किनारे कई पुराने घरों में ‘बड़ी दरारें’ आ गई हैं, जिससे कई परिवार पिछले छह सालों से किराए के मकानों या रिश्तेदारों के यहां रहने को मजबूर हैं। बी बी गांगुली स्ट्रीट के पास विरोध प्रदर्शन के दौरान एक प्रभावित परिवार के सदस्य सौरव मुखर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एस्प्लेनेड–सियालदह सहित तीन नए मेट्रो रूट का उद्घाटन किया है, लेकिन हममें से अधिकतर लोग रेलवे की उदासीनता के कारण अपने पुश्तैनी घरों से लगातार बाहर रह रहे हैं। क्या कोई बता सकता है कि हमें कब तक किराए के अपार्टमेंट में रहना पड़ेगा? हमारी क्या गलती है?

एक अधिकारी ने बताया कि कोलकाता मेट्रो रेलवे कॉरपोरेशन लिमिटेड (केएमआरसीएल) जल्द ही प्रभावित मकानों के पुनर्निर्माण और नवीनीकरण के लिए निविदाएं जारी करेगा, जिसके लिए कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के भवन विभाग से मंजूरी मिल चुकी है।

**Name Change**

I, VIBHAVATI RAI(OLD NAME), WIFE OF ARVIND KUMAR RAI, RESIDING AT 1008 B BLOCK, PANKI, KANPUR PANKABAHADUR NAGAR KAMPUR NAGAR, UTTAR PRADESH-208020, INDIA, HAVE CHANGED MY NAME AND SHALL HENCEFORTH BE KNOWN AS VIBHAWATI RAI (NEW NAME) VIDE AN AFFIDAVIT SWORN BEFORE THE NOTARY PUBLIC AT KOLKATA ON 18/08/2025. VIBHAVATI RAI AND VIBHAWATI RAI BOTH ARE THE SAME AND ONE IDENTICAL PERSON.

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: एचजी_9_प्रोक्योरमेंट_डाइट_25, दिनांक: 21.08.2025।** चिकित्सा निदेशक, बी.आर. सिंह अस्पताल, पूर्व रेलवे, सियालदह, बेलियाघाटा रोड, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए अनुभवी एवं सम्माननीय एजेंसियों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सिर्फ नीचे उल्लिखित वेबसाइट के जरिये ही ऑनलाइन बोली लगानी होगी। इस निविदा संख्या के तहत हार्ड प्रति में निविदा दस्तावेज नहीं बेचे जायेंगे। **निविदा सं.: एचजी_9_प्रोक्योरमेंट_डाइट_25। कार्य का नाम सहित लोकेशन:** 01 वर्ष (365 दिनों) के लिए बी.आर. सिंह अस्पताल, सियालदह के इंडोर भर्ती रोगियों के लिए आहार सामग्रियों की प्राप्ति। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,53,46,627. 14। **बयाना राशि:** ₹ 2,26,700। **ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समय:** 08.09.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण : www.ireps.gov.in। सूचना पट्ट:** चिकित्सा निदेशक, बी.आर. सिंह अस्पताल, पूर्व रेलवे, सियालदह का कार्यालय।

(MED-03/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एमसी_एससी_रोड आर्ट_आर2025, दिनांक : 19.08.2025।** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, रूम संख्या 42, पहली मंज़िल, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता- 700014 द्वारा नीचे उल्लिखित कार्य के लिए पर्याप्त अनुभव एवं आर्थिक क्षमता रखने वाले सम्माननीय ठेकेदारों से निर्धारित निविदा प्रपत्र में 'दो लिफाफा प्रणाली' में मुहरबंद खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : **कार्य का नाम/विवरण:** 03 वर्षों की अवधि के लिए पटरी से उतरने/दुर्घटना वाले स्थान तक आपदा सामग्रियों के परिवहन के लिए वाहन (क्षमता 5/8 एमटी) को किराये पर लेना। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,98,89,994.60। **बयाना राशि:** ₹2,49,500। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 0। **ठेके की अवधि:** 3 वर्ष। **बोली शुरू होने की तारीख:** 27.08.2025। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 10.09.2025 को सुबह 11.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 10.09.2025 को सुबह 11.00 बजे। ई-निविदा सूचना एवं कार्य हेतु पात्रता की शर्तों सहित निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** (वेबसाइट यूआरएल) पर देखा एवं से डाउनलोड किया जा सकता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(SDAH-179/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**सेवानिवृत्त पर्यवेक्षी कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति**

हावड़ा मंडल के तहत इलेक्ट्रिकल/टीआरडी विभाग में लेवल-6/जीपी-4,200/- पर रिक्त पदों के लिए **06 (छह) सेवानिवृत्त पर्यवेक्षी कर्मचारियों** [जेई: 06 (छह)] को पुनः नियुक्त किया जाएगा। इन पदों पर आवेदन करने के लिए अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष है। अधिक जानकारी के लिए, कृपया रेलवे की वेबसाइट (**http://er.indianrailways.gov.in**) देखें।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

पूर्व रेलवे

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

## दिल्ली हाई कोर्ट ने कोलकाता में कोर्ट कमिश्नर पर हमले के मामले में 12 लोगों को अवमाननाका दोषी ठहराया

**नयी दिल्ली/कोलकाता**

दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को अदालत द्वारा नियुक्त कोर्ट कमिश्नर के कोलकाता दौरे में बाधा डालने और उन पर हमला करने के लिए 12 लोगों को अवमानना का दोषी ठहराया। हाई कोर्ट ने इन 12 लोगों को न्याय प्रशासन में हस्तक्षेप करने और आपराधिक अवमानना का दोषी ठहराते हुए एक दिन के साधारण कारावास की सजा सुनाई और प्रत्येक पर 2,000 रुपये का जुर्माना लगाया। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ ने सजा सुनाते हुए कहा कि यद्यपि प्रतिवादियों ने बिना शर्त माफी मांग ली थी, लेकिन अदालत द्वारा नियुक्त कोर्ट कमिश्नर तथा उनके साथ मौजूद पुलिस अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार किया गया और उन्हें चोटें आईं। मामले में अवमाननाकर्ता दुकानदार और ‘सेल्समैन’ बताए गए हैं। हाई कोर्ट द्वारा नियुक्त 11 कोर्ट कमिश्नर को कोलकाता में दुकानों का दौरा करने और ‘सैमसंग’ ट्रेडमार्क या इसके ट्रेडमार्क के समान किसी अन्य चिह्न के तहत बेचे जा रहे नकली उत्पादों की सूची तैयार करने के लिए कहा गया था। अधिकारियों को ऐसी सभी वस्तुओं को जब्त करने के लिए भी कहा गया था। अवमानना कार्यवाही तब शुरू की गई, जब 11 कोर्ट कमिश्नर में से एक ने दावा किया कि उन पर अनियंत्रित भीड़ ने हमला किया, जो उन्हें न्यायिक कार्य करने से रोकने के लिए एकत्र हुई थी।



दमदम के सेंट्रल जेल ग्राउंड में आयोजित जनसभा में पीएम मोदी को सम्मानित करते विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सूचना सं.: पीसीएमएम/जीईएनएल/टीपी/2025/32, दिनांक 21.08.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, मुख्यालय (पांचवीं मंजिल), न्यू प्रशासनिक भवन, 11, गार्डनरीच रोड, कोलकाता-700043 द्वारा "ई" प्रोक्योरमेंट प्रणाली के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। सभी निविदाएं अपराह्न 2.00 बजे बंद कर दी जाएगी।

| क्र.सं. | निविदा सं. | नियत तिथि | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | ईएमडी (रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 38253172 | 17.09.2025 | बीओबीआरएन वैगन के लिए डोर असेम्बली (डबल लिंक) | 190 अदद | रु. 1,81,600/- |
| 2 | 38253028 | 06.10.2025 | बीओएक्सएनएचएल वैगन के लिए कपलर रॉड | 20500 अदद | रु. 2,10,450/- |
| 3 | 38253185 | 08.10.2025 | फ्लैप डोर अरेंजमेंट के लिए लॉकिंग बोल्ट एवं उसके ब्रैकेट | 79440 अदद | रु. 1,36,480/- |
| 4 | 38251507 | 27.10.2025 | कैसनब 22एचएस बोगी हेतु बोलस्टर के लिए आउटर स्प्रिंग | 15900 अदद | रु. 3,75,240/- |
| 5 | 38253917 | 30.10.2025 | बीओएक्सएनएचएल वैगन के लिए क्रिब/एंड एंगल | 7300 अदद | रु. 2,23,960/- |
| 6 | 60255338 | 08.09.2025 | पीएससी स्लीपरों इत्यादि पर 60 किग्रा रेल हेतु ग्लूड ज्वाइंट | 1770 अदद | रु. 16,04,040/- |
| 7 | 60250015 | 15.09.2025 | पीएससी स्लीपरों इत्यादि पर बीजी 60 किग्रा [यूआईसी] रेल के लिए 1 इन 12 सीएमएस क्रॉसिंग का निर्माण एवं आपूर्ति | 1000 सेट | रु. 20,00,000/- |
| 8 | 56255186 | 12.09.2025 | आपूर्ति, परिवहन, स्थापना, जांच एवं शुरू करने इत्यादि के लिए चालू अनुबंध | वेबसाइट के अनुसार | रु. 3,91,000/- |
| 9 | 29253229 | 12.09.2025 | टीथ पीनियन इत्यादि | 408 अदद | रु. 2,38,550/- |
| 10 | 29253695 | 16.09.2025 | IV कपलर सॉकेट असेम्बली | 79 सेट | रु. 1,29,560/- |
| 11 | 25251198 | 06.10.2025 | डब्ल्यूएजी7 लोको इत्यादि का इक्वालाइजर (संशोधित) | 391 अदद | रु. 1,83,730/- |
| 12 | 25251211 | 13.10.2025 | ड्राइवर का ऑटो ब्रेक वॉल्व ए9 | 106 अदद | रु. 1,04,680/- |
| 13 | 47245014ए | 18.09.2025 | यात्री लिफ्ट की आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं चालू करने के साथ सम्पूर्ण एएमसी | 03 अदद | रु. 2,98,940/- |
| 14 | 40253119 | 23.09.2025 | 2x150 वर्ग मिमी, एक्सएलपीई इंसुलेटेड, 1100 वोल्ट ग्रेड इत्यादि की आपूर्ति के लिए चालू अनुबंध | 125000 मीटर | रु. 8,62,500 |
| 15 | 77255001 | 11.09.2025 | कोचों (आईसीएफ/एलएचबी) की बाहरी साइड वॉल के लिए एंटी-ग्राफिटी क्लियर कोटिंग की आपूर्ति एवं प्रयोग | 1950 सेट | रु. 8,73,870 |
| 16 | 60250130 | 19.09.2025 | 60 किग्रा रेल इत्यादि के लिए ग्लूड ज्वाइंट हेतु फिश प्लेट का निर्माण एवं आपूर्ति | 6000 अदद | रु. 2,74,560 |
| 17 | 72253053ए | 15.09.2025 | टी.सी. इंसर्ट न्यूट्रल अपेंडेड, 30 मिमी लंबा | 11630 अदद | रु. 2,27,530 |

इच्छुक निविदादातागण निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देशन के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियाँ ऑनलाइन जमा करें। किसी भी परिस्थिति में इन मदों के लिए मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** प्रत्याशित बोलीदातागण अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने तथा तदुपरांत प्रकाशित किसी भी शुद्धिपत्र के लिए नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। **(PR-550)**

# पंचसायर आवास से वृद्धा का हाथ–पांव बंधा रक्तरंजित शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के न्यू गड़िया इलाके में शुक्रवार की सुबह एक बहुमंजिला आवास से वृद्ध महिला का संदिग्ध हालात में शव बरामद हुआ। मृतका की पहचान विजया दास (79) के रूप में हुई है। उनके हाथ–पांव बंधे हुए थे और मुंह पर सेलोटेप चिपका हुआ था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह में घरेलू सहायिका घर पर काम करने पहुंचीं तो उन्होंने महिला को रक्तरंजित अवस्था में मृत पाया। उनकी चीख–पुकार सुनकर पड़ोसी वहां पहुंचे और तुरंत पुलिस को घटना की सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने पूरे फ्लैट को घेरकर जांच शुरू की। बताया जा रहा है कि मृतका अपने बीमार पति के साथ उसी फ्लैट में रहती थीं। घटना के समय पति घर



पर ही मौजूद थे, जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है।

पूछताछ के दौरान पता चला कि का एक बेटा बंधन दास है, जो अपनी पत्नी और बेटी के साथ कहीं और रहता है। पुलिस का अनुमान है कि महिला की सिर पर किसी भारी वस्तु से चोट पहुंचाकर हत्या की गई होगी। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ, फोटोग्राफर, हत्या और अन्य विशेषज्ञों को थाने में बुलाया गया।

### कोलकाता हवाई अड्डे पर सुरक्षा एजेंसी के कुत्ते ने बच्चे को काटा

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता हवाई अड्डे पर सुरक्षा एजेंसी के कुत्ते द्वारा चार साल के बच्चे को काटे जाने का मामला सामने आया है। इस कारण बच्चे के परिवार को अपनी मलेशिया यात्रा रद्द करनी पड़ी। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना 12 अगस्त को हवाई अड्डा प्रस्थान द्वार 4ए और 4बी के बीच हुई, जब बच्चा अपने माता–पिता के साथ हवाई अड्डे पर था। इस संबंध में पुलिस में एक सप्ताह बाद शिकायत दर्ज की गई। शिकायत के अनुसार, जर्मन शेफर्ड नस्ल का कुत्ता अपने 'हैंडलर' के साथ था जिसने कुत्ते को पकड़ रखा था। कुत्ता ने अचानक बच्चे को काट लिया। अधिकारी ने बताया कि कुत्ते के 'हैंडलर' के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है जो कुत्ते को नियंत्रित करने में असमर्थ साबित हुआ, जिससे बच्चे को गंभीर चोटें आईं और परिवार को मलेशिया की यात्रा रद्द करनी पड़ी।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/569, दिनांक: 21.08.2025।** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा संख्या: एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/30/25-26/सीएपी। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** सियालदह मंडल में परिसंपत्ति अनुरक्षण एवं प्रबंधन के लिए उचित एनालिटिक्स हेतु डेटा लॉगर कंसोल का प्रावधान एवं एस एंड टी/सीएनएल/सियालदह का क्रमोन्नयन। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,59,17,850.88। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **जमा की जानेवाली बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** ₹ 2,79,600। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 06 महीना। **निविदा जमा शुरू होने की तारीख:** 05.09.2025। **निविदा जमा बंद होने की तारीख:** 19.09.2025 को दोपहर 2.00 बजे तक। **निविदा बोली खुलने की तारीख:** 19.09.2025 को दोपहर 2.30 बजे। **विवरण जहाँ उपलब्ध है: www.ireps.gov.in। तकनीकी पात्रता की शर्तें:** निविदादाता को जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गई है उसके ठीक पहले वाले महीने के अंतिम दिन को समाप्त विगत 07 (सात) वर्षों के दौरान कार्य (यों) की निम्नलिखित श्रेणियों में से कोई भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया हुआ होना अथवा काफी हद तक पूरा किया हुआ होना चाहिए: (i) समरूप प्रकृति के तीन कार्य, जिसमें से प्रत्येक की कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 30% की राशि के समान हो अथवा (ii) समरूप प्रकृति के दो कार्य, जिसमें से प्रत्येक की कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 40% की राशि के समान हो अथवा (iii) समरूप प्रकृति का एक कार्य, जिसकी कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 60% की राशि के समान हो। **वित्तीय पात्रता की शर्तें:** निविदादाता के पास वी/एन अथवा 'वी', जो भी कम हो, का न्यूनतम औसतन वार्षिक ठेकागत कारोबार अवश्य होना चाहिए; जहाँ वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन = कार्य संपादन हेतु निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकागत कारोबार की गणना लेखा-परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार विगत तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकागत भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, पिछले वर्ष का तुलन पत्र अभी तक तैयार/लेखा-परीक्षित ना होने के मामले में, औसत वार्षिक ठेकागत कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा-परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जायेगा। निविदादाता को लेखा-परीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथोचित समर्थित सनदी लेखापाल से प्राप्त प्रमाणपत्र/सनदी लेखापाल द्वारा यथोचित प्रमाणित लेखा-परीक्षित तुलन पत्र की प्रतियों के साथ जीसीसी 2022 के अनुलग्नक-VIबी (इंस्टेंट निविदा दस्तावेज की प्रपत्र-6) के अनुसार आवश्यक जानकारियां अवश्य जमा करनी होंगी। **जमा किये जाने वाले अन्य दस्तावेज:** निविदा दस्तावेज में उल्लिखित अनुसार। **समरूप प्रकृति का कार्य:** डेटा लॉगर या आरटीयू की आपूर्ति, स्थापना और शुरुआत या ईआई या आरआरआई या पीआई या आईबीएस या आईबीएच या लेवल क्रॉसिंग गेट इंटरलॉकिंग या यार्ड संशोधन या यूएफएसबीआई या ट्रैक सर्किट (एएफटीसी या डीसी टीसी) या एक्सल काउंटर (एसएसडीएसी या एमएसडीएसी या एचए-एसएसडीएसी) या स्वचालित सिग्नलिंग से जुड़े किसी भी सिग्नल इंटरलॉकिंग कार्य को इस निविदा कार्य के लिए समान प्रकृति के कार्य के रूप में माना जाएगा। **द्रष्टव्य:** निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में उल्लिखित अनुसार पात्रता की शर्तों को पूरा करने के उनके/उसके दावे के समर्थन में दस्तावेज अवश्य जमा करना होगा। निविदादाता द्वारा जमा किये जाने वाले अनुशंसा पत्र के समर्थन में दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों की प्रतियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता या निविदा देने वाली फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-अभिप्रमाणन/डिजीटल रूप से हस्ताक्षर अवश्य हो ने चाहिए। स्व-सत्यापन में शामिल हैं हस्ताक्षर, मुहर एवं तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर)।

(SDAH-180/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

# 7 और 14 सितंबर को होगी एसएससी लिखित परीक्षा, 5 लाख से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में एसएससी (स्कूल सर्विस कमीशन) की लिखित परीक्षा 7 और 14 सितंबर को आयोजित की जाएगी। शुक्रवार को जिलाधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक में मुख्य सचिव मनोज पंत ने यह स्पष्ट कर दिया।

नवान्ना सूत्रों के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार आवेदन की अंतिम तिथि 10 दिन बढ़ाई गई है। इस अवधि में जो भी उम्मीदवार आवेदन करेंगे, उन्हें आवेदन करने के 24 घंटे के भीतर एडमिट कार्ड उपलब्ध करा दिया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया कल से शुरू होकर 1 सितंबर तक चलेगी।

मुख्य सचिव ने बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा को लेकर सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। इस बार पूरे राज्य में लगभग 5 लाख 80 हजार उम्मीदवार एसएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा देंगे। दोनों परीक्षा तिथियों पर पर्याप्त परिवहन की व्यवस्था रखने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं। राज्य सरकार की ओर से रेलवे को भी आवश्यक तैयारी करने के निर्देश मिले हैं।

इसके अलावा, बाढ़ या भारी बारिश की स्थिति में परीक्षा केंद्रों के आसपास जलजमाव न हो, इसके लिए सभी जिलाधिकारियों को विशेष कदम उठाने को कहा गया है। यदि किसी परीक्षा केंद्र को लेकर कोई समस्या उत्पन्न होती है तो सीधे एसएससी से संपर्क कर तत्काल समाधान करने का निर्देश दिया गया है।

हर परीक्षा केंद्र पर प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों की फ्रिस्किंग (जांच) अनिवार्य होगी। साथ ही, जब प्रश्नपत्र परीक्षा केंद्र पर पहुंचेगा तो वहां एक सरकारी अधिकारी की मौजूदगी सुनिश्चित करनी होगी, जो परीक्षा संबंधी सभी जिम्मेदारियां संभालेंगे।

# स्नातक स्तर पर प्रवेश को लेकर बड़ी खबर, शिक्षा मंत्री ने दी शुभकामनाएं



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में उच्च माध्यमिक परीक्षा का परिणाम 7 मई को प्रकाशित हुआ था। इसके बाद साढ़े तीन महीने तक कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू नहीं होने पर विपक्ष लगातार सवाल उठा रहा था। लेकिन शुक्रवार को ओबीसी आरक्षण को लेकर हाईकोर्ट के निर्देश पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने के बाद स्नातक स्तर पर केंद्रीय ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल पर मेरिट लिस्ट प्रकाशित कर दी गई।

इसकी जानकारी स्वयं राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने सोशल मीडिया पर दी। उन्होंने लिखा, स्नातक स्तर पर केंद्रीय ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल पर आज पहली मेरिट लिस्ट प्रकाशित हुई। कानूनी जटिलता की वजह से मेरिट लिस्ट जारी नहीं हो पा रही थी, जिससे छात्र-छात्राओं और अभिभावकों की तरह हम भी चिंतित थे। कुल 3,09,667 वैध आवेदकों को 17 विश्वविद्यालयों के अधीन 460 कॉलेजों में 7,232 विषयों के अंतर्गत 4,02,557 सीटें उनकी पसंद के आधार पर आवंटित की गई हैं।

उन्होंने आगे कहा कि आज से ही कॉलेजों में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है, जो पहले चरण में 25 अगस्त तक चलेगी। शिक्षा मंत्री ने सभी छात्रों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि स्नातक स्तर पर उनकी नई यात्रा सफलता से भरी हो।

गौरतलब है कि कानूनी अड़चन के कारण मेरिट लिस्ट अटकी हुई थी। अब देखना होगा कि कितने छात्र-छात्राएँ प्रवेश लेते हैं, क्योंकि पिछले वर्ष कई कॉलेजों में सीटें खाली रह गई थीं।

## हरोआ में फर्जी वोटर कार्ड बनाने के आरोप में महिला गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा**

उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट अनुमंडल के हरोआ



थाना अंतर्गत कुल्टी ग्राम पंचायत के राधानगर गांव में फर्जी वोटर कार्ड बनाने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के बाद उससे पूछताछ शुरू कर दी है। महिला ने जाली दस्तावेज क्यों बनाए? आरोपी महिला की क्या योजना थी? पुलिस पूरी घटना की जांच कर रही है। आरोपी का नाम रेहाना बीबी (35) है। पता चला है कि आरोपी महिला ने फर्जी वोटर कार्ड बनाए थे। जब हरोआ प्रखंड प्रशासन को इस घटना की जानकारी मिली, तो प्रशासन ने हरोआ थाने में शिकायत दर्ज कराई। उस शिकायत के आधार पर हरोआ थाने की पुलिस ने आरोपी रेहाना बीबी को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के अनुसार, आरोपी गृहिणी को बशीरहाट अनुमंडल न्यायालय भेज दिया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी को पुलिस हिरासत में लेने के लिए एक आवेदन दायर किया गया है। पुलिस आरोपी महिला को अपनी हिरासत में लेकर उससे पूछताछ करना चाहती है। इसके साथ ही पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। इतना ही नहीं, खबर है कि प्रशासन ने भी जांच शुरू कर दी है और मामले की जांच कर रहा है।

## दो तृणमूल कार्यकर्ता की हत्या के मामले में 12 कांग्रेस और सीपीएम कार्यकर्ताओं को आजीवन कारावास

❑ बीरभूम में 2023 में हुई थी वारदात, आठ आरोपित अब भी फरार



**बीरभूम :** बीरभूम में तृणमूल कांग्रेस के दो कार्यकर्ताओं की हत्या के मामले में रामपुरहाट महकमा अदालत ने गुरुवार को कांग्रेस व माकपा के 12 कार्यकर्ताओं को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही प्रत्येक पर दो-दो लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है, जिसका भुगतान नहीं करने पर छह महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। रामपुरहाट महकमा अदालत के फास्ट ट्रैक कोर्ट के अतिरिक्त जिला व सत्र न्यायाधीश संदीप कुमार कुडु ने यह फैसला सुनाया। यह हत्याकांड 2023 को हुआ था। उस वर्ष तीन फरवरी को बीरभूम के माडग्राम-1 पंचायत के प्रधान व तृणमूल नेता भुट्टू शेख के भाई लालटू शेख व उसके साथी न्यूटन शेख की बमों से हमला करके हत्या कर दी गई थी। इस मामले में 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। हत्याकांड के आठ आरोपित अभी भी फरार हैं। पुलिस ने वारदात के 86 दिनों बाद आरोपपत्र दाखिल किया था।

# आर आर अग्रवाल ज्वेलर्स ने 49वीं सालगिरह पर लॉन्च किया नया रॉयल कलेक्शन



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के विश्वसनीय और प्रसिद्ध ज्वेलर्स आर आर अग्रवाल ज्वेलर्स ने अपनी 49वीं सालगिरह धूमधाम से मनाई। 1976 में स्थापित यह ज्वेलर्स आज देश के ज्वेलरी उद्योग में एक प्रतिष्ठित नाम बन चुका है। इस खास मौके पर 21 अगस्त से 27 अगस्त 2025 तक ग्राहकों के लिए मेकिंग चार्ज पर विशेष डिस्काउंट और कई आकर्षक ऑफर्स पेश किए गए हैं।

इस अवसर पर कंपनी ने अपना नया और भव्य रॉयल कलेक्शन भी लॉन्च किया। इस कलेक्शन में जेंट्स और लेडीज दोनों के लिए विवाह और विशेष अवसरों पर पहने जाने वाले अनोखे डिजाइन शामिल हैं। इनमें बड़े साइज के हैवी सेट्स, बैंगल्स और पारंपरिक डिजाइन में आधुनिक टच ग्राहकों को बेहद आकर्षित कर रहे हैं।

डायरेक्टर रतनलाल अग्रवाल और रेवती रमण अग्रवाल ने कहा कि ग्राहकों का विश्वास और प्यार हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। हर साल हम नई रेंज और ऑफर्स लेकर आते हैं ताकि ग्राहकों को अधिक विकल्प मिलें। इस वर्षगांठ पर विशेष स्क्रैच एंड विन ऑफर भी रखा गया है, जिसमें ग्राहक अतिरिक्त उपहार और लाभ प्राप्त कर सकते हैं। आर आर अग्रवाल ज्वेलर्स के वर्तमान में छह शो-रूम हैं - कोलकाता (कैमक स्ट्रीट, सिटी सेंटर वन, बड़ा बाजार), जयपुर, राउरकेला और सिलीगुड़ी। यहां कुंदन-जराऊ, पोल्की, रियल डायमंड सेट्स, 22 कैरेट गोल्ड ज्वेलरी, सॉलिटेयर डायमंड और ग्रह रत्न जैसी ज्वेलरी हमेशा उपलब्ध रहती है।

डायरेक्टर ऋषभ अग्रवाल ने बताया कि यह विशेष डिस्काउंट ऑफर 21 अगस्त से 27 अगस्त तक जारी रहेगा और सभी शो-रूम इस अवधि में रविवार को भी खुले रहेंगे।

# कूचबिहार में इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रावास से छात्रा का शव बरामद



**कूचबिहार :** कूचबिहार इंजीनियरिंग कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल से एक छात्रा का फंदे से लटका शव मिलने से पूरे परिसर में शोक का माहौल है। मृतका की पहचान अन्वेषा घोष (20) के रूप में हुई है, जो कॉलेज की तीसरे वर्ष की छात्रा थीं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुरुवार की देर रात लगभग 1.30 बजे सहपाठियों ने अन्वेषा को हॉस्टल के एक कमरे में लटकते हुए देखा। तत्काल उन्हें कूचबिहार एम. जे. एन. मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार, अन्वेषा पश्चिम बर्दवान जिले के दुर्गापुर की निवासी थीं। कॉलेज प्रशासन ने घटना की सूचना उनके परिवार को दे दी है। शुक्रवार सुबह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कृष्ण गोपाल मिना और कोतवाली थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची है। फिलहाल, छात्रा की मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## हाई कोर्ट ने आवारा कुत्तों के टीकाकरण, बंध्याकरण पर रिपोर्ट तलब की

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शहर और उसके आसपास के इलाकों में आवारा कुत्तों के टीकाकरण एवं बंध्याकरण को लेकर संबंधित प्रशासनों से रिपोर्ट मांगी है। एक जनहित याचिका में, याचिकाकर्ता ने दावा किया कि राज्य में पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) नियमावली, 2023 लागू नहीं की गयी है। न्यायमूर्ति सुजॉय पॉल और न्यायमूर्ति स्मिता दास दे की खंडपीठ ने गुरुवार को कोलकाता नगर निगम, विधाननगर नगर निगम और मामले में पक्षकार अन्य निकायों को चार सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता से कहा गया कि वह इसके बाद दो सप्ताह के भीतर, यदि कोई आपत्तियां हों, तो दाखिल करे।

# आज 'भारत को जानो' प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता होगी आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत विकास परिषद दक्षिण कोलकता शाखा द्वारा शनिवार को दोपहर 12 बजे से एक राष्ट्रीय स्तर की 'भारत को जानो' प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रहा है। इस प्रतियोगिता में कोलकता के अनेक विद्यालय भाग लेंगे, जिनमें आदर्श माध्यमिक विद्यालय, टालीगंज आदर्श हिन्दी हाईस्कूल, आईडियल सेण्डरी स्कूल, बालिका शिक्षा सदन, श्री जैन विद्यालय, टकसाल विद्यापीठ फॉर गर्ल्स, शारदा इन्सटीचियुट, टाटियां हाई स्कूल, अध्ययन एकेडमिक एण्ड किड्ज और पी. एम. श्री केन्द्रीय विद्यालय कमाण्ड अस्पताल, अलीपुर कोलकता के जूनियर वर्ग से दो और सिनियर वर्ग दो विद्यार्थियो का समूह अपना अपना दमखम दिखाएंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भवर लाल मिस्री एवं विशिष्ट अतिथि का पद विद्यालय के प्रबंध कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. संवाद बनर्जी रहेंगे। शाखा के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, सचिव विपिन राय, राजस्व सचिव मारुति महेश्वरी एवं संयोजक डॉ. ए पी राय के साथ साथ परिषद के जयप्रकाश पाण्डे, त्रिभुवन प्रसाद सिंह आदि अनेक गण्यमान्य विभूतियां उपस्थित रहेंगी।

# पहले पत्नी के किए सैकड़ों टुकड़े, फिर थैले में दिल लेकर घूमता रहा पति

### पुलिस ने शव बरामद कर जांच शुरू की, आरोपी अब भी हैं फरार




**जलपाईगुड़ी :** उत्तर बंगल के जलपाईगुड़ी के मायनागुड़ी इलाके में एक खौफनाक घटना घटी है, जिसने पूरे जिले को हिला कर रख दिया। इलाके के रहने वाले रमेश राय नाम के व्यक्ति ने अपनी पत्नी दीपाली राय की न सिर्फ हत्या की, बल्कि उसके शव को टुकड़ों में काटा और दिल समेत कई अंग थैले में भरकर गांव में घूमता रहा। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि आरोपी ने कुछ लोगों को थैला खोलकर पत्नी का दिल भी दिखाया। इस घटना के बाद भयभीत लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पंचायत को दी। पंचायत प्रमुख ने पुलिस को जानकारी दी। इसके बाद, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव के बाकी हिस्सों को बरामद किया और उन्हें फिर पोस्टमार्टम के लिए जलपाईगुड़ी सरकारी कॉलेज अस्पताल भेजा। फिलहाल, आरोपी फरार है और उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, रमेश राय ने सुबह पत्नी की बत्या करने के बाद उसके शरीर को धारदार हथियार से काट डाला। इसके बाद वह थैला लेकर आस-पड़ोस के घरों में घूमता रहा। एक पड़ोसी ने बताया कि उसने खुद आकर थैला खोला और दिल व शरीर के अन्य हिस्से दिखाए। इसके बाद, गांव के लोग आरोपी के घर पहुंचे, जहां बिस्तर खून से बिल्कुल लथपथ पड़ा था। इसके बाद पुलिस को बुलाया गया। मायनागुड़ी थाने के प्रभारी सुबल चंद्र घोष ने बताया कि हत्या के बाद आरोपी कुछ देर तक इलाके में शव के टुकड़े लेकर घूमता रहा। हमारी टीम ने शव के टुकड़ों को बरामद किया है और आरोपी की तलाश जारी है।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल, रूबी पार्क के छात्रों का डबल्यूबीजेईई 2025 में शानदार प्रदर्शन



दिशांत बसु



अरित्रो राय

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल संयुक्त प्रवेश परीक्षा (डबल्यूबीजेईई) 2025 के परिणाम शुक्रवार को घोषित किए गए। इस साल भी राज्य के मेधावी छात्रों ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से सफलता का परचम लहराया है। दिल्ली पब्लिक स्कूल रूबी पार्क, ने इस बार भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। स्कूल के दो होनहार छात्रों दिशांत बसु और अरित्रो राय ने क्रमशः तीसरा और चौथा स्थान हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया।

इस उपलब्धि पर स्कूल के **प्रिंसिपल ज्योति चौधरी** ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि डबल्यूबीजेईई परिणामों ने पूरे स्कूल को खुशी की लहर में डुबो दिया है क्योंकि दिशांत बसु और अरित्रो राय ने तीसरा और चौथा स्थान हासिल कर हमें गौरवान्वित किया है। उनकी शानदार उपलब्धि उनके दृढ़ संकल्प और मेहनत का प्रमाण है, जिसमें उनके अभिभावकों और शिक्षकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रिंसिपल ने आगे कहा कि हमारे लिए यह अत्यंत गर्व की बात है कि हमारे छात्र लगातार तीन वर्षों से डबल्यूबीजेईई में शैक्षणिक मानक को ऊंचाई दे रहे हैं। 2023 में मो. साहिल अख्तर और सोहम दास ने क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया था, वहीं 2024 में अथर्व सिंघानिया ने आठवां स्थान हासिल किया। दिशांत और अरित्रो की यह उपलब्धि उसी श्रृंखला को और मजबूत करती है।

❑ डबल्यूबीजेईई 2025 में तीसरा स्थान हासिल करने वाले **दिशांत बसु** फिलहाल आईआईएससी बेंगलुरू में बीएससी रिसर्च पढ़ रहे हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय मेहनत और लगन को दिया। दिशांत का कहना है कि उन्होंने कभी तय घंटे बनाकर पढ़ाई नहीं की, बल्कि जब भी पढ़ते, पूरे मन से पढ़ते थे। फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्स पर उन्होंने विशेष ध्यान दिया। आगे चलकर वे फिजिक्स में रिसर्च करना चाहते हैं।

❑ डीपीएस रूबी पार्क के छात्र **अरित्रो राय** ने डबल्यूबीजेईई 2025 में चौथा स्थान हासिल किया है। वर्तमान में वे आईआईटी बॉम्बे में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे हैं। अरित्रो का कहना है कि उनकी सफलता के पीछे सबसे बड़ा सपोर्ट उनके माता-पिता का रहा है। भविष्य में वे रिसर्च के क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। उन्होंने आने वाले छात्रों को बताया कि आत्म-प्रेरणा और पूरी ईमानदारी के साथ पढ़ाई करना सफलता की असली कुंजी है।

## बरहरवा में नए संयुक्त क्रू रनिंग रूम का उद्घाटन



**मालदह :** मालदह के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता ने बरहरवा में नया संयुक्त क्रू रनिंग रूम का गुरुवार को उद्घाटन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ डीईई/ओपी/मालदह राज बहादुर चौहान और सभी वरिष्ठ शाखा अधिकारी भी उपस्थित रहे। नवीनतम सुविधाओं से लैस इस रनिंग रूम में 21 पूरी तरह से एयर-कंडीशन्ड बेड हैं, जिन्हें कैबिन अनुसार व्यवस्थित किया गया है ताकि लोको पायलट और ट्रेन मैनेजर दोनों को निजता और आराम मिल सके। इसके अलावा, यहां आधुनिक रसोई, स्वच्छ डाइनिंग हॉल, शौचालय और बाथरूम जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं, जो कर्मचारियों के लिए आरामदायक और साफ-सुथरा वातावरण सुनिश्चित करती हैं। इस समारोह में मालदह के डीआरएम ने कहा कि नया रनिंग रूम फ्रंटलाइन कर्मचारियों को उचित विश्राम और सुविधाएं प्रदान करेगा, जो सतर्कता बनाए रखने और सुरक्षित ट्रेन संचालन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने परियोजना को समय पर पूरा करने में सभी संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों की भी सराहना की। इसके साथ ही, कहलगांव रेलवे स्टेशन पर वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें विधायक पवन कुमार यादव की उपस्थिति रही।

# पर्युषण पर्व का तीसरा दिन सामायिक दिवस के रूप में मनाया गया

### अहम् से अर्हम् की यात्रा है सामायिक : मुनि जिनेश कुमार




**कोलकाता :** युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनि श्री जिनेश कुमार जी ठाणा - 3 के सान्निध्य में पर्युषण पर्व का तीसरा दिन सामायिक दिवस के रूप में भिक्षु विहार में जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा (कोलकत्ता - पूर्वांचल) ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित विशाल धर्मसभा को सम्वोधित करते हुए मुनि श्री जिनेश कुमार जी ने कहा - श्रावक की दैनिक उपासना का एक महत्वपूर्ण अंग है - सामायिक। जैन साधना पद्धति की आधार शिला है - सामायिक। आत्मा से परमात्मा तक सफर का सरल मार्ग है - सामायिक। चैतन्य के साथ 48 मिनिट तक की जाने वाली पिकनिक है - सामायिक। सामायिक संवर है। सामायिक अभय की, जागरूकता की साधना है। सामायिक स्वरुप का अनुसन्धान है। पापकारी प्रवृत्ति से सर्वदा मुक्त होने का उपाय - सामायिक है। सामायिक समता की साधना है। सामायिक अहं से अर्हम् की ओर प्रस्थान करना है। सामायिक का अर्थ - 48 मिनिट तक पापकारी प्रवृत्ति का त्याग कर आत्मा में रमण करना है। मुनि श्री जिनेश कुमार जी ने भगवान महावीर जीवन दर्शन के अन्तर्गत 16 वें भव विश्वभूति का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा - क्रोध से व्यक्ति प्रीति का नाश करता है, मैत्री को खंडित करता है, अधोगति को प्राप्त होता है। क्रोध से सद्गुण च्छिन्न - भिन्न हो जाते है। क्रोध आत्मघाती होता है। क्रोध विनाश का करण बन जाता है। क्रोध को कम करने का प्रयत्न करना चाहिए। विश्वभूति ने क्रोध के करण अपनी साधना को धूल धूसरित बना दिया। क्रोध को उपशम से जितना चाहिए।

इस अवसर पर मुनि परमानंद ने कहा - पर्युषण तनाव मुक्ति व शांति का पर्व है। सामायिक के माध्यम से आत्मभाव में स्थित होने का पर्व है। प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन एक सामायिक अवश्य करणी चाहिए। मुनि कुणाल कुमार जी ने सुमधुर गीत का संगान करते हुए सामायिक दिवस पर अपने विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम का शुभारंभ तेरापंथ महिला मंडल, दक्षिण हावड़ा के मंगलाचरण से हुआ।

कार्यक्रम में सामूहिक अभिनव सामायिक का प्रयोग मुनि श्री द्वारा करवाया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर पचरंगी तप व चंदनबाला तेले तप का प्रत्याख्यान करवाया गया। इस अवसर पर अ भा ते यु प के पूर्व सहमंत्री अनंत बागरेचा व ते यु प, पूर्वांचल के अध्यक्ष राजीव बोथरा ने अभिनव सामायिक के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त किये।

# पांच महीने से लापता कॉलेज छात्र अब भी लापता, हाई कोर्ट नाराज, ओसी को किया तलब



**कोलकाता, समाज्ञा :** बारुईपुर निवासी एक लड़की पांच महीने से लापता है। आरोप है कि पुलिस केवल कागजी जांच में व्यस्त है। लड़की का कोई पता नहीं चल पाया है। नतीजतन, कलकत्ता उच्च न्यायालय नाराज है। न्यायमूर्ति तपोब्रत चक्रवर्ती और न्यायमूर्ति रीताब्रत कुमार मित्रा की खंडपीठ ने अब बारुईपुर थाने के ओसी को सीधे अदालत में पेश होने का आदेश दिया है। घटना 29 मार्च की है। पियाली इलाके की एक कॉलेज छात्रा दोपहर में ट्यूशन पढ़ने के लिए निकली थी। लेकिन, वह घर नहीं लौटी। उसके माता-पिता ने उसी दिन थाने में शिकायत दर्ज कराई। लेकिन जब कई दिन बीत जाने के बाद भी उनकी बेटी का कोई पता नहीं चला, तो उन्होंने अदालत का दरवाजा खटखटाया। कथित तौर पर, प्रशांत बर्धन नाम का एक व्यक्ति पियाली गांव के नोतुन पल्ली में किराए के मकान में रहता था। लड़की के लापता होने के बाद से वह भी गायब है। परिवार को उसकी नागरिकता पर भी संदेह है। इसलिए उन्हें आशंका है कि लड़की की तस्करी की गई है। लेकिन, उच्च न्यायालय ने जांच में पुलिस की पहल पर सवाल उठाए हैं। सुनवाई के दौरान, परिवार के वकील शोवन बेरा ने आरोप लगाया कि मुख्य आरोपी बांग्लादेशी हो सकता है। लेकिन फिर भी, पुलिस ने कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की। पुलिस ने यह दावा करते हुए पलटवार किया कि सिलीगुड़ी के पानीटंकी इलाके में छापेमारी की गई थी, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। खंडपीठ पुलिस की इस दलील से संतुष्ट नहीं हुई। इसलिए, उसने बारुईपुर थाने के प्रभारी को 10 सितंबर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया।

## भागलपुर कोचिंग डिपो में आयोजित किया गया सतर्कता जागरूकता अभियान



**मालदह :** मालदह डिवीजन के तहत गुरुवार को भागलपुर कोचिंग डिपो में विजिलेंस - हमारी साझा जिम्मेदारी थीम पर सेमिनार और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मालदह डिवीजन में चल रहे सतर्कता जागरूकता अभियान 2025 का हिस्सा था। इस अवसर पर मालदह के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। साथ ही भागलपुर के डीएमई और एएमई सहित सभी वरिष्ठ शाखा अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने कर्मचारियों को रेलवे कार्यों में ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक आचरण के महत्व से अवगत कराया और बताया कि विजिलेंस केवल किसी एक विभाग तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सभी कर्मचारियों की साझा जिम्मेदारी है। सेमिनार के दौरान प्रतिभागियों को रोकथाम संबंधी विजिलेंस उपायों और रोजमर्रा के कार्यों में सत्यनिष्ठा और ईमानदारी बनाए रखने की जानकारी दी गई। मालदह डिवीजन के अन्य हिस्सों में भी तीन महीने तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य भारतीय रेलवे में पारदर्शिता, जवाबदेही और भ्रष्टाचार-मुक्त कार्य संस्कृति को बढ़ावा देना है।

## मालदह फायरिंग कांड : एक आरोपित गिरफ्तार, मुख्य आरोपित की तलाश तेज




**मालदह :** जिले के पंचानंदपुर फायरिंग कांड में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक की पहचान निरंजन साहा उर्फ़ बुरा (18), निवासी पंचानंदपुर अलाडिटिला, थाना मोथाबाड़ी, के रूप में हुई है। वह इस मामले के मुख्य आरोपित नसीरुद्दीन अहमद उर्फ राज का सहयोगी बताया जा रहा है। मालदह जिले के एसपी प्रदीप यादव ने शुक्रवार की शाम बताया कि घटना के दौरान निरंजन साहा मौके पर मौजूद था और अन्य लोगों के साथ मिलकर पीड़ित को घटनास्थल तक लाया था। पूछताछ में आरोपित ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। उसे पुलिस हिरासत में लिया गया है। गौरतलब है कि यह घटना गत 18 अगस्त की रात इट्टा बाज़ार, पंचायत क्षेत्र पंचानंदपुर थाना मोथाबाड़ी में हुई थी। उस समय नसीरुद्दीन अहमद उर्फ राज (26), निवासी लहारडिटोला, का झगड़ा अब्दुल सईद (21), निवासी सकुल्लापुर कॉलोनी, और अन्य युवकों से हो गया। बहस के दौरान राज ने अब्दुल सईद पर गोली चला दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पहले बंगिटोला अस्पताल ले जाया गया, फिर मालदह मेडिकल कॉलेज और बाद में कोलकाता रेफर किया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। प्राथमिक जांच से पता चला है कि आरोपित और पीड़ित एक-दूसरे को जानते थे और अक्सर साथ रहते थे। घटना वाले दिन भी दोनों साथ ही घटनास्थल पर पहुंचे थे, लेकिन किसी विवाद को लेकर उनके बीच झगड़ा हो गया। मुख्य आरोपित नसीरुद्दीन अहमद की तलाश में पुलिस की छापेमारी जारी है। साथ ही, वारदात में इस्तेमाल हुए अवैध हथियार की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। इस संबंध में एक विशेष मामला दर्ज किया गया है।

# दुर्गा पूजा से पहले डेंगू और मलेरिया को लेकर अलर्ट, केएमसी ने दी चेतावनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** लगातार हो रही बारिश के बीच कोलकाता नगर निगम (केएमसी) ने शुक्रवार को शहर में डेंगू और मलेरिया के बढ़ते खतरे को लेकर अलर्ट जारी किया है। नगर निगम ने दुर्गा पूजा आयोजकों को भी साफ हिदायत दी है कि पंडालों में पानी जमा न होने दें और मच्छरों के प्रजनन की रोकथाम के लिए विशेष सावधानी बरतें। केएमसी के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस साल अब तक 290 डेंगू के मामले दर्ज हो चुके हैं, जबकि पिछले साल इसी अवधि तक 255 मामले सामने आए थे। पिछले दो



हफ्तों में ही दो डेंगू मरीजों की मौत हो चुकी है। इस साल कोलकाता में अब तक 1316.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जो 2024 के पूरे साल की बारिश (1164.2 मिमी) से भी ज्यादा है। डिप्टी मेयर अतिन घोष ने बताया कि 45 लाख की आबादी वाले कोलकाता में करीब 18 लाख लोग झुग्गी बस्तियों में रहते हैं, जहां पानी केवल बाल्टियों और बर्तनों में जमा किया जा सकता है। ऐसे हालात मच्छरों के प्रजनन को और बढ़ावा देते हैं। इसके अलावा, केएमसी नगर निगम ने वार्ड 66, 67, 69, 70, 77, 93 और 108 को हॉटस्पॉट जोन घोषित किया है। दुर्गा पूजा से पहले आयोजकों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने पंडालों की नियमित सफाई करें और तस्वीरें भेजकर प्रमाणित करें कि कहीं पानी जमा नहीं हो रहा है। इसके लिए 21 सितंबर (महालया) से पहले विशेष बैठकें बुलाई जाएंगी। केएमसी ने दावा किया कि कोलकाता का वेक्टर-जनित रोग नियंत्रण तंत्र पूरे भारत में सबसे मजबूत है। लेकिन निगम ने आम लोगों से भी अपील की है कि वे अपने आस-पास सफाई रखें और मच्छरों के पनपने से बचाव के लिए सतर्क रहें।

## हाई कोर्ट के जज की पत्नी को ट्राई साइकिल से टक्कर, दिव्यांग को 75 दिनों बाद जेल से मिली मुक्ति

### नदिया में हुई इस घटना में पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला किया था दर्ज

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट के एक न्यायमूर्ति की पत्नी को एक दिव्यांग युवक द्वार अपनी ट्राई साइकिल से टक्कर मारने का आरोप लगा और इसके लिए उसे जेल जाना पड़ा। ढाई महीने जेल में रहने के बाद, नदिया निवासी उज्ज्वल हाजरा नामक उक्त दिव्यांग युवक को आखिरकार रिहा कर दिया गया। हाई कोर्ट के जज की पत्नी की शिकायत के आधार पर पुलिस ने पलाशीपाड़ा के चकबिहारी निवासी उज्ज्वल के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। उज्ज्वल के वकील अनिकेत जोआरदार ने बताया कि तेहट अदालत ने भी इस पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने सिर्फ़ इसलिए अति सक्रियता दिखाई क्योंकि वह जज की पत्नी हैं। एक



दिव्यांग युवक ने अपनी तिपहिया साइकिल से नियंत्रण खो दिया और उन्हें टक्कर मार दी। इस घटना में पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला गललत तरीके से दर्ज किया। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, उज्ज्वल पूरी तरह दिव्यांग हैं। वह आने-जाने के लिए अपनी तिपहिया साइकिल पर निर्भर हैं। उसकी मां और दादी नौकरानी का काम करती हैं। छह जून को वह अपने एक दोस्त के घर उसका जन्मदिन मनाने गया था। वहां उसे जबरन शराब पिलाई गई। घर लौटते समय यह घटना हुई। जज की पत्नी तेहट्टा के जीतपुर मोड़ इलाके में एक एटीएम काउंटर से पैसे निकालने गई थीं। उस समय, उज्ज्वल वहां से गुजरते हुए अपनी साइकिल पर नियंत्रण खो बैठा और उन्हें टक्कर मार दी। परिणामस्वरूप, जज की पत्नी सड़क पर गिर गईं। उनके पैर में चोट आई। उस घटना के बाद, जज की पत्नी की शिकायत के आधार पर युवक के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया। उज्ज्वल को गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी ट्राई साइकिल भी जब्त कर ली गई थी और आखिर कार शुक्रवार को 75 दिनों के बाद वह जेल से रिहा हुआ।

### द वेल्थ कंपनी म्यूचुअल फंड ने लॉन्च की 'एमएफ दीदी'

**कोलकाता :** म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूशन लैंडस्केप को बदलने के लिए एक बड़ा और समावेशी कदम उठाते हुए, द वेल्थ कंपनी म्यूचुअल फंड (वेल्थ कंपनी एसेट मैनेजमेंट होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड) – जो पैंटोमैथ ग्रुप की एक कंपनी है – ने 'एमएफ दीदी' लॉन्च करने की घोषणा की। यह एक इंडस्ट्री-फर्स्ट स्पॉन्सर्ड ट्रेनिंग प्रोग्राम है, जिसका मकसद भारत के टियर खख और टियर खखख शहरों की स्नातक महिलाओं को म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर बनने के लिए सशक्त करना है। इस पहल के बारे में बात करते हुए, मधु लुनावत, फाउंडर, एमडी और सीईओ, द वेल्थ कंपनी म्यूचुअल फंड ने कहा, एमएफ दीदी महिलाओं के लिए अपनी वेल्थ और आजादी को बढ़ाने के लिए वास्तविक मौके बनाने के बारे में है।

## टीएमसी नेताओं पर महिला व्यवसायी से मारपीट का आरोप, भाजपा ने किया प्रदर्शन



**हुगली :** भद्रेश्वर नगरपालिका के 20 नंबर वार्ड में व्यवसायी सुपर्णा पाल पर तृणमूल कांग्रेस नेताओं द्वारा हमला और दुकान में तोड़फोड़ का आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि सुपर्णा ने नगरपालिका चेयरमैन के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट साझा की थी। इसके बाद वार्ड पार्षद सहित कई टीएमसी नेता दुकान पहुंचे और मारपीट के साथ तोड़फोड़ की। घायल सुपर्णा पाल को चंदननगर अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस पर शिकायत दर्ज होने के बावजूद कार्रवाई न करने का आरोप है। विरोध स्वरूप भाजपा मंडल अध्यक्ष अंजन राउत के नेतृत्व में कार्यकर्ता थाने पहुंचे और नारेबाजी व प्रदर्शन किया। पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो धक्का-मुक्की हुई। बाद में भाजपा कार्यकर्ता थाने के सामने धरने पर बैठ गए और प्रतिनिधिमंडल ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर दोषियों की गिरफ्तारी व कड़ी सजा की मांग की।

## पीएम मोदी के आरोप पर तृणमूल का पलटवार, शुभेंदु अधिकारी का नारदा वीडियो दिखाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में भ्रष्टाचार को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दमदम की जनसभा से राशन घोटाले और विवादित 'मंत्रित्व समाप्ति विधेयक' का मुद्दा उठाते हुए राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक पर निशाना साधा। प्रधानमंत्री के इस बयान के तुरंत बाद तृणमूल कांग्रेस ने पलटवार करते हुए विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी का नारदा कांड से जुड़ा वीडियो सामने रखा। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता कुणाल घोष ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि नरेंद्र मोदी कांच के घर में बैठकर दूसरों पर पत्थर फेंक रहे हैं। जिन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं, वे लोग उनके मंच पर मौजूद थे।



पहले वे अपने घर को साफ करें, तब दूसरों पर उंगली उठाएं।

कुणाल घोष के साथ मंत्री डॉ. शशि पांजा ने भी प्रधानमंत्री पर तीखा हमला बोला। उन्होंने शुभेंदु अधिकारी का नारदा प्रकरण से संबंधित वीडियो दिखाकर सवाल खड़े किए और कहा कि भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा का दोहरा रवैया जनता देख रही है। तृणमूल ने मोदी पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा नेतृत्व अपने भ्रष्ट नेताओं को संरक्षण दे रहा है, जबकि जनता को गुमराह करने के लिए बार-बार राज्य सरकार को निशाना बनाया जा रहा है।

### प्रतिबंध के बावजूद मछली पकड़ने गए दो मछुआरों के शव बरामद



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण बंगाल में अगले मंगलवार तक भारी बारिश का अनुमान है। बंगाल की खाड़ी में जाने पर भी प्रतिबंध है। लेकिन, मौसम की चेतावनी मिलने के बाद, तट पर लौटते समय लहरों का सामना करने के दौरान ट्रॉलर से समुद्र में गिरने से दो मछुआरे लापता हो गए। शुक्रवार की सुबह दोनों के शव बरामद किए गए। पता चला है कि ट्रॉलर गुरुवार की रात गहरे समुद्र से रायदीघी घाट लौट रहा था। लापता मछुआरे रायदीघी के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि मृतक मछुआरे सीताराम मंडल (40) और देवेन जाना (45) स्थानीय राधाकृष्णपुर के निवासी हैं। बताया गया है कि बुधवार की दोपहर, दक्षिण 24 परगना के सागरद्वीप के मायागोलिनी घाट से एक डिंगी पर सवार होकर 7 मछुआरों का एक समूह हुगली नदी में मछली पकड़ने गया था। शाम तक, गंगासागर तट पुलिस स्टेशन को दो मछुआरों के लापता होने की सूचना मिलने के बाद तलाश शुरू हुई। पुलिस ने शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए काकद्वीप अस्पताल के मुर्दाघर भेज दिया।

# विद्यासागर सेतु पर कार्य के चलते कल ट्रैफिक डाइवर्जन

**कोलकाता, समाज्ञा**

सांतरागाछी बस टर्मिनस के पास स्टील पोर्टल बीम लगाने और हटाने तथा विद्यासागर सेतु पर केबल रिप्लेसमेंट के कारण रविवार को हावड़ा-कोलकाता मार्ग पर ट्रैफिक प्रभावित रहेगा। इस दिन, सुबह 4 बजे से रात 9:30 बजे तक कुछ मार्गों पर वाहनों के लिए डाइवर्ज़न लागू रहेंगे। कोलाघाट की ओर से आने वाले वाहन, जो कोना एक्सप्रेसवे या द्वितीय हुगली ब्रिज का उपयोग करके कोलकाता जाना चाहते हैं, वे निवेदिता सेतु के रास्ते जा सकते हैं। इसी प्रकार, डानकुनी की ओर से आने वाले वाहन जो कोना एक्सप्रेसवे या द्वितीय हुगली ब्रिज लेना चाहते हैं, वे भी निवेदिता सेतु का मार्ग अपनाएं। कोलकाता से हावड़ा की ओर जाने वाले वाहन, जो द्वितीय हुगली ब्रिज का उपयोग करना चाहते हैं, वे हावड़ा ब्रिज या निवेदिता सेतु के माध्यम से यात्रा कर सकते हैं। कोलाघाट की ओर जाने वाले वाहन (मालवाहक वाहन को छोड़कर) काजीपाड़ा, जीटी रोड, बटतला, अंडुल रोड, आलमपुर, एनएच 16 धुलागढ़ और रानीहाटी के रास्ते अपनी मंजिल तक पहुंच सकते हैं। डानकुनी की ओर जाने वाले वाहन (मालवाहक वाहन को छोड़कर) हैंगसांग क्रॉसिंग से राइट टर्न लेकर सैलेन मन्ना सरानी, शानपुर मोड़, लेफ्ट टर्न हावड़ा-आमता रोड, सालाप, एनएच 16, पाकुरिया, सीसीआर ब्रिज और माइतिपाड़ा होते हुए डानकुनी पहुंच सकते हैं, या काजीपाड़ा से जीटी रोड/फॉरशोर रोड, सालकिया, बाली और जीरो पॉइंट होते हुए माइतिपाड़ा का मार्ग चुन सकते हैं। सांतरागाछी स्टेशन की ओर जाने वाले छोटे वाहन निब्रा से आते समय जगाचा-माहियार रोड का मार्ग अपना सकते हैं, जबकि काजीपाड़ा या हैंगसांग क्रॉसिंग से स्टेशन जाने वाले छोटे वाहन कोना एक्सप्रेसवे का मार्ग उपयोग कर सकते हैं। प्रशासन ने जनता से अपील की है कि सभी वाहन चालक इन डाइवर्ज़नों का पालन करें ताकि जाम और असुविधा से बचा जा सके।

## बरसात में बढ़ा विषधर जीव-जंतुओं का खतरा, श्रीरामपुर कॉलेज में मिला चंद्रबोड़ा सर्प



**हुगली :** बरसात और जलजमाव के मौसम में विषैले जीव-जंतु अक्सर इंसानी बस्तियों की ओर रुख कर देते हैं, जिससे दंश का खतरा बढ़ जाता है। श्रीरामपुर कॉलेज परिसर में भी कुछ ऐसा ही देखा गया, जब छात्रों और शिक्षकों के बीच अचानक हड़कंप मच गया। कॉलेज के मेन बिल्डिंग के सामने सड़क पर एक बड़ा चंद्रबोड़ा सर्प (रसेल वाइपर) दिखाई दिया, जिसके साथ एक छोटा सांप का बच्चा भी था। कॉलेज प्रशासन ने तुरंत स्थानीय सर्प-रक्षक अरिंदम चक्रवर्ती को सूचना दी। वे मौके पर पहुंचे और दोनों विषधर सांपों को सुरक्षित तरीके से पकड़कर उपयुक्त स्थान पर जंगल में छोड़ दिया। इस घटना से कॉलेज परिसर में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मच गई, लेकिन सर्प-रक्षक की तत्परता से कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई। छात्रों और शिक्षकों ने राहत की सांस ली और प्रशासन ने सतर्कता बरतने की अपील की।

## रक्षा सचिव ने गेन्स 2025 का किया शुभारंभ, आत्मनिर्भर भारत के लिए नवाचार को बढ़ावा

❑ **कहा... हमारा लक्ष्य रक्षा व नागरिक दोनों क्षेत्रों के लिए एक बड़े जहाज निर्माण मिशन की शुरुआत करने पर**

**कोलकाता, समाज्ञा :** गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) ने अपने नवाचार कार्यक्रम जीआरएसई त्वरित नवाचार पोषण योजना (गेन्स) के तीसरे संस्करण गेन्स 2025 का शुभारंभ शुक्रवार को कोलकाता में किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन भारत सरकार के रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, आईएएस द्वारा किया गया।

इस अवसर पर जीआरएसई के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक कमोडोर पी.आर. हरि (सेवानिवृत्त), निदेशकगण कमांडर शांतनु बोस, कैप्टन पी. सुनील कुमार (दोनों सेवानिवृत्त) एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी अभिषेक रंजन सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।




'गेन्स' एक राष्ट्रीय स्तरीय ओपन चैलेंज है, जिसका उद्देश्य एमएसएमई और स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित कर ऐसे नवाचार विकसित कराना है जो जहाज निर्माण में तकनीकी प्रगति के लिए उपयोगी हों। यह पहल 'मेक इन इंडिया' और 'स्टार्टअप इंडिया' अभियानों के तहत आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण से जुड़ी है। गेन्स 2023 और 2024 में देशभर से कुल 116 प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, जिनमें विजेताओं ने एआई, ग्रीन टेक और जहाज निर्माण दक्षता में उल्लेखनीय समाधान प्रस्तुत किए।

रक्षा सचिव ने कहा कि इस वर्ष के संस्करण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ग्रीन टेक्नोलॉजी और दक्षता संवर्धन जैसे विषयों पर और बेहतर नवाचार देखने को मिलेंगे। कमोडोर पी.आर. हरि ने उम्मीद जताई कि गेन्स-2025 में 100 से अधिक प्रविष्टियां मिलेंगी।

### एसबीआई लाइफ ने लॉन्च किया 'एसबीआई लाइफ - स्मार्ट शील्ड प्लस', भविष्य-उन्मुख टर्म इंश्योरेंस प्लान

**कोलकाता, समाज्ञा :** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने नया प्रोटेक्शन प्रोडक्ट 'स्मार्ट शील्ड प्लस' लॉन्च किया है। यह व्यक्तिगत, नॉन-लिंक्ड और नॉन-पार्टिसिपेटिंग शुद्ध जोखिम जीवन बीमा योजना है, जिसे उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। यह प्लान जीवनभर की सुरक्षा, बढ़ते कवर और वैकल्पिक लाभों के साथ लचीला टर्म इंश्योरेंस समाधान प्रदान करता है। इसमें तीन विकल्प – लेवल कवर, इंक्रीसिंग कवर और लेवल कवर विद फ्यूचर प्रूफिंग बेनिफिट शामिल हैं। फ्यूचर प्रूफिंग बेनिफिट के तहत पॉलिसीधारक शादी, संतान जन्म या घर खरीद जैसे अवसरों पर बिना अतिरिक्त मेडिकल जांच के कवर बढ़ा सकते हैं। लॉन्च पर कंपनी के प्रेसिडेंट एवं चीफ डिस्ट्रिब्यूशन ऑफिसर एम. आनंद ने कहा कि यह प्लान पारंपरिक टर्म इंश्योरेंस से आगे बढ़कर जीवन-चरण आधारित सुरक्षा प्रदान करता है।



15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन करते उद्योगपति व समाजसेवी विजय जायसवाल।

# प्रधानाध्यापक पर छात्रा से अभद्र टिप्पणी और शौचालय साफ कराने का आरोप

### परिजनों ने किया हंगामा

**कोलकाता, समाज्ञा**

उत्तर 24 परगना जिले के बनगांव से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। घटना बागदा थानांतर्गत चरमंडल गांव स्थित चरमंडल भाग जीएसएफपी स्कूल की है। आरोप है कि पांचवीं कक्षा की एक छात्रा के साथ स्कूल के प्रधान शिक्षक ने न केवल अश्लील टिप्पणियां कीं, बल्कि डर दिखाकर उससे स्कूल का शौचालय भी साफ करवाया। इस घटना के उजागर होने के बाद छात्रा का परिवार और स्थानीय लोग स्कूल में पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। हालांकि, आरोपित प्रधान शिक्षक ने सभी आरोपों से सख्ती से इनकार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, इसी स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा का आरोप है कि प्रधान शिक्षक ने उससे अशोभनीय बातें कीं। इससे डरी हुई छात्रा ने स्कूल जाना बंद कर दिया और कई दिनों तक घर पर ही रहने लगी। परिवार को भी उसने कुछ नहीं बताया। जब मां ने दबाव बनाया, तब छात्रा ने पूरी घटना बताई। इसके बाद शुक्रवार को परिवार और ग्रामीण स्कूल पहुंचे और प्रधान शिक्षक से जवाब मांगा। छात्रा की मां का कहना है कि बेटी शुरू में कुछ नहीं बता रही थी। वह हमेशा उदास रहती और स्कूल जाने से बचती। सहेलियों से जानकारी मिलने पर असल बात का पता चला। इसके बाद हम प्रधान शिक्षक से जवाब मांगने स्कूल पहुंचे। परिवार और स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो वे शिक्षा विभाग और प्रशासन का दरवाजा खटखटाएंगे। वहीं, प्रधान शिक्षक गौरांग राय ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा है कि मैं बच्चों और शिक्षिकाओं से हमेशा स्कूल को साफ-सुथरा रखने के लिए कहता हूं। सभी छात्र-छात्राएं मेरे लिए संतान के समान हैं। मैंने कभी किसी के साथ अनुचित व्यवहार नहीं किया है।

## अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन ने भाषाई असहिष्णुता पर जताई चिंता

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रख्यात अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन ने देश में बढ़ती भाषाई असहिष्णुता, खासकर विभिन्न राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों के प्रति असहिष्णुता पर शुक्रवार को चिंता जताई। राज्य के बांग्लाभाषी लोगों को बांग्लादेश भेजे जाने के संबंध में मीडिया में आई खबरों का हवाला देते हुए उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि ऐसी संभावना है कि उन्हें वापस ढाका भेज दिया जाए, जहां से उनका परिवार ताल्लुक रखता है। नोबेल पुरस्कार विजेता सेन (91) यहां भारत के युवा उन्हें मिलने वाले सामाजिक अवसर विषय पर एक सार्वजनिक परिचर्चा में बोल रहे थे। सेन ने कहा कि मैंने अखबार में पढ़ा कि किसी व्यक्ति को बांग्लादेश भेज दिया गया, क्योंकि वह बांग्ला में बोल रहा था।



इससे मैं थोड़ा चिंतित हूं। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि मैंने फ्रेंच में बोलने का फैसला किया, लेकिन समस्या बस यही है कि मुझे फ्रेंच आती नहीं। अर्थशास्त्री ने स्नातक और उच्च माध्यमिक छात्रों के एक समूह से भी बातचीत की। सेन ने कहा कि इस बात की संभावना बनी हुई है कि मुझे बांग्लादेश वापस भेज दिया जाए, क्योंकि मेरा पैतृक घर ढाका में है।

# स्क्रीन अवार्ड्स 2025: यूट्यूब पर होगा डिजिटल-फर्स्ट आगाज

**दुर्गापुर :** इंडियन एक्सप्रेस ग्रुप ने गुरुवार को घोषणा की कि देश के सबसे प्रतिष्ठित फिल्म सम्मान स्क्रीन अवार्ड्स 2025 अब यूट्यूब पर डिजिटल-फर्स्ट स्वरूप में प्रस्तुत होंगे। ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत गोयनका ने कहा कि भारतीय सिनेमा एक ऐसे मंच का हकदार है जो केवल कमाई नहीं बल्कि सृजनात्मकता का जश्न मनाए। उन्होंने बताया कि स्क्रीन अवार्ड्स अपनी ईमानदारी और योग्यता-आधारित चयन के लिए जाने जाते हैं। विजेताओं का चयन स्वतंत्र स्क्रीन अकादमी करेगी, जिसमें प्रशंसित फिल्म निर्माता, कलाकार और सांस्कृतिक हस्तियां शामिल हैं। इस बार अवार्ड्स का प्रसारण पूरी तरह यूट्यूब पर होगा। पहली बार बॉलीवुड सितारे और यूट्यूब क्रिएटर्स एक ही मंच पर नज़र आएंगे। तीन महीने चलने वाले इस समारोह में रेड कार्पेट, पर्दे के पीछे की झलकियां, क्रिएटर-नेतृत्व वाली कहानियां और प्रशंसकों की सीधी भागीदारी शामिल होगी। यूट्यूब इंडिया की मैनेजिंग डायरेक्टर गुंजन सोनी ने कहा कि प्लेटफॉर्म स्क्रीन अवार्ड्स का डिजिटल होम बनकर उत्साहित है। उन्होंने कहा कि यूट्यूब पर अरबों प्रशंसक मनोरंजन से जुड़ते हैं और अब उन्हें सिनेमा की सबसे बड़ी रातों में से एक देखने का मौका मिलेगा। 1995 में स्थापित स्क्रीन अवार्ड्स भारत का पहला जूरी-आधारित फिल्म सम्मान माना जाता है। आयोजकों का दावा है कि यूट्यूब के साथ यह साझेदारी अवार्ड्स के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगी।

### कौशिकी अमावस्या पर त्रिशक्ति माता की पूजा आराधना



**हावड़ा, समाज्ञा :** कौशिकी अमावस्या के दिन पूरे राज्य में मातृ आराधना बड़ी ही भक्तिभाव के साथ की जाती है। इसी के तहत हावड़ा मैदान के पास त्रिशक्ति माता की पूजा आराधना का आयोजन हावड़ा मैदान हॉकर एसोसिएशन द्वारा किया गया। तारा मां,कालीघाट की काली मां और दक्षिणेश्वर काली मां एक साथ पूजित होती है। माता को माल्यार्पण हावड़ा जिला युवा तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष कैलाश मिश्रा द्वारा किया गया। तदोपरांत, पूजा की शुरुआत हुई। पूजा में महत्वपूर्ण भूमिका अभिषेक चटर्जी, आनंद सिंह, राहुल साहा, मदन दास सह संगठन के सभी सदस्यों ने निभाया।

### कोलकाता में सभी दुकानों के साइन बोर्ड बांग्ला में अनिवार्य

## अवमानना पर मेयर ने लाइसेंस रद्द करने की चेतावनी दी

**कोलकाता :** कोलकाता नगर निगम ने महानगर कोलकाता की सभी दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए बांग्ला भाषा में साइन बोर्ड लगाना अनिवार्य कर दिया है। निगम के मासिक सत्र के दौरान महापौर फिरहाद हकीम ने इस निर्णय की घोषणा की। हकीम ने स्पष्ट किया कि अन्य भाषाओं में साइन बोर्ड का उपयोग किया जा सकता है, लेकिन बंगाली भाषा को बिना किसी अपवाद के शामिल किया जाना चाहिए। ऐसा न करने वाली दुकानों और संस्थानों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें उनके लाइसेंस नवीनीकरण को रद्द करना भी शामिल है। मेयर ने आदेश पर ज़ोर देते हुए कहा, यह हमारी भाषा है और शहर के हर साइन बोर्ड पर बांग्ला भाषा लिखी होनी चाहिए।



इस निर्देश का उद्देश्य कोलकाता की सांस्कृतिक पहचान को मज़बूत करना और सार्वजनिक स्थानों पर राज्य की आधिकारिक भाषा की अधिक से अधिक उपस्थिति सुनिश्चित करना है। निगम ने सभी प्रतिष्ठानों को जल्द से जल्द आवश्यक बदलाव करने का निर्देश दिया है और चेतावनी दी है कि नियम लागू होने के बाद किसी भी तरह का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### त्योहारों में खुशियाँ दोगुनी, बजाज पल्सर लेकर आया हैट्रिक ऑफर

**कोलकाता, समाज्ञा :** त्योहारों के मौसम को देखते हुए बजाज ऑटो लिमिटेड ने अपनी लोकप्रिय पल्सर रेंज पर हैट्रिक ऑफर की घोषणा की है। यह ऑफर महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, उत्तर-पूर्वी राज्यों और उत्तर प्रदेश में सीमित समय के लिए उपलब्ध रहेगा। कंपनी के अनुसार इस ऑफर के तहत ग्राहकों को 10,000 रुपये तक का लाभ मिलेगा। इसमें कैशबैक, बीमा पर बचत और प्रोसेसिंग फीस न लगने जैसे फायदे शामिल हैं।बजाज पल्सर ने हाल ही में नया कैम्पेन दुनिया देखती है तू दिखा शुरू किया है, जिसका मकसद युवाओं को अपनी पहचान और साहस दिखाने के लिए प्रेरित करना है। इसी सोच के तहत यह फेस्टिवल ऑफर पेश किया गया है। गुजरात में नवरात्रि, पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में दशहरा, तथा केरल में ओणम जैसे प्रमुख त्योहारों को ध्यान में रखते हुए यह ऑफर लगभग सभी पल्सर मॉडल्स पर लागू होगा। कंपनी का दावा है कि यह अब तक पल्सर के लिए घोषित सबसे बड़ी पेशकशों में से एक है।

### बंधन बैंक ने अपनी 10वीं वर्षगांठ पर प्रीमियम 'लिगेसी अकाउंट' किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंधन बैंक ने अपनी 10वीं वर्षगांठ पर प्रीमियम उत्पाद 'लिगेसी बचत खाता' लॉन्च किया है। यह खाता विशेष रूप से उन ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है जो विशिष्ट बैंकिंग अनुभव और जीवनशैली लाभ चाहते हैं। इस खाते के साथ ग्राहकों को वर्ल्ड एलीट मास्टरकार्ड डेबिट कार्ड मिलेगा, जिसमें घरेलू व अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट लाउंज एक्सेस, ताज एपिक्योर मेंबरशिप, मुफ्त मूवी व इवेंट टिकट तथा चुनिंदा क्लबों में गोल्फ सेशन जैसी सुविधाएं शामिल हैं। लिगेसी खाता धारकों को असीमित मुफ्त लेनदेन की सुविधा के साथ 1 करोड़ तक का हवाई दुर्घटना बीमा, 20 लाख तक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा और 5 लाख तक खरीद सुरक्षा भी दी जाएगी। एमडी एवं सीईओ पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने कहा, बंधन बैंक 10 साल पूरे कर गर्व और कृतज्ञता का अनुभव कर रहा है। लिगेसी अकाउंट हमारी भविष्य की प्रतिबद्धता और ग्राहकों के लिए विश्व स्तरीय अनुभव का प्रतीक है। वर्तमान में बैंक 31 मिलियन से अधिक ग्राहकों को सेवा दे रहा है और इसकी जमा राशि 1.55 लाख करोड़ तक पहुंच चुकी है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### बलिया में नहाते समय नाले में डूबने से छठवीं कक्षा के छात्र की मौत

**बलिया (उप्र) :** बलिया जिले के खेजुरी थाना क्षेत्र में छठवीं कक्षा के एक छात्र की नाले में नहाते समय डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार बेलौना गांव का आदित्य (13) अपने दो दोस्तों के साथ बृहस्पतिवार को अपरान्ह चार बजे अपने गांव के बहेरा नाला में नहाने गया था। उन्होंने बताया कि बारिश की वजह से नाले में पानी अधिक है और आदित्य गहरे पानी में चला गया तथा डूब गया। ग्रामीणों ने आदित्य के शव को नाला से बाहर निकाला।

### बिहार में प्रधानमंत्री की रैली में राजद के दो असंतुष्ट विधायक मंच पर नजर आए

**गयाजी :** बिहार के गयाजी में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली में राजद के दो असंतुष्ट विधायक मंच पर नजर आए जिसके बाद ऐसी अटकलें लग रही हैं कि वे राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले राजग में शामिल हो सकते हैं। नवादा से विधायक विभा देवी और रजौली से विधायक प्रकाश वीर मगध विश्वविद्यालय परिसर में निर्मित मंच पर पिछली पंक्ति में बैठे दिखे। विभा देवी के पति राज बल्लभ यादव कई बार विधायक रह चुके हैं और हाल ही में पटना उच्च न्यायालय द्वारा एक 'पॉक्सो' मामले में बरी होने के बाद जेल से बाहर आए हैं। इस मामले में यादव को कई साल जेल में रहना पड़ा था।

### झारखंड में मेडिकल छात्र ने आत्महत्या की

**जमशेदपुर :** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में एक मेडिकल छात्र ने अपने छात्रावास के कमरे में कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि मणिपाल मेडिकल कॉलेज के तृतीय वर्ष के छात्र दिब्यांशु पांडे ने बृहस्पतिवार को सिदगोड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के बारीडीह इलाके में स्थित छात्रावास में कथित तौर पर जहर खा लिया और उसे टाटा मेन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सिदगोड़ा थाने के प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि बिहार के समस्तीपुर निवासी मेडिकल छात्र की शुक्रवार को अस्पताल में मौत हो गई। उन्होंने कहा, ''छात्र के परिवार के सदस्यों के अनुसार, वह कुछ समय पहले अपने पिता की मृत्यु के बाद से अवसादग्रस्त था।

### भदोही में गर्भवती लड़की ने सड़क किनारे गर्भ गिराया

**भदोही :** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में कथित तौर पर अवैध संबंधों के दबाव के चलते एक गर्भवती लड़की सड़क किनारे पांच महीने का भ्रूण गिराकर वहां से भाग गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक यह घटना शुक्रवार को दोपहर में गोपीगंज थाना क्षेत्र के ज्ञानपुर-गोपीगंज रोड पर श्याम नर्सिंग होम के बगल में एक मकान के पीछे की है। करीब पांच माह के भ्रूण को सील पैक कर जांच के लिए भेज कर इस मामले में विस्तृत जांच की जा रही है। गोपीगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार राय ने बताया की दोपहर एक ई-रिक्शा से करीब 17-18 साल की एक किशोरी, एक महिला के साथ जा रही थी। तभी अचानक सड़क किनारे ई-रिक्शा रुका और दोनों एक मकान के पीछे चली गईं। करीब एक घंटे बाद दोनों वापस आकर ई-रिक्शा पर बैठ कर चली गईं। उन्होंने बताया कि वहां मौजूद कुछ लोगों ने शंका के आधार पर जाकर देखा तो करीब पांच महीने का भ्रूण मिला। इस बात की आशंका है कि अनचाहे बच्चे को जन्म नहीं देने के लिए किशोरी ने दवा का सेवन किया।

### कांवड़ियों पर टिप्पणी मामले में स्वामी प्रसाद मौर्य और इकबाल महमूद के खिलाफ याचिका

**संभल :** 'कांवड़ियों' के प्रति कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर उत्तर प्रदेश के संभल जिले की एक अदालत में पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य और समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक इकबाल महमूद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग करते हुए एक याचिका दायर की गई है। अदालत ने इस मामले की सुनवाई के लिए 28 अगस्त की तारीख तय की है। हिंदू शक्ति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिमरन गुप्ता ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीनियर डिवीजन) सांसद-विधायक अदालत आदित्य सिंह की अदालत में याचिका दायर कर दोनों नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज करने का अनुरोध किया है।

# प्रधानमंत्री ने एसआईआर, 130वें संविधान संशोधन के विरोध के लिए 'इंडिया' गठबंधन को आड़े हाथ लिया

## राजद, कांग्रेस संविधान संशोधन विधेयक के खिलाफ क्योंकि उनके नेता या तो जेल में या जमानत पर




**गयाजी (बिहार) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) पर आरोप लगाया कि वह सत्ता के उच्च स्तरों पर भ्रष्टाचार को समाप्त करने के उद्देश्य से उठाए गए कदमों का और देश की जनसांख्यिकी के समक्ष घुसपैठियों से उत्पन्न खतरे से निपटने के लिए किए गए उपायों का विरोध कर रहा है। प्रधानमंत्री ने गयाजी में एक रैली में इस सप्ताह लोकसभा में अपनी सरकार द्वारा पेश किए गए संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 और बिहार में निर्वाचन आयोग द्वारा वर्तमान में किए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का अप्रत्यक्ष रूप से उल्लेख किया। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि दोनों विपक्षी दल संविधान (130वां संशोधन) विधेयक के खिलाफ हैं क्योंकि उनके अधिकतर नेता या तो जेल में हैं या जमानत पर हैं। लोकसभा में बुधवार को संविधान (130वां संशोधन) विधेयक पेश किया गया था जिसे संसद की संयुक्त समिति को भेज दिया गया है। इसमें गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तारी के बाद 30 दिन तक हिरासत में रहने पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को हटाने का प्रस्ताव है। उन्होंने परोक्ष रूप से दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का जिक्र करते हुए कहा, 'हमने एक खेदजनक स्थिति देखी है जिसमें सत्ता में बैठे लोग जेल से सरकार चला रहे हैं, सलाखों के पीछे से फाइलों पर हस्ताक्षर कर रहे हैं, संवैधानिक मर्यादा की धज्जियां उड़ा रहे हैं।' मोदी ने दावा किया कि उनकी 11 साल की सरकार पर भ्रष्टाचार का एक भी दाग नहीं है। प्रधानमंत्री ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों में सामने आए अनेक घोटालों का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया, 'इसलिए हमने एक ऐसा कानून लाने का फैसला किया, जिसके तहत अगर कोई भ्रष्ट मुख्यमंत्री या यहां तक कि प्रधानमंत्री 30 दिन जेल में बिताता है तो उसे बर्खास्त किया जा सकता है। अगर कोई मामूली क्लर्क थोड़े समय के लिए भी जेल में रहता है तो उसे निलंबित कर दिया जाता है। लेकिन जब हम एक कड़ा कानून लेकर आए तो राजद, कांग्रेस और वामपंथी दल भड़क गए। वे इसलिए नाराज हैं क्योंकि उन्हें अपने पापों की सजा मिलने का डर है।' उन्होंने कहा, 'कांग्रेस और राजद ने सत्ता में रहते हुए जनता के पैसे से अपनी तिजोरियां भरीं। इस उद्देश्य से, वे परियोजनाओं को अंतहीन रूप से लटकाए रखते थे। इसके विपरीत, मैं आज उस पुल का उद्घाटन कर रहा हूं जिसका शिलान्यास मैंने कुछ साल पहले ही किया था।' मोदी ने आरोप लगाया, 'एक और खतरा है जो हमारे देश के सामने है- घुसपैठियों का। इस बारे में मैंने अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में भी बात की थी। उन्हें हमारे देश के संसाधनों में हिस्सेदारी की अनुमति नहीं दी जा सकती। इसलिए, मैंने एक जनसांख्यिकीय मिशन की घोषणा की है। लेकिन कांग्रेस और राजद अपनी वोट बैंक की राजनीति के लिए इन घुसपैठियों को बचाना चाहती हैं।' उनका इशारा एसआईआर की ओर माना जा रहा है, जिसका एक घोषित उद्देश्य बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमा से आए अवैध प्रवासियों के नाम मतदाता सूची से हटाना है। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले एसआईआर की कवायद का आदेश देने वाले निर्वाचन आयोग ने साफ किया है कि आने वाले समय में पूरे देश में एसआईआर किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में 13,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की शुरुआत की

### बक्सर ताप ऊर्जा संयंत्र, औंटा-सिमरिया पुल, नई ट्रेन सेवाएं और कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन



**गया/बेगूसराय :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के गया और बेगूसराय जिलों से 13,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने 6,880 करोड़ रुपये की लागत से बने 600 मेगावाट के बक्सर ताप ऊर्जा संयंत्र और 1,870 करोड़ रुपये की लागत से गंगा नदी पर बने 1.86 किमी लंबे औंटा-सिमरिया पुल का उद्घाटन किया। पुल पर पहुंचकर उन्होंने गमछा लहराकर जनता का अभिवादन किया। उन्होंने गया-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस और वैशाली-कोडरमा बौद्ध सर्किट ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। अधिकारियों के अनुसार, बौद्ध सर्किट ट्रेन क्षेत्र में पर्यटन और तीर्थयात्रा को बढ़ावा देगी। प्रधानमंत्री ने मुजफ्फरपुर में होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन किया, जिसमें आधुनिक ऑन्कोलॉजी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। यह बिहार और आसपास के राज्यों के मरीजों को सस्ती और उन्नत कैंसर चिकित्सा उपलब्ध कराएगा। इसके अलावा उन्होंने मुंगेर में नमामि गंगे परियोजना के तहत 520 करोड़ रुपये की लागत से बने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) और सीवरेज नेटवर्क का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने 1,260 करोड़ रुपये की शहरी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और अमृत 2.0 मिशन के तहत जलापूर्ति योजनाओं की आधारशिला रखी। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण और शहरी) के लाभार्थियों को चाबियां सौंपकर गृह प्रवेश कराया। उन्होंने 1,900 करोड़ रुपये की लागत से बने बख्तियारपुर-मोकामा राष्ट्रीय राजमार्ग-31 के चार लेन खंड का भी उद्घाटन किया। इससे यात्रा समय बचेगा और यातायात सुगम होगा। अधिकारियों ने बताया कि नया औंटा-सिमरिया पुल उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच संपर्क को आसान करेगा, माल ढुलाई में लागत घटाएगा और क्षेत्र के आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा। यह पुल सिमरिया धाम जैसे महत्वपूर्ण तीर्थस्थल तक भी बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा। इस अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित कई केंद्रीय मंत्री, सांसद और विधायक मौजूद थे।

## यूट्यूबर एल्विश यादव के घर के बाहर गोली चलाने वाला हमलावर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार



**फरीदाबाद (हरियाणा) :** मशहूर यूट्यूबर एल्विश यादव के गुरुग्राम स्थित घर के बाहर गोलीबारी में शामिल एक हमलावर को शुक्रवार तड़के फरीदपुर गांव में एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी इशांत गांधी उर्फ इशु फरीदाबाद निवासी है। उसे पैर में गोली लगी तथा उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, अपराध शाखा की एक टीम ने फरीदाबाद के सेक्टर-30 में गांधी को सुबह करीब साढ़े चार बजे रोका। वह एक मोटरसाइकिल पर जा रहा था, जब उसे रुकने का इशारा किया गया तो वह कथित तौर पर भागा तथा उसने पुलिस टीम पर गोली चलायी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उसके पैर में गोली चलायी, जिससे वह घायल हो गया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। फरीदाबाद के पुलिस उपायुक्त (अपराध) मुकेश मल्होत्रा ने कहा, 'गुरुग्राम में 17 अगस्त को यूट्यूबर एल्विश यादव के घर पर गोलियां चलाने वाले हमलावरों में से एक गांधी था। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है और हम अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उससे पूछताछ करेंगे।' पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में घटना के दौरान गांधी को गोली चलाते हुए देखा गया है।

## राहुल गांधी से संबंधित मानहानि मामले की अगली सुनवाई नौ सितंबर को होगी

**सुलतानपुर :** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले में स्थानीय सांसद-विधायक अदालत में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से संबंधित मानहानि मामले की सुनवाई अब नौ सितंबर को होगी। इस मामले में शुक्रवार को सुनवाई होनी थी लेकिन अदालत ने राहुल गांधी के अधिवक्ता द्वारा समय मांगे जाने पर अगली सुनवाई की तारीख नौ सितंबर तय की है। एक अधिवक्ता ने यह जानकारी दी। मामले में वादी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता विजय मिश्रा के अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि शुक्रवार को गवाह अदालत में बयान देने के लिए मौजूद था, लेकिन राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने अदालत से समय मांगा था और वह हाजिर नहीं थे, इसलिए सुनवाई नहीं हुई। पांडेय ने बताया कि अदालत ने अगली सुनवाई के लिए नौ सितंबर की तारीख तय की है। वहीं, राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने कहा, 'मेरे द्वारा अदालत से मौका लिए जाने के कारण अगली सुनवाई के लिए नौ सितंबर की तारीख अदालत ने मुकर्रर की है।'

## जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाएं बेहतरीन नगरीय अवस्थापना का मानक बनेंगी : योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ :** उतर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाएं बेहतरीन नगरीय अवस्थापना का मानक बनेंगी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, योगी ने जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाओं को स्मार्ट और विकसित नगर पालिका के रूप में विकसित करने की योजना का शीघ्र क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए हैं। बयान के मुताबिक, शुक्रवार को लखनऊ में नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि स्मार्ट-विकसित नगर पालिका योजना का उद्देश्य जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाओं को आधुनिक, आत्मनिर्भर और नागरिक-केंद्रित नगर पालिका के रूप में विकसित करना है। बयान में कहा गया है कि बैठक में अधिकारियों ने योगी को बताया कि योजना के तहत नगर पालिकाओं में गौरव पथ, पिंक टॉयलेट, शहरी सुविधा केंद्र, स्मार्ट कक्षा एवं आंगनबाड़ी, थीम पार्क, ऐतिहासिक धरोहर संरक्षण, जलाशयों का जीर्णोद्धार, इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन और डिजिटल सेवाओं जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसमें कहा गया है कि अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को सूचित किया कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए उत्सव भवन, सामुदायिक केंद्र और 'एक जिला, एक उत्पाद' आधारित ढांचे भी स्थापित किए जाएंगे। बयान के अनुसार, योगी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक नगर पालिका में परियोजनाओं का चयन स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर किया जाए और वित्तीय संसाधनों का आवंटन नगर निकायों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति के अनुसार हो। अधिकारियों ने बताया कि नगर निकायों को चार करोड़ से 10 करोड़ रुपये तक का अनुदान उपलब्ध कराए जाने का प्रस्ताव है, जो उनकी जनसंख्या और कार्यदक्षता पर आधारित होगा। एक अन्य महत्वपूर्ण निर्देश में मुख्यमंत्री ने सभी नगर निगमों में निवासियों के कर बकाये में विसंगतियों के तत्काल समाधान पर बल दिया।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले में अगली सुनवाई 12 सितंबर को

**प्रयागराज :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि- शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में शुक्रवार को सुनवाई टाल दी। इस मामले की अगली सुनवाई अब 12 सितंबर को होगी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा वाद संख्या-17 को प्रतिनिधि वाद के तौर पर सुनने के निर्णय के बाद न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र ने विभिन्न मुकदमों के वादकारियों को मुस्लिम पक्ष के आवेदन पर जवाब दाखिल करने का शुक्रवार को समय दिया। मुस्लिम पक्ष ने आवेदन दाखिल कर कहा है कि वाद संख्या 17 को प्रतिनिधि वाद के तौर पर सुने जाने के निर्णय के बाद अन्य वादों की सुनवाई पर रोक लगाई जानी चाहिए। उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय ने 18 जुलाई को दंड प्रक्रिया संहिता (सीपीसी) के आदेश 1, नियम 8 के तहत प्रतिनिधि क्षमता के तहत वाद संख्या 17 की सबसे पहले सुनवाई करने और निर्णय करने का आदेश दिया था। वादकारियों की तरफ से कहा गया कि उन्होंने एक खंडपीठ के समक्ष विशेष अपील दाखिल की है। हालांकि, अदालत ने कहा कि यदि कोई आदेश पारित किया जाता है तो उस समय इस (अपील) पर विचार किया जाएगा। इससे पूर्व अदालत ने 23 अक्टूबर, 2024 को श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले में 11 जनवरी, 2024 के आदेश को वापस लेने की मुस्लिम पक्ष की अर्जी खारिज कर दी थी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 11 जनवरी, 2024 के अपने निर्णय में हिंदू पक्षों की ओर से दायर सभी मुकदमों को समेकित कर दिया था।

# रोहिंग्या, बांग्लादेशियों के लिए फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, आठ गिरफ्तार

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने रोहिंग्या और बांग्लादेशियों समेत विदेशी नागरिकों के लिए फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था और एसटीएफ) अमिताभ यश ने बताया कि उत्तर प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर की गई कार्रवाई में इस गिरोह के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह गिरोह दस्तावेजों को तैयार करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक और मैनुअल दोनों तरीकों का इस्तेमाल करता था और यह कम से कम देश के नौ राज्यों में सक्रिय था। एडीजी यश ने कहा, 'पिछले कुछ महीनों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर तकनीकी और भौतिक रूप से निगरानी के साथ यह पता चला कि यह गिरोह उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, दिल्ली-एनसीआर, राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा और उत्तराखंड में सक्रिय था।' अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) के मुताबिक गिरोह के सदस्य शुरुआत में आधार पंजीकरण प्रक्रिया की जानकारी हासिल करने के लिए कानूनी रूप से पंजीकृत जन सेवा केंद्रों में अस्थायी नौकरियों पर काम करते थे। बाद में, उन्होंने अवैध रूप से अधिकृत उपयोगकर्ताओं के आईडी और पासवर्ड, साथ ही अंगूठे के निशान और आईरिस स्कैन तस्वीरें हासिल कर लीं। इनका इस्तेमाल करके, गिरोह ने अलग-अलग राज्यों में नकली आधार कार्ड बनाए। फिर बिचौलियों ने उन्हें ऐसे लोगों से जोड़ा जिनके पास कोई भारतीय दस्तावेज नहीं थे और जिन्हें अपनी जन्मतिथि या आधिकारिक रिकॉर्ड में बदलाव की जरुरत थी। उन्होंने बताया कि ऐसे लोगों के लिए आधार कार्ड जारी करने या उनमें संशोधन करने के लिए नकली जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र और हलफनामे तैयार किए गए थे। एडीजी ने बताया कि विशेष रूप से 2023 के बाद 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए सीधे आधार कार्ड जारी करने पर प्रतिबंध लगने के बाद, गिरोह ने लोगों को 18 वर्ष से कम आयु का दिखाते हुए जाली प्रमाण पत्र जारी करके नियम को दरकिनार कर दिया और उनके लिए धोखाधड़ी से आधार कार्ड बनाए गए। उन्होंने कहा, प्रत्येक फर्जी आधार कार्ड के लिए, गिरोह 2,000 रुपये से 40,000 रुपये तक वसूलता था। बाद में इन आधार कार्ड का इस्तेमाल लोगों ने पासपोर्ट और अन्य नकली भारतीय दस्तावेज प्राप्त करने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए किया।



## न्यूज अपडेट

### वाराणसी में पार्किंग विवाद में शिक्षक की पीट-पीट कर हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार



**वाराणसी (उप्र) :** वाराणसी जिला मुख्यालय के भेलूपुर थाना क्षेत्र में कथित तौर पर पार्किंग विवाद में एक निजी स्कूल के शिक्षक की ईंट और राड से पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (अपराध) सरवन. टी ने बताया कि भेलूपुर थाना क्षेत्र के मातृ अपार्टमेंट में रहने वाले शिक्षक डॉ प्रवीण झा (48) की बृहस्पतिवार रात पार्किंग को लेकर अपार्टमेंट में ही रहने वाले आदर्श सिंह से कहासुनी हो गयी। इसके बाद आदर्श ने अपने दो साथियों के साथ प्रवीण की ईंट और राड से पिटाई कर दी जिससे प्रवीण गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि परिजन तत्काल उन्हें ट्रामा सेंटर ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### प्रख्यात पंजाबी अभिनेता जसविंदर सिंह भल्ला का निधन



**चंडीगढ़ :** कैरी ऑन जट्टा और जट्ट एंड जूलियट जैसी फिल्मों में अपने अभिनय से दुनियाभर के पंजाबी दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाले प्रख्यात पंजाबी अभिनेता जसविंदर भल्ला का शुक्रवार सुबह मोहाली के एक निजी अस्पताल में 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके एक पारिवारिक मित्र ने यह जानकारी दी। अभिनेता ने फोर्टिस अस्पताल में सुबह करीब 4 बजकर 35 मिनट पर अंतिम सांस ली। भल्ला के मित्र बाल मुकुंद शर्मा ने कहा कि दो दिन पहले अभिनेता को बीमार पड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शर्मा ने कहा कि बीते कुछ समय से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। फोर्टिस अस्पताल ने एक बयान में कहा कि भल्ला को 20 अगस्त को आपात स्थिति में अस्पताल लाया गया था और उन्हें गंभीर 'ब्रेन हैमरेज' हुआ था। बयान में कहा गया है, भर्ती के समय उनकी हालत गंभीर थी। वह दो दिन से न्यूरोसर्जरी टीम की देखरेख में वेंटिलेटर पर थे।

### फ़र्ज़ी दस्तावेजों पर पासपोर्ट बनवाने के आरोप में बरेली में तीन बांग्लादेशी बहनें गिरफ्तार

**बरेली :** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में पुलिस ने शुक्रवार को एक बांग्लादेशी महिला और उसकी दो बहनों को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक ये बहनें कथित तौर पर फ़र्ज़ी पहचान का इस्तेमाल करके कई वर्षों से भारत में रह रही थीं और इन्होंने जाली दस्तावेज़ों से भारतीय पासपोर्ट हासिल किया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी मुनारा बी न सिर्फ़ फ़र्ज़ी दस्तावेज़ों के जरिए भारत में रहने में कामयाब रही, बल्कि उसने तीन अलग-अलग भारतीय पासपोर्ट भी हासिल किए, जिनका इस्तेमाल उसने बांग्लादेश और दुबई की यात्राओं सहित कई बार विदेश यात्राओं के लिए किया। जांच से पता चला कि मुनारा बी, जो ख़ुद को बरेली के मौलानगर की निवासी बताती थी, असल में बांग्लादेश के खुलना के जेसोर ज़िले की रहने वाली थी। उसने पहली बार 2011 में भारतीय पासपोर्ट बनवाया था और 2012 में अपनी बहन सायरा बानो के नाम से अपनी तस्वीर का इस्तेमाल करके एक और पासपोर्ट बनवाया। इस पासपोर्ट पर उसने कई बार विदेश यात्राएं कीं। पुलिस ने बताया कि बाद में उसने कथित तौर पर कुवैत स्थित भारतीय दूतावास से तीसरा पासपोर्ट हासिल कर लिया, जबकि पहले वाले पासपोर्ट की अवधि समाप्त हो गई थी।

## बिहार दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने 'वोट चोरी' पर एक शब्द भी नहीं बोला: राहुल गांधी



**भागलपुर (बिहार) :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को इस बात के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना की कि उन्होंने दिन में बिहार के गयाजी का दौरा करने के दौरान निर्वाचन आयोग का इस्तेमाल करके 'वोट चुराने' की अपनी सरकार की कथित कोशिश पर एक शब्द भी नहीं बोला। कांग्रेस की 'मतदाता अधिकार यात्रा' के छठे दिन भागलपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए गांधी ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर भी मोदी पर हमला बोला। गांधी ने कहा, 'एसआईआर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा और निर्वाचन आयोग द्वारा आपका वोट चुराने का एक प्रयास है। वे आपके मतदान के अधिकार को छीनने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। 'वोट चोर' गयाजी आए, लेकिन उन्होंने निर्वाचन आयोग की मदद से वोट चुराने की अपनी सरकार की कोशिश पर एक शब्द भी नहीं बोला।' पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने आश्चर्य जताया कि मोदी इस मुद्दे पर चुप्पी क्यों साधे हुए हैं। उन्होंने कहा, 'वोट चोरी भारत के संविधान पर हमला है। 'इंडिया' गठबंधन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बिहार के लोगों का मताधिकार नहीं चुराने देगा।'

## राजस्थान : लगातार बारिश से सवाई माधोपुर में जनजीवन अस्त-व्यस्त



**जयपुर :** लगातार मूसलाधार बारिश से राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और कई इलाकों में जलभराव/बाढ़ जैसे हालात हैं। वहीं, कोटा में राहत व बचाव कार्य में सेना की मदद ली गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि लगातार हो रही बारिश से कई रिहायशी कॉलोनियां जलमग्न हो गई हैं। राजमार्गों पर यातायात बाधित हुआ है। रेल सेवाएं स्थगित कर दी गई हैं और रणथंभौर बाघ अभयारण्य में पर्यटकों की सफारी रोक दी गई है। बारिश के कारण होने वाले कई हादसों की भी जानकारी मिली है। सबसे भयावह घटना सुरवाल बांध में हुई जहां आठ से दस लोगों को ले जा रही एक नाव तेज बहाव के कारण डूब गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद तीन लोगों को बचा लिया, जबकि अन्य की तलाश जारी है। पुलिस उपाधीक्षक उदय सिंह ने कहा, बचाव दल अभियान जारी रखे हुए हैं और लापता लोगों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। एक अन्य हादसे में इंदौर के 20 वर्षीय युवक मोंटी तंवर की मौत हो गई। कुशाली दर्रा में राष्ट्रीय राजमार्ग 552 पर उनकी कार पानी के तेज बहाव में बह गई थी। पुलिस उपाधीक्षक (ग्रामीण) पिंटू कुमार ने कहा, मोंटी अपने परिवार को निवाई में छोड़कर इंदौर जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। अजमेर में बृहस्पतिवार रात एक व्यक्ति बांध में नहाते समय डूब गया। वह अपने दोस्तों के साथ बांध पर अपना जन्मदिन मना रहा था। जयपुर के चाकसू इलाके में मोटरसाइकिल सवार एक दंपति उफनती ढूंढ नदी में बह गए। पुलिस ने बताया कि स्थानीय लोगों ने पति को बचा लिया लेकिन पत्नी पानी की धार में बह गई।

# अमेरिका के साथ किसी भी व्यापार समझौते में भारत किसानों के हितों से समझौता नहीं करेगा: अमित शाह

**कोच्चि :** अमेरिका के भारतीय वस्तुओं पर नए शुल्क लगाए जाने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि भारत, अमेरिका के साथ किसी भी व्यापार समझौते में अपने किसानों या व्यापक राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करेगा। शाह ने कोच्चि में 'मनोरमा न्यूज कॉन्क्लेव' में कहा, मोदी जी (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी) ने स्पष्ट कर दिया है कि कोई भी व्यापार समझौता भारत के हितों से ऊपर नहीं होगा। गृह मंत्री ने प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान एक सवाल पर कहा, हमारे लोगों की कीमत पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। किसानों के हितों को खतरे में नहीं



डाला जाएगा। हम जो कुछ भी करेंगे, उसमें राष्ट्र हित सर्वोपरि होगा। शाह का यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका ने भारत पर रूसी तेल की खरीद जारी रखने पर भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने का ऐलान किया है। इससे वस्त्र, समुद्री उत्पाद और चमड़ा निर्यात जैसे क्षेत्रों पर असर पड़ने की आशंका है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत की अर्थव्यवस्था महज एक दशक में दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से छलांग लगाकर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। उन्होंने इसकी तुलना पिछली कांग्रेस सरकार से की, जिस पर उन्होंने अर्थव्यवस्था को पटरी से उतार देने का आरोप लगाया।

### स्टालिन को संविधान संशोधन विधेयक को 'काला विधेयक' कहने का कोई अधिकार नहीं

**तिरुनेलवेली (तमिलनाडु) :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि स्टालिन को 130वें संविधान संशोधन विधेयक को ''काला विधेयक'' कहने का कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि उन्होंने स्वयं ''काले कारनामे'' किए हैं। शाह ने यहां पार्टी के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) देश की ''सबसे भ्रष्ट'' सरकार का नेतृत्व कर रही है, जबकि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं, जो तमिल के नीतिपरक ग्रंथ 'तिरुक्कुरल' में एक योग्य और आदर्श शासक के लिए वर्णित दिशा-निर्देशों के अनुसार सरकार चला रहे हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी 29 अगस्त से एक सितंबर तक जापान और चीन की यात्रा पर रहेंगे

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 अगस्त को जापान और चीन की चार दिवसीय यात्रा पर रवाना होंगे। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह घोषणा की। अपनी यात्रा के पहले चरण में मोदी जापान की दो दिवसीय यात्रा पर रहेंगे। जापान से, प्रधानमंत्री चीन की यात्रा करेंगे जहां वह मुख्यतः शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री की दोनों एशियाई देशों की यात्रा की घोषणा चीनी विदेश मंत्री वांग यी की भारत यात्रा के कुछ ही दिनों बाद हुई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मोदी 15वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 29 और 30 अगस्त को जापान में रहेंगे। प्रधानमंत्री के रूप में यह मोदी की जापान की आठवीं यात्रा होगी।

## अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की



**नयी दिल्ली :** अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और अंतरिक्ष में अपने अनुभव साझा किए। यह जानकारी राष्ट्रपति के कार्यालय ने दी। शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा करने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री हैं। वह अन्य साथी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ एक्सिओम मिशन 4 के तहत 20 दिनों की अंतरिक्ष यात्रा के बाद पिछले महीने पृथ्वी पर लौटे हैं। राष्ट्रपति कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि ग्रुप कैप्टन शुक्ला, ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर और ग्रुप कैप्टन पुण्यश्लोक बिस्वाल, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एवं अंतरिक्ष विभाग के सचिव वी नारायणन और मानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र के निदेशक दिनेश कुमार सिंह ने मुर्मू से मुलाकात की। उन्होंने अंतरिक्ष में अपने अनुभव राष्ट्रपति के साथ साझा किए। पोस्ट में लिखा है, ''राष्ट्रपति ने पूरी टीम को भविष्य के प्रयासों, खासकर गगनयान मिशन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।''

## न्यूज इन ब्रीफ

### मिजोरम में 75 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त, आठ लोग गिरफ्तार

**आइजोल :** मिजोरम में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) और राज्य आबकारी एवं नारकोटिक्स विभाग के एक विशेष संयुक्त अभियान में 75 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की मेथामफेटामीन टैबलेट और हेरोइन जब्त की गई तथा आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया। बीएसफ ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बीएसएफ ने एक बयान में बताया कि बल द्वारा जुटाई गई खुफिया सूचना के आधार पर विशेष अभियान की योजना बनाई गई और बृहस्पतिवार को यह अभियान चलाया गया। बयान के मुताबिक, संयुक्त टीम ने आइजोल से लगभग 60 किलोमीटर दूर केइफांग और सेलिंग गांवों के बीच आइजोल-चंफाई राजमार्ग (एनएच-6) पर चार संदिग्ध वाहनों को रोका। बयान में कहा गया है कि तलाशी के दौरान तीन प्लास्टिक बैग जब्त किए गए, जिनमें 50 पैकेट में लगभग 50 किलोग्राम (पांच लाख टैबलेट) मेथामफेटामीन थी। इसके अलावा, साबुन के तीन डिब्बे मिले, जिनमें 36 ग्राम हेरोइन थी।

### न्यायालय ने संभल मस्जिद विवाद मामले में यथास्थिति बनाए रखने का दिया आदेश, नोटिस जारी किया

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने संभल मस्जिद विवाद मामले में 25 अगस्त तक यथास्थिति बनाए रखने का शुक्रवार को आदेश दिया और हिंदू याचिकाकर्ताओं को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति ए एस चंदुरकर की पीठ ने यह आदेश पारित किया। शीर्ष अदालत मस्जिद समिति द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी। उच्च न्यायालय ने शाही जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद में संभल अदालत द्वारा दिए गए सर्वेक्षण के आदेश के खिलाफ दाखिल समिति की याचिका को खारिज कर दिया था और सर्वेक्षण के दीवानी अदालत के निर्देश को बरकरार रखा था। मस्जिद समिति ने पिछले साल 19 नवंबर के सिविल जज के आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय का रुख किया था, जिसमें मुगलकालीन मस्जिद का सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया गया था। सर्वेक्षण उसी दिन हुआ था।


### उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफे के बाद धनखड़ टेबल टेनिस खेलकर, योग करके समय बिता रहे

**नयी दिल्ली :** पिछले महीने उपराष्ट्रपति पद से अचानक इस्तीफा देने वाले जगदीप धनखड़ अपने परिवार के साथ समय बिताने के साथ ही नियमित रूप से योगाभ्यास कर रहे हैं और टेबल टेनिस खेल रहे हैं। अगस्त 2022 में उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने से पहले धनखड़ जब पश्चिम बंगाल के राज्यपाल थे, तब उन्होंने शौकिया टेबल टेनिस खेलना शुरू किया था। धनखड़ की दिनचर्या से वाकिफ लोगों ने बताया कि वह नियमित रूप से योग अभ्यास करते हैं और उपराष्ट्रपति एनक्लेव में अपने शुभचिंतकों व स्टाफ सदस्यों के साथ टेबल टेनिस खेलते हैं। पूर्व उपराष्ट्रपति की दिनचर्या से अवगत एक व्यक्ति ने बताया, यहां तक कि यात्रा से लौटने के बाद भी वह अपने स्टाफ सदस्यों के साथ टेबल टेनिस खेलते थे।

## पहले ही एमआरपी से अधिक शुल्क वसूल रहे रेस्तरां, सेवा शुल्क क्यों लगा रहे : दिल्ली उच्च न्यायालय

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को रेस्तरां एसोसिएशन से पूछा कि जब आप पहले ही अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) पर अधिक शुल्क वसूल रहे हैं, तो फिर आप सेवा शुल्क क्यों ले रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने होटल और रेस्तरां संघों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील से यह प्रश्न पूछा, जिन्होंने एकल न्यायाधीश के आदेश के खिलाफ अदालत का रुख किया था। मार्च में उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश ने कहा था कि रेस्तरां भोजन के बिल पर ''छिपे हुए और जबरन तरीके'' से अनिवार्य रूप से सेवा शुल्क नहीं लगा सकते, क्योंकि यह जनहित के विरुद्ध है और अनुचित व्यापार व्यवहार के समान है। उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने शुक्रवार को कहा कि रेस्तरां आगंतुकों से तीन घटकों के तहत शुल्क ले रहे हैं, जिसमें बेची गई खाद्य वस्तुएं, रेस्तरां का वातावरण प्रदान करना और खाना परोसना शामिल है। पीठ ने कहा, ''आप अपने रेस्तरां में आने वाले व्यक्ति को मिलने वाले अनुभव के लिए एमआरपी से अधिक शुल्क ले रहे हैं, और आप प्रदान की गई सेवा के लिए सेवा शुल्क भी ले रहे हैं... क्या किसी विशेष प्रकार के अनुभव के लिए माहौल प्रदान करने में आपकी सेवाएं शामिल नहीं होंगी? यह हमारी समझ से परे है। इस सेवा शुल्क में यह भी शामिल होना चाहिए।''

## मुनीर का पाकिस्तान की तुलना डंपर ट्रक से करना इस्लामाबाद की नाकामी का कबूलनामा: राजनाथ




**नयी दिल्ली :** पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर द्वारा भारत को परमाणु धमकी दिए जाने और अपने देश को ''डंपर ट्रक'' बताए जाने के कुछ दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह टिप्पणी ''हिंसक'' मानसिकता का प्रतिबिंब और इस्लामाबाद की ''विफलता'' की स्वीकारोक्ति है। सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान को अपने मन में कोई भ्रम नहीं रखना चाहिए। रक्षा मंत्री का इशारा मुनीर की उस हालिया टिप्पणी की ओर था, जिसमें उन्होंने कहा था कि पड़ोसी देश भविष्य में नयी दिल्ली के साथ किसी संघर्ष में अस्तित्व को खतरा पैदा होने की स्थिति में भारत और ''आधी दुनिया'' को नष्ट करने के लिए अपने परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। रक्षा मंत्री ने 'इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम' में यह भी कहा कि मुनीर द्वारा पाकिस्तान की तुलना ''डंपर ट्रक'' से किया जाना और ''भारत को एक चमचमाती मर्सिडीज जैसा बताना'' इस्लामाबाद की ''खुद की विफलता'' को दर्शाता है।

### महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए हम नीतियों को मजबूत कर रहे हैं

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि सशस्त्र बलों और शांति सेना में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए ''हम नीतियों को मजबूत कर रहे हैं' ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन्हें नेतृत्व और सेवा करने के समान अवसर मिलें। सिंह ने यह बात भारत के साथ-साथ 15 देशों की महिला अधिकारियों के साथ बातचीत के दौरान कही, जो यहां आयोजित लगभग दो सप्ताह लंबे संयुक्त राष्ट्र महिला सैन्य अधिकारी पाठ्यक्रम (यूएनडब्ल्यूएमओसी-2025) में भाग ले रही हैं।

## देश में 40 फीसदी मुख्यमंत्रियों पर आपराधिक मामले दर्ज : एडीआर



**नयी दिल्ली :** चुनाव अधिकार संस्था एडीआर की एक नई रिपोर्ट के अनुसार देश के 30 मुख्यमंत्रियों में से 12 यानी 40 प्रतिशत ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने अपने खिलाफ सबसे अधिक 89 मामले घोषित किए हैं, जबकि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने 47 मामले घोषित किए हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने 19, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने 13 और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पांच मामले घोषित किए हैं। महाराष्ट्र और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों देवेंद्र फडणवीस और सुखविंदर सिंह सुक्खू ने चार-चार मामले, केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने दो और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एक मामला घोषित किया है। यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है, जब सरकार तीन विधेयक लाई है, जिनमें गंभीर आपराधिक आरोपों में 30 दिनों के लिए गिरफ्तार किए गए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को हटाने का प्रावधान है। 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की रिपोर्ट के अनुसार, 10 यानी 33 प्रतिशत मुख्यमंत्रियों ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है, जिनमें हत्या के प्रयास, अपहरण, रिश्वतखोरी और आपराधिक धमकी से जुड़े मामले शामिल हैं। एडीआर ने कहा कि उसने राज्य विधानसभाओं और केंद्र शासित प्रदेशों के सभी 30 मौजूदा मुख्यमंत्रियों की ओर से खुद दिए गए हलफनामों का विश्लेषण किया है। यह डेटा उनके द्वारा अपना पिछला चुनाव लड़ने से पहले दायर किए गए हलफनामों से लिया गया है।

## इसरो ने भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के मॉडल का अनावरण किया




**नयी दिल्ली :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को यहां शुरू हुए दो दिवसीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह के दौरान भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) मॉड्यूल के एक मॉडल का अनावरण किया। भारत की योजना 2028 तक अपने स्वयं के निर्मित अंतरिक्ष स्टेशन, बीएएस के प्रथम मॉड्यूल को प्रक्षेपित करने की है। इससे भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो जाएगा जो कक्षीय प्रयोगशालाएं संचालित करते हैं। वर्तमान में, दो कक्षीय प्रयोगशालाएं हैं - पांच अंतरिक्ष एजेंसियों द्वारा संचालित अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन और चीन का तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन। अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए अपनी महत्वाकांक्षी योजनाओं के तहत, भारत 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के पांच मॉड्यूल स्थापित करने की योजना बना रहा है। बीएएस-01 मॉड्यूल का वजन 10 टन होने की उम्मीद है और इसे पृथ्वी से 450 किलोमीटर ऊपर पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित किया जाएगा। इसकी मुख्य विशेषताओं में स्वदेशी रूप से विकसित पर्यावरण नियंत्रण एवं जीवन समर्थन प्रणाली (ईसीएलएसएस), भारत डॉकिंग सिस्टम, भारत बर्थिंग मैकेनिज्म, स्वचालित हैच सिस्टम, सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण अनुसंधान और प्रौद्योगिकी प्रदर्शन के लिए प्लेटफॉर्म, वैज्ञानिक इमेजिंग और चालक दल के मनोरंजन के लिए व्यूपोर्ट शामिल हैं।

## चंद्रबाबू नायडू ने सी पी राधाकृष्णन से भेंट की, उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए उन्हें अपना समर्थन दिया



**नयी दिल्ली :** तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के अध्यक्ष और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को यहां उपराष्ट्रपति पद के लिए राजग उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन से मुलाकात की एवं उन्हें समर्थन देने की बात कही। उपराष्ट्रपति पद के लिए नौ सितंबर को चुनाव है। तेदेपा नेताओं और सांसदों के साथ नायडू ने महाराष्ट्र के वर्तमान राज्यपाल राधाकृष्णन के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। विपक्ष ने उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी को अपना उम्मीदवार बनाया है।

## भारत, बांग्लादेश 25 अगस्त से ढाका में सीमा वार्ता करेंगे

**नयी दिल्ली :** भारत और बांग्लादेश 25 अगस्त से ढाका में सीमा वार्ता शुरू करेंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों पक्ष सीमा पार अपराधों पर अंकुश लगाने के उपायों पर चर्चा करेंगे। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पड़ोसी देश के असामाजिक तत्वों द्वारा उसके कर्मियों और भारतीय नागरिकों पर हमलों से संबंधित मुद्दों को उठाएगा। पिछले साल शेख हसीना सरकार के पतन के बाद यह पहली बार होगा, जब भारतीय प्रतिनिधिमंडल ढाका की यात्रा करेगा। दोनों देश 4,096 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करते हैं। ये वार्ता दोनों देशों के सीमा सुरक्षा बलों - बीएसएफ और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) - के बीच साल में दो बार आयोजित की जाती है। बीजीबी का एक प्रतिनिधिमंडल 17-20 फरवरी तक वार्ता के लिए भारत आया था। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने कहा, ''बीएसएफ और बीजीबी के बीच महानिदेशक स्तरीय 56वां सीमा समन्वय सम्मेलन 25 से 28 अगस्त के बीच ढाका में बीजीबी द्वारा आयोजित किया जाएगा।'' भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बीएसएफ के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी करेंगे, जबकि बांग्लादेशी पक्ष का नेतृत्व बीजीबी के महानिदेशक मेजर जनरल मोहम्मद अशरफुज्जमां सिद्दीकी करेंगे।

## ईडी ने 'अवैध' सट्टेबाजी मामले में कर्नाटक के विधायक के खिलाफ छापे मारे

**बेंगलुरु :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कथित अवैध सट्टेबाजी से जुड़े धन शोधन मामले में कर्नाटक के कांग्रेस विधायक के सी वीरेंद्र 'पप्पी', उनके भाई और कुछ अन्य के खिलाफ कई राज्यों में छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। वीरेंद्र (50) चित्रदुर्ग विधानसभा सीट से विधायक हैं। राज्य विधानसभा सत्र के अंतिम दिन हुई ईडी की कार्रवाई पर विधायक की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। सूत्रों ने बताया कि कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले, बेंगलुरु और हुबली, जोधपुर (राजस्थान), मुंबई और गोवा में कम से कम 30 स्थानों पर धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत तलाशी ली गयी। उन्होंने बताया कि गोवा में 'पप्पीज कैसीनो गोल्ड', 'ओशन रिवर्स कैसीनो', 'पप्पीज कैसीनो प्राइड', 'ओशन 7 कैसीनो' और 'बिग डैडी कैसीनो' पर भी छापे मारे गए। ईडी सूत्रों ने बताया कि यह कार्रवाई धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, वीरेंद्र पर किंग567, राजा567, पप्पीज003, रत्ना गेमिंग आदि जैसी ऑनलाइन सट्टेबाजी वेबसाइट संचालित करने का आरोप है और उनके भाई के सी थिप्पेस्वामी पर दुबई से डायमंड सॉफ्टेक, टीआरएस टेक्नोलॉजीज और प्राइम9 टेक्नोलॉजीज नामक तीन व्यापारिक संस्थाओं को ''संचालित'' करने का आरोप है।

## धामी ने केंद्रीय मंत्री गडकरी और मनोहर लाल से मुलाकात की; धराली आपदा, 2027 के कुंभ पर हुई चर्चा



**नयी दिल्ली :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को नयी दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मनोहर लाल खट्टर से अलग-अलग मुलाकात कर धराली में पुलों एवं सड़कों को हालिया आपदा में हुए नुकसान और राज्य में 2027 में होने वाले कुंभ के आयोजन से जुड़े विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री गडकरी से मुलाकात के दौरान उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद स्थित धराली में सड़कों और पुलों को हुए व्यापक नुकसान का उल्लेख करते हुए इनकी शीघ्र मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिए केंद्र से सहयोग का अनुरोध किया। राज्य सरकार की एक विज्ञप्ति के अनुसार, गडकरी ने धामी को सभी आवश्यक सहायता दिये जाने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ अपनी मुलाकात के दौरान राज्य के ऋषिकेश, हरिद्वार और अन्य तीर्थ क्षेत्रों में 2027 में आयोजित होने वाले कुंभ को ध्यान में रखते हुए बुनियादी ढांचे के विकास तथा आवास योजनाओं से जुड़े विषयों पर केंद्र से सहयोग का अनुरोध किया। धामी ने केंद्रीय मंत्री को यह जानकारी भी दी कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के दिशानिर्देशों के अंतर्गत 'व्हाइटलिस्टिंग और रिडीमेबल वाउचर' प्रणाली के कारण निजी डेवलपर परियोजनाओं में रूचि नहीं दिखा रहे हैं।

## त्रिपुरा में चलती गाड़ी में लड़की से सामूहिक बलात्कार, दो गिरफ्तार

**अगरतला :** त्रिपुरा के गोमती जिले में उदयपुर रेलवे स्टेशन के पास एक लड़की के साथ उसके दो साथियों ने चलती गाड़ी में सामूहिक बलात्कार किया। पुलिस ने शुक्रवार को यह कहा। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों की पहचान महारानी निवासी मिथुन देबनाथ (24) और बोवर देबबर्मा (24) के रूप में हुई है और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। आरके पुर महिला थाने की प्रभारी निभा सिन्हा ने बताया, लड़की बृहस्पतिवार शाम अपने दो पड़ोसियों के साथ त्रिपुरेश्वरी मंदिर गई थी। मंदिर में दर्शन के बाद दो लड़के उसे कार में उदयपुर रेलवे स्टेशन ले गए। रास्ते में मिथुन और बोवर ने चलती गाड़ी में उसके साथ बलात्कार किया। सिन्हा ने बताया कि तीनों को पहले उदयपुर उपमंडल के काकराबान चेकगेट पर उस समय हिरासत में लिया गया जब वे रात करीब 10 बजे लौट रहे थे। उन्होंने बताया, पूछने पर लड़की ने बताया कि उसके दो साथियों ने उसके साथ बलात्कार किया है। इसके बाद हम उन्हें पूछताछ के लिए थाने ले आए। शुक्रवार को पीड़ित परिवार की शिकायत के बाद दोनों युवकों को घटना में कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार कर लिया गया।

## उद्यमिता एवं परोपकार की विरासत छोड़ गए लॉर्ड स्वराज पॉल, 94 साल की उम्र में ली अंतिम सांस




**नयी दिल्ली :** जालंधर की गलियों से ब्रिटेन तक का सफर तय करने वाले लॉर्ड स्वराज पॉल का बृहस्पतिवार शाम लंदन में निधन हो गया। वह अपने पीछे उद्यमिता एवं परोपकारी कामों की समृद्ध विरासत छोड़ गए हैं। ब्रिटेन स्थित कपारो उद्योग समूह के संस्थापक लॉर्ड पॉल हाल ही में बीमार पड़ गए थे और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां 21 अगस्त की शाम को उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में अंतिम सांस ली। वह 94 वर्ष के थे। प्यारे लाल के घर में 18 फरवरी 1931 को जन्मे लॉर्ड पॉल अपने जीवन के शुरुआती दिनों में ही व्यवसाय से परिचित थे। लॉर्ड पॉल के पिता बाल्टियों और अन्य कृषि उपकरणों सहित इस्पात के सामान बनाने के लिए एक छोटा सा ढलाईखाना चलाते थे। लॉर्ड पॉल ने इस अनुभव का इस्तेमाल करते हुए ब्रिटेन में कपारो ग्रुप की स्थापना की जो एक विविध व्यवसाय इकाई है। यह मुख्य रूप से मूल्यवर्धित इस्पात और विशिष्ट इंजीनियरिंग उत्पादों के डिजाइन, निर्माण, विपणन एवं वितरण में लगी है। जालंधर में हाई स्कूल की शिक्षा और 1949 में पंजाब विश्वविद्यालय से विज्ञान में स्नातक की उपाधि हासिल करने के बाद लॉर्ड पॉल मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक और स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल करने के लिए अमेरिका चले गए। एमआईटी में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद वह भारत लौट आए और अपने पारिवारिक व्यवसाय एपीजे सुरेंद्र ग्रुप (जो भारत के सबसे पुराने व्यापारिक समूहों में से एक है) में शामिल हो गए। 1966 में अपनी बेटी अंबिका का 'ल्यूकेमिया' का इलाज कराने के लिए वह ब्रिटेन गए। दुर्भाग्यवश चार साल की उम्र में उनकी बेटी का निधन हो गया।

### ईडी ने धन शोधन मामले में झारखंड के पूर्व मंत्री के बेटे, छह अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने झारखंड के पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के बेटे अंकित राज और छह अन्य के खिलाफ कथित अवैध रेत खनन से जुड़े धन शोधन के एक मामले में आरोपपत्र दाखिल किया है। अभियोजन पक्ष की शिकायत बृहस्पतिवार को रांची में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) संबधी एक विशेष अदालत में दाखिल की गई। ईडी ने एक बयान में कहा कि आरोप पत्र में नामजद अन्य आरोपियों में मनोज कुमार अग्रवाल, पंचम कुमार, संजीव कुमार, मनोज प्रसाद दांगी, अनिल कुमार और बिंदेश्वर कुमार दांगी हैं। कांग्रेस नेता साव झारखंड के पूर्व कृषि मंत्री हैं।

## कभी न तो डरूंगी और न ही हार मानूंगी: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता



**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'जनसुनवाई' के दौरान हुए हमले के दो दिन बाद शुक्रवार को औपचारिक तौर पर कामकाज फिर शुरू करते हुए कहा कि वह कभी न डरेंगी, न ही हारेंगी और राष्ट्रीय राजधानी के अधिकारों के लिए संघर्ष करती रहेंगी। रेखा गुप्ता ने यमुना पार इलाके के गांधी नगर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संघर्ष उनका 'अटल संकल्प' है। उन्होंने कहा, आपकी मुख्यमंत्री न तो डरेंगी, न थकेंगी और न ही हारेंगी। मैं आपके साथ तब तक संघर्ष करती रहूंगी जब तक दिल्ली को उसके अधिकार नहीं मिल जाते। यह मेरा अटल संकल्प है। गुजरात के राजकोट निवासी राजेशभाई खिमजी ने बुधवार सुबह दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके स्थित मुख्यमंत्री के कैंप कार्यालय में 'जन सुनवाई' कार्यक्रम के दौरान रेखा गुप्ता पर हमला किया था। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया था। रेखा गुप्ता ने कहा कि पिछले 10-12 वर्ष में दिल्ली पिछड़ गई है लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी के यमुना पार क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव बजटीय सहायता का आश्वासन भी दिया और कहा कि इससे एक विकसित दिल्ली के निर्माण में मदद मिलेगी।

# वलारिवान ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता, जूनियर स्पर्धा में दबदबा कायम

**शिमकेंट (कजाकिस्तान):** भारतीय निशानेबाज एलावेनिल वलारिवान ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां 16वीं एशियाई चैंपियनशिप की महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। तमिलनाडु की इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने फाइनल में 253.6 का स्कोर बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने विश्व कप में कई स्वर्ण पदक जीते हैं और इसके अलावा विश्व चैंपियनशिप में भी शीर्ष स्थान हासिल किया है। यह उनका एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में दूसरा स्वर्ण पदक है। इससे पहले उन्होंने 2019 में ताइवान में स्वर्ण पदक जीता था। चीन की शिनलू पेंग ने 253 अंक के साथ रजत पदक जबकि कोरिया की यूंजी क्वोन (231.2) ने कांस्य पदक जीता। अभय सिंह शेखों (65) और गनेमत शेखों (73) ने स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में क्वालीफिकेशन में 138 अंक हासिल किए तथा दूसरे कांस्य पदक मुकाबले में कुवैत के अब्दुल्ला अलराशिदी और अफराह अलमोहम्मद से भिड़े। भारतीय टीम 48 शॉट की टीम स्पर्धा में 39-37 से विजयी रही और भारत को एक और सीनियर पदक मिला। वहीं वलारिवान का मौजूदा प्रतियोगिता में पहला व्यक्तिगत पदक है। इससे पहले उन्होंने टीम स्पर्धाओं में रजत और कांस्य पदक जीता था। इस स्पर्धा में भाग ले रही एक अन्य भारतीय खिलाड़ी मेहुली घोष आठ निशानेबाजों के फाइनल में 208.9 अंक हासिल करके चौथे स्थान पर रहीं। वलारिवान ने 630.7 अंकों के साथ आठवें स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। घोष पहले 630.3 अंकों के साथ दसवें स्थान पर रही थीं, लेकिन उनसे बेहतर प्रदर्शन करने वाली भारत की दो अन्य खिलाड़ी आर्या बोरसे (633.2) और सोनम मस्कर (630.5) के केवल रैंकिंग अंकों के लिए खेलने के कारण उन्हें फाइनल में जगह मिल गई। वलारिवान का पदक वर्तमान प्रतियोगिता में भारत के लिए दूसरा सीनियर व्यक्तिगत स्वर्ण पदक है, जहां देश अपने जूनियर निशानेबाजों के मजबूत प्रदर्शन की बदौलत तालिका में शीर्ष पर है।




## सूर्यकुमार की कप्तानी में एशिया कप जीत सकता है भारत: सहवाग





**नयी दिल्ली:** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि सूर्यकुमार यादव के निर्भिक नेतृत्व में मौजूदा टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम आगामी एशिया कप जीत सकती है। यह महाद्वीपीय टूर्नामेंट नौ से 28 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित किया जाएगा। टी20 प्रारूप के इस टूर्नामेंट का 2016 में पहला संस्करण जीतने वाली भारतीय टीम को ग्रुप ए में पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, ओमान और मेजबान संयुक्त अरब अमीरात के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में श्रीलंका, हांगकांग, अफगानिस्तान और बांग्लादेश शामिल हैं। सहवाग ने आगामी टूर्नामेंट के प्रसारणकर्ता सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के 'रग रग में भारत' अभियान के मौके पर कहा, 'इस भारतीय टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का सही मिश्रण है। और सूर्यकुमार के निर्भिक नेतृत्व में टीम एक बार फिर एशिया में अपना दबदबा बना सकती है। उनकी आक्रामक मानसिकता टी20 प्रारूप के लिए बिल्कुल उपयुक्त है और अगर टीम इसी इरादे से खेलती है तो इसमें कोई शक नहीं है कि भारत ट्रॉफी जीत सकता है।'' उन्होंने कहा, ''यह (रग रग में भारत) अभियान भारतीय क्रिकेट की धड़कन को खूबसूरती से जीवंत करता है। आप देश के किसी भी हिस्से से हों, जब भारत खेलता है तो भावनाएं हमें एकजुट करती हैं। मैं इसमें भी यही जुनून महसूस कर सकता हूं और यही जुड़ाव क्रिकेट को इतना ताकतवर बनाता है।'' सूर्यकुमार एशिया कप में 15 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे जबकि टेस्ट कप्तान शुभमन गिल उनके उप कप्तान होंगे।'

### एंगिडी के पांच विकेट, दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर श्रृंखला जीती

**मैके (ऑस्ट्रेलिया):** तेज गेंदबाज लुंगी एंगिडी के पांच विकेट के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने शुक्रवार को यहां दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में ऑस्ट्रेलिया पर 84 रन से जीत दर्ज कर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली। एनगिडी ने 42 रन देकर पांच विकेट झटके जिससे ऑस्ट्रेलियाई टीम 278 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 12 ओवर रहते 193 रन पर ढेर हो गई। मिचेल मार्श की टीम घरेलू मैदान में लगातार चौथे वनडे में 200 रन के अंदर सिमट गई। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के कार्यवाहक कप्तान एडेन मारक्रम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया जिसके बाद टीम ने मैथ्यू ब्रिट्ज्के (88 रन) और ट्रिस्टन स्टब्स (74 रन) के अर्धशतकों की मदद से 277 रन बनाए। नियमित कप्तान टेम्बा बावुमा को कार्यभार प्रबंधन के अंतर्गत आराम दिया गया था और वह श्रृंखला के रविवार को होने वाले अंतिम वनडे में टीम की अगुआई के लिए उपलब्ध होंगे। तीन मैच की श्रृंखला में लगातार दूसरी दफा ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा।

## अय्यर को जगह नहीं मिलना दिखाता है कि भारत में विकल्प की कोई कमी नहीं: टेलर

**नयी दिल्ली:** न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रॉस टेलर ने शुक्रवार को यहां कहा कि एशिया कप के लिए भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में श्रेयस अय्यर को जगह नहीं मिलना दिखाता है कि इस देश में प्रतिभावान खिलाड़ियों के विकल्प में कोई कमी नहीं है। अय्यर ने घरेलू क्रिकेट में लगातार शानदार प्रदर्शन किया है। उनके नेतृत्व में कोलकाता नाइट राइडर्स ने 2024 आईपीएल खिताब को जीता था जबकि इस साल उनकी कप्तानी में पंजाब किंग्स ने फाइनल तक का सफर तय किया। टेलर ने यहां सीएलटी10 लीग कार्यक्रम से इतर पीटीआई वीडियो से कहा, 'मैंने अभी तक टीम नहीं देखी है, इसलिए कुछ



कह नहीं सकता। जब आप इस तरह के बेहतरीन खिलाड़ी को बाहर रख सकते हैं, तो आपको अपनी टीम में विकल्पों को लेकर काफी सहज होना पड़ेगा।' अय्यर को एशिया कप के लिए चुनी गई 15 सदस्यीय टीम के अलावा पांच स्टैंडबाय खिलाड़ियों की सूची में भी शामिल नहीं किया गया है।

### डैली बिश्नोई को महिला के1 में स्वर्ण, मध्यप्रदेश का प्रभावी प्रदर्शन

**श्रीनगर:** सत्रह वर्ष की कयाकिंग खिलाड़ी डैली बिश्नोई ने खेलो इंडिया वाटर स्पोटर्स फेस्टिवल में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दूसरे दिन शुक्रवार को 500 मीटर (के1) में स्वर्ण पदक जीता और दूसरे दिन दांव पर लगे चारों स्वर्ण पदक मध्यप्रदेश की झोली में गए। भोपाल की वाटर स्पोटर्स अकैडेमी आफ एक्सीलैंस से निकली डैली ने 2 : 11 . 093 सेकंड का समय निकाला। उत्तराखंड की पी रोजी देवी दूसरे और केरल की निकिता सरकार तीसरे स्थान पर रही। मध्य प्रदेश की 14 वर्ष की निहारिका सिंह और चंद्रकला कुशवाह ने महिला कयाकिंग 500 मीटर (के2) में 02 :04.642 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण जीता जबकि मध्यप्रदेश की ही पुरूष केनोइंग (सी2) टीम के सुधीर कुमार और प्रिंस गोस्वामी ने 1 : 50 . 943 सेकंड का समय निकालकर पीला तमगा अपने नाम किया।

## डूरंड कप फाइनल में नॉर्थईस्ट के खिलाफ डायमंड हार्बर की नजरें इतिहास रचने पर

**कोलकाता:** 'जाइंट किलर' डायमंड हार्बर एफसी की नजरें पदार्पण वर्ष में डूरंड कप खिताब जीतने वाली पहली टीम बनने पर लगी होंगी लेकिन इसके लिये उसे शनिवार को फाइनल में नॉर्थईस्ट युनाइटेड एफसी जैसे धुरंधर को हराना होगा। इस साल का खिताबी मुकाबला इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि दोनों टीमों के पास इतिहास रचने का मौका है। नॉर्थईस्ट युनाइटेड अगर जीतती है तो यह उसका लगातार दूसरा डूरंड कप खिताब होगा और पिछले 34 साल में कोई टीम ऐसा करने में कामयाब नहीं हुई हो। पिछली बार ईस्ट बंगाल ने 1989, 1990 और 1991 में जीत की हैट्रिक लगाई थी। वहीं पहली बार डूरंड कप खेल रही डायमंड हार्बर अगर जीतती है तो आधुनिक दौर में पदार्पण के साथ एशिया की सबसे पुरानी फुटबॉल ट्रॉफी जीतने वाली पहली टीम बन जायेगी। नॉर्थईस्ट के मुख्य कोच जुआन पेड्रो बेनाली ने कहा, 'डायमंड हार्बर ने खिताब की प्रबल दावेदार ईस्ट बंगाल को हराया है। मुझे नहीं लगता कि हमारा पलड़ा भारी है। यह फाइनल है और इसमें कोई फेवरिट नहीं होता। जो टीम मानसिक रूप से मजबूत होकर खेलेगी, वह जीतेगी।'




### शर्मा और अहलावत की बेटफ्रेड ब्रिटिश मास्टर्स में खराब शुरुआत

**सुटोन कोल्डफील्ड (इंग्लैंड):** वीर अहलावत बेटफ्रेड ब्रिटिश मास्टर्स गोल्फ के पहले दिन एक ओवर 73 के स्कोर के साथ संयुक्त 67वें स्थान पर हैं। वहीं शुभंकर शर्मा का खराब फॉर्म जारी रहा और दो ओवर 74 के स्कोर के साथ वह संयुक्त 89वें स्थान पर रहकर एक बार फिर कट में प्रवेश से चूक सकते हैं। भारतीय मूल के आरोन रॉय एक ओवर 73 के स्कोर के साथ संयुक्त 66वें स्थान पर हैं। मार्शल सियेम, मथियास श्वाब, थॉमस एकेन और हाओटोंग लि छह अंडर 66 के स्कोर के साथ शीर्ष पर हैं।

### डूरंड कप चैंपियन को पुरस्कार के तौर पर मिलेंगे रिकॉर्ड 1.21 करोड़ रुपये

**कोलकाता:** डूरंड कप के मौजूदा 134 वें सत्र के चैंपियन को 1.21 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि मिलेगी जो एशिया के इस सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट के 137 साल के इतिहास में विजेता टीम के लिए सबसे बड़ी राशि है। डूरंड कप आयोजन समिति (डीसीओसी) ने शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल की पूर्व संध्या पर इसकी घोषणा की। विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेले जाने वाले फाइनल में गत विजेता नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी का सामना प्रतियोगिता में पदार्पण कर रही डायमंड हार्बर एफ से होगा। डीसीओसी ने इस साल की शुरूआत में पुरस्कार राशि में 250 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की थी। पिछले सत्र में इस टूर्नामेंट की कुल पुरस्कार राशि 1.2 करोड़ रुपये थी। इस साल इस बढ़ाकर रिकॉर्ड तीन करोड़ रुपये कर दी गयी है। तेइस जुलाई को शुरू हुए टूर्नामेंट में 24 टीमों ने भाग लिया जिसमें से आठ टीमें नॉकआउट चरण में पहुंची। पुरस्कार राशि: चैंपियन - 1.21 करोड़ रुपये उपविजेता - 60 लाख रुपये सेमीफाइनल में हारने वाली टीमें - प्रत्येक को 25 लाख रुपये क्वार्टर फाइनल में हारने वाली टीमें - प्रत्येक को 15 लाख रुपये व्यक्तिगत पुरस्कार: गोल्डन बॉल (टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी), गोल्डन बूट (सर्वाधिक गोल स्कोरर) और गोल्डन ग्लव्स (सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर) विजेताओं को तीन-तीन लाख रुपये के साथ नयी महिंद्रा एक्सयूवी एसयूवी।

## भारत ने बांग्लादेश को हराकर सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप में लगातार दूसरी जीत दर्ज की



**थिम्पू:** भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने शुक्रवार को यहां प्रत्येक हाफ में एक एक गोल कर बांग्लादेश को 2-0 से हराकर सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। भारत ने पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा जिसमें पर्ल फर्नांडिस (14वें मिनट) और बोनिफिलिया शुलाई (76वें मिनट) ने उसके लिए गोल किए। इससे भारतीय टीम ने दो जीत से छह अंक से ग्रुप में अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया। दोनों टीमें इससे पहले एक दूसरे से चार फाइनल खेल चुकी हैं जिसमें प्रत्येक ने दो दो खिताब जीते हैं। फिर भी यह मैच एकतरफा रहा।



## टोल संचालकों को फास्टैग वार्षिक पास से नुकसान की भरपाई के लिए तीन महीने तक मिलेगा मुआवज़ा

**नयी दिल्ली:** 15 अगस्त से निजी गैर-व्यावसायिक वाहनों के लिए फास्टैग वार्षिक पास शुरू होने के कारण उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह में अंतर के लिए राजमार्ग टोल प्लाजा संचालकों को एनएचएआई से तीन महीने तक मुआवज़ा मिलेगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने एक परिपत्र में कहा कि 15 अगस्त से कार/वैन/जीप के लिए वार्षिक पास के कार्यान्वयन के क्रम में, उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह एजेंसियों के लिए एक समान मुआवज़ा तंत्र अपनाने का निर्णय लिया गया है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने वित्त वर्ष 2024-25 में 72,931 करोड़ रुपये टोल से एकत्र किए। इस सरकारी एजेंसी ने कहा, ''यह व्यवस्था मौजूदा अनुबंधों के साथ-साथ अगले तीन महीनों में आमंत्रित बोलियों के लिए भी लागू होगी। तीन महीने बाद, यानी जब प्रत्येक टोल प्लाजा पर वार्षिक पास उपयोग की जानकारी उपलब्ध होगी, बोलीदाताओं को बोली दस्तावेज़ में इन वार्षिक पास के आंकड़ों के बारे में सूचित किया जाएगा और उन्हें वार्षिक पास के लिए उचित रूप से




बोली लगाने के लिए कहा जाएगा और उसके बाद कोई मुआवजा नहीं दिया जाएगा।'' एनएचएआई ने बताया कि वार्षिक पास योजना के तहत टोल प्लाजा से गुजरने वाली कारों/वैन/जीप (गैर-व्यावसायिक वाहनों) की संख्या एनपीसीआई द्वारा आईएचएमसीएल के माध्यम से उपलब्ध कराए गए वास्तविक लेनदेन के आंकड़ों के आधार पर निर्धारित की जाएगी। फास्टैग वार्षिक पास, राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर लगभग 1,150 टोल संग्रह बूथ पर लागू है, जिससे उपयोगकर्ता 3,000 रुपये के एकमुश्त भुगतान पर एक वर्ष में 200 टोल प्लाजा पार कर सकते हैं।

# शेयर बाजार में छह दिन की तेजी के सिलसिले पर रोक, सेंसेक्स 694 अंक लुढ़का

**मुंबई:** एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भारी बिकवाली के बीच स्थानीय शेयर बाजार छह कारोबारी सत्रों की तेजी के बाद शुक्रवार को बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 694 अंक और निफ्टी में 214 अंक की गिरावट दर्ज की गई। विश्लेषकों ने कहा कि निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से भी धारणा पर असर पड़ा। निवेशकों का ध्यान जैक्सन हॉल संगोष्ठी में अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल के आगामी बयानों पर बना रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 693.86 अंक यानी 0.85 प्रतिशत गिरकर 81,306.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 708.94 अंक गिरकर 81,291.77 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 213.65 अंक यानी 0.85



प्रतिशत गिरकर 24,870.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील, आईटीसी, एचसीएल टेक, कोटक महिंद्रा बैंक, अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचडीएफसी बैंक और टेक महिंद्रा के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और सन फार्मा के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''बाजार में कारोबार की शुरुआत से ही धारणा कमजोर रही और आगे चलकर इसमें और गिरावट आई। जेरोम पावेल के संबोधन से मिलने वाले संकेतों और वैश्विक व्यापार की नई चिंताओं ने निवेशक धारणा पर असर डाला।'' इसके साथ ही दोनों शेयर बाजारों में लगातार छह दिन से जारी तेजी का सिलसिला थम गया। बीते छह कारोबारी सत्र में सेंसेक्स में 1,765 अंक यानी 2.14 प्रतिशत और निफ्टी में 596 अंक यानी 2.4 प्रतिशत की तेजी आई थी। हालांकि, साप्ताहिक स्तर पर सेंसेक्स में कुल 709.19 अंक यानी 0.87 प्रतिशत और निफ्टी में 238.8 अंक यानी 0.96 प्रतिशत की तेजी रही। लेमन मार्केट्स डेस्क के विश्लेषक गौरव गर्ग ने कहा, ''छह दिन तक बाजार में तेजी रहने के बाद सतर्कता का रुख देखा गया। इसके अलावा मुनाफावसूली हावी होने से भी बाजार में गिरावट रही। भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत अतिरिक्त अमेरिकी शुल्क 27 अगस्त से लागू होने जा रहा है जिससे बाजार पर दबाव बना है।'' बीएसई पर सूचीबद्ध 2,316 कंपनियां गिरावट के साथ बंद हुईं जबकि 1,765 शेयरों में तेजी रही और 159 अन्य अपरिवर्तित रहीं।

## ओपनएआई इस साल के अंत तक दिल्ली में अपना पहला भारतीय कार्यालय करेगा स्थापित

नयी दिल्ली: ओपनएआई की योजना इस साल के अंत में राष्ट्रीय राजधानी में अपना पहला भारतीय कार्यालय स्थापित करने की है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, यह कदम ऐसे बाजार में उसके कृत्रिम मेधा (एआई) उपकरणों की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता को रेखांकित करता है जो चैटजीपीटी के लिए अमेरिका के बाद दूसरा सबसे बड़ा एवं सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है। ओपनएआई ने कहा कि उसने भारत में आधिकारिक तौर पर एक इकाई स्थापित कर ली है। साथ ही एक समर्पित स्थानीय दल की नियुक्ति शुरू हो गई है। बयान में कहा गया कि भारत में कार्यालय खोलना भारत-एआई मिशन के लिए ओपनएआई के समर्थन और भारत के लिए एआई के निर्माण हेतु सरकार के




साथ साझेदारी करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ओपनएआई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सैम ऑल्टमैन ने कहा, 'भारत में एआई के लिए उत्साह एवं अवसर का स्तर अविश्वसनीय है। भारत में वैश्विक एआई प्रमुख बनने के लिए सभी तत्व मौजूद हैं जिसमें अद्भुत प्रौद्योगिकी प्रतिभा, विश्वस्तरीय डेवलपर परिवेश और इंडियाएआई मिशन के माध्यम से मजबूत सरकारी समर्थन शामिल है।'

## म्यूचुअल फंड योजनाओं में नई महिला निवेशकों को अतिरिक्त प्रोत्साहन देने की तैयारी: सेबी प्रमुख

**मुंबई:** बाजार नियामक सेबी म्यूचुअल फंड योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए पहली बार निवेश करने वाली महिला निवेशकों के लिए विशेष प्रोत्साहन देने की योजना पर विचार कर रहा है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शुक्रवार को भारतीय म्यूचुअल फंड संघ (एम्फी) के एक कार्यक्रम में यह जानकारी दी। पांडेय ने कहा, 'वित्तीय समावेशन तब तक पूरा नहीं होगा जब तक इसमें महिलाओं की समान भागीदारी नहीं होगी। इसलिए हम पहली बार निवेश करने वाली महिला निवेशकों के लिए अतिरिक्त वितरण प्रोत्साहन लाने पर विचार कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि सेबी म्यूचुअल फंड उद्योग को बढ़ावा देने और निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए कई कदम उठा रहा है। हाल ही में दूसरी एवं तीसरी श्रेणी के शहरों के नए व्यक्तिगत निवेशकों के निवेश पर वितरकों को प्रोत्साहन देने का प्रस्ताव रखा गया है। इससे नए प्रतिभागी जुड़ेंगे और म्यूचुअल फंड का दायरा कम प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों तक बढ़ेगा। सेबी प्रमुख ने कहा कि निवेश उत्पादों में लचीलापन और स्पष्टता लाने के साथ एक ही तरह की फंड योजनाओं में निवेश की समस्या को दूर करने के लिए म्यूचुअल फंड योजनाओं के वर्गीकरण की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में चलाई जा रही परामर्श प्रक्रिया से मिलने वाले सुझावों के आधार पर अगले कदम तय होंगे। पांडेय ने कहा, ''ये उपाय उद्योग को अधिक पारदर्शी और निवेशक अनुकूल बनाने में मददगार होंगे।'

## ऑनलाइन गेमिंग विधेयक के 'निषेध' संबंधी प्रावधान पहले लागू करने पर सरकार कर रही है विचार

**नयी दिल्ली:** आईटी सचिव एस. कृष्णन ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने और अधिसूचित होने के बाद सरकार अन्य धाराओं से पहले 'निषेध धाराओं' को लागू करने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि इस बीच कानून के अन्य प्रावधानों के लिए नियमों का मसौदा तैयार करने का काम भी शुरू हो चुका है। कृष्णन ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ साक्षात्कार में कहा कि प्रस्तावित नियम ई-स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम के प्रचार एवं विनियमन के लिए एक रूपरेखा प्रदान करेंगे। साथ ही ऑनलाइन गेमिंग विधेयक, 2025 के प्रचार एवं विनियमन में परिकल्पित नियामक प्राधिकरण का गठन भी करेंगे। संसद ने पैसे से खेले जाने वाले सभी प्रकार के खेलों पर प्रतिबंध लगाने और ई-स्पोर्ट्स एवं ऑनलाइन सोशल गेमिंग को बढ़ावा देने वाले विधेयक को बृहस्पतिवार को राज्यसभा में बिना किसी बहस के पारित कर दिया। सरकार ने जोर देकर कहा कि 'ऑनलाइन मनी गेमिंग' एक गंभीर सामाजिक और जन स्वास्थ्य समस्या बन गई है, जिसका समाज पर स्पष्ट रूप से नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। साथ ही, केंद्र सरकार ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेमिंग को बढ़ावा देने पर बल दे रही है और भारत को खेल विकास के एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहती है। कृष्णन ने कहा, 'ऑनलाइन मनी गेम के इर्द-गिर्द एक सामाजिक बुराई है, जिसे सरकार (विधेयक के माध्यम से) दूर करना चाहती है... और मुझे लगता है कि हमें उस भावना का सम्मान करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हम, 'बैकएंड' पर जो भी काम करने की जरूरत है उसे और अधिक तेजी से कर सकें।'

## न्यूज अपडेट

### विदेशी मुद्रा भंडार 1.4 अरब डॉलर बढ़कर 695.10 अरब डॉलर पर

**मुंबई:** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 15 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 1.48 अरब डॉलर बढ़कर 695.10 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.74 अरब डॉलर बढ़कर 693.61 अरब डॉलर पर था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 15 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.92 अरब डॉलर बढ़कर 585.90 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 49.3 करोड़ डॉलर घटकर 85.66 अरब डॉलर रहा। केन्द्रीय बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 4.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.78 अरब डॉलर हो गया।

### आशीष कुमार ने कोल इंडिया के निदेशक (व्यवसाय विकास) पद का कार्यभार संभाला

**कोलकाता:** आशीष कुमार ने सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के निदेशक (व्यवसाय विकास) पद का कार्यभार संभाल लिया है। सीआईएल ने बयान में कहा कि वह देबाशीष नंदा के बाद इस पद पर आसीन होने वाले दूसरे कार्यकारी हैं। नंदा जून में सेवानिवृत्त हो गए थे। निदेशक (व्यवसाय विकास) का पद जुलाई 2022 में सृजित किया गया था। नंदा इस पद पर पहली नियुक्ति थे। कुमार सीआईएल नवकर्णीय ऊर्जा लिमिटेड के निदेशक भी रहे जो अप्रैल 2021 में स्थापित एक पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है, जिसका उद्देश्य कंपनी को नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रवेश दिलाना है। कंपनी ने कहा कि सीआईएल में कुमार ने घरेलू एवं विदेशी दोनों स्तरों पर महत्वपूर्ण खनिज कारोबार में कंपनी का नेतृत्व किया है।

### रुपया 27 पैसे टूटकर 87.52 प्रति डॉलर पर

**मुंबई:** घरेलू शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच रुपया शुक्रवार को 27 पैसे टूटकर 87.52 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी पूंजी के प्रवाह और ब्रेंट क्रूड की कीमतों में गिरावट ने हालांकि घरेलू मुद्रा को निचले स्तर पर सहारा दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 87.37 पर खुला। दिन में 87.32 से 87.55 प्रति डॉलर के दायरे में कारोबार करने के बाद अंत में यह 87.52 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 27 पैसे की गिरावट है। रुपया बृहस्पतिवार को 18 पैसे की गिरावट के साथ 87.25 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

### ग्लोबटियर इन्फोटेक का आईपीओ 25 अगस्त को खुलेगा, मूल्य 72 रुपये प्रति शेयर

**मुंबई:** ग्लोबटियर इन्फोटेक ने अपने 1.02 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य 72 रुपये प्रति शेयर तय किया है। यह निर्गम 25 अगस्त को अभिदान के लिए खुलेगा। कंपनी ने बयान में कहा कि आईपीओ में 38.11 लाख नए शेयर और पांच लाख शेयर की बिक्री पेशकश का संयोजन है। निश्चित मूल्य वाला यह निर्गम 25 अगस्त को बीएसई एसएमई मंच पर अभिदान के लिए खुलेगा और 28 अगस्त को बंद होगा। इस निर्गम से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग कंपनी द्वारा अपनी कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के वित्तपोषण, ऋण चुकाने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। कंपनी का शेयर बीएसई एसएमई मंच पर सूचीबद्ध होगा।

वर्ष 10, पूर्णांक 3335 अंक 145, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in